kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-275 | रविवार, 09 नवम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



'जैन जीवनशैली में शाकाहार, पशुओं के प्रति करुणा और सतत जीवन जीने की आदत को पूरी दुनिया में पर्यावरणीय जिम्मेदारी का आदर्श माना जाता है।

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन

आर्थिक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के बिना सच्चा विकास संभव नहीं : वीके सिंह 11

इंडिगो एयरलाइंस के नाम पर फर्जी नौकरी का झांसा, 9 गिरफ्तार 12

## संक्षेप

### कम्प्यूटर आपरेटर व एसआई गोपनीय लिखित परीक्षा की उत्तर कुंजी जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस में कंप्यूटर आपरेटर व एसआई गोपनीय, एएसआई लेखा पदों के लिए हुई लिखित परीक्षा की उत्तरकुंजी शनिवार को जारी कर दी गई। बोर्ड की वेबसाइट uppbpb.gov.in पर 11 नवंबर तक आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। उत्तर प्रदेश पुलिस में आपरेटर ग्रेड-ए के पदों पर सीधी भर्ती के लिए 1 नवंबर 10 जिलों में परीक्षा हुई थी। एसआई (गोपनीय), एएसआई (लिपिक) और एएसआई (लेखा) की 2 नवंबर को परीक्षा हुई थी। बोर्ड ने उत्तरकुंजी करते हुए इस पर अपत्तियां मांगी है।

### मौलाना तौकीर रजा की जमानत अर्जी फिर खारिज

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली जिले की एक अदालत ने बरेली हिंसा के आरोपी मौलाना तौकीर रजा समेत छह आरोपियों की जमानत अर्जी को फिर खारिज कर दिया है। अपर सत्र न्यायाधीश अमृता शुक्ला ने बरेली शहर में 26 सितंबर को हुए बवाल, पुलिस पर पथराव, फायरिंग और एसिड अटैक आरोपी मौलाना तौकीर रजा समेत छह आरोपियों की जमानत फिर खारिज कर दी है। आरोपियों में दो बिहार में पूर्णिया जिला निवासी हैं। इन आरोपियों ने वकील के जरिये पहली जमानत अर्जी दी थी। न्यायाधीश ने अगली सुनवाई 11 नवंबर तय कर दी है। अपर सत्र न्यायालय बरेली ने शुक्रवार दोपहर जमानत अजी पर सुनवाई करते हुए कहा कि आरोपित जमानत मिलने पर विवेचना को प्रभावित कर सकता है। न्यायालय ने अगली सुनवाई तिथि 11 नवंबर तय कर दी है। शहर में 26 सितंबर को निषेधाज्ञा लागू होने के बावजूद मौलाना तौकीर रजा ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से नवाज बाद इस्लामिया मैदान पर जुटने का आह्वान किया था। पुलिस ने जब भीड़ को रोका तब फोर्स पर हमला कर दिया और फायरिंग हुई थी।

### बिहार चुनाव बाद यूपी में बिजली के दाम बढ़ाने की होगी कोशिश

लखनऊ। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश में फिर बिजली दर बढ़ाने और निजीकरण की कोशिश होगी। इसके लिए नियामक आयोग पर दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अंदर ही अंदर दरों में इजाफ़े और निजीकरण की कवायद जारी है। बस मुफीद समय का इंतजार किया जा रहा है। इन्हीं कोशिश में बिजली दरें घोषित करने की संवैधानिक बाध्यता की मियाद को भी तोड़ दिया गया। विद्युत अधिनियम के मुताबिक वार्षिक राजस्व आवश्यकता स्वीकार करने के 120 दिनों के भीतर नई दरें घोषित हो जानी चाहिए। यह मियाद 9 सितंबर को ही पूरी हो चुकी है। अब 180 दिन बीत चुके हैं, लेकिन दरें घोषित नहीं हुईं। देश में ऐसा कभी नहीं हुआ।

# विकसित काशी से होगा विकसित भारत का मंत्र साकार : मोदी

## रेलवे की अगली पीढ़ी की नींव तैयार कर रही हैं वंदे भारत ट्रेनें

एजेंसी



वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काशी से वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने के बाद कहा कि विकसित काशी से विकसित भारत का मंत्र साकार करने के लिए लगातार इंफ्रास्ट्रक्चर के तमाम कार्य हो रहे हैं।

श्री मोदी ने शनिवार को कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों के लिए वंदे भारत की शुरुआत हुई है। आज वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत जैसी ट्रेनें भारतीय रेलवे की अगली पीढ़ी की नींव तैयार कर रही हैं। यह भारतीय रेलवे को ट्रांसफॉर्म करने का अभियान है। वंदे भारत भारतीयों की, भारतीयों द्वारा, भारतीयों के लिए बनाई गई ट्रेन है, जिस पर हर भारतीय को गर्व है। उन्होने कहा जिन भी देशों में प्रगति और विकास हुआ है, उनके आगे बढ़ने के पीछे बहुत बड़ी शक्ति वहां के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की है। मान लीजिए कोई इलाका है, लंबे समय से वहां कोई रेल नहीं जा रही है। रेल की पटरी नहीं है, स्टेशन नहीं है। लेकिन जैसे ही वहां पटरी लग जाएगी, स्टेशन बन जाएगा, उस नगर का अपने आप विकास शुरू हो जाता है। किसी गांव के अंदर रोड ही नहीं है, सालों से लोग कच्चे मिट्टी के रास्तों से आते-जाते हैं। जैसे ही वहां रोड बन जाता है, किसानों का माल आने-जाने लगता है। विकास शुरू हो जाता है। कितने एयरपोर्ट बने, कितने स्टेशन बने। इंफ्रास्ट्रक्चर मतलब बड़े-बड़े ब्रिज, हाइवे ही नहीं होते। प्रधानमंत्री ने कहा वरना पहले ये सोचते थे कि ये हो सकता है क्या। ये तो विदेशों में होता था। हमारे देश में अब हो रहा है, हमारे देश के लोग बना रहे हैं, ये देश की ताकत है। अब तो विदेशी यात्री वंदे भारत को देखकर अचंभित होते हैं। उन्होने कहा कि भारत ने विकसित भारत के लिए अपने साधनों को श्रेष्ठ बनाने का अभियान शुरू किया है। आज काशी में अच्छे अस्पताल, अच्छी सड़कें, गैस पाइपलाइन से लेकर इंटरनेट कनेक्टिविटी की व्यवस्था का लगातार विस्तार हो रहा है। विकास भी हो रहा है और गुणवत्ता के साथ हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा ये ट्रेनें मील का पत्थर बनने जा रही हैं। हमारे भारत में सदियों से तीर्थ यात्राओं को देश की चेतना का माध्यम कहा गया है। ये यात्राएं केवल देव दर्शन का मार्ग नहीं हैं, बल्कि भारत की आत्मा को जोड़ने वाली पवित्र परंपरा हैं। अयोध्या, हरिद्वार, चित्रकूट, कुरुक्षेत्र जैसे अनगिनत तीर्थ क्षेत्र हमारी आध्यात्मिक धारा के केंद्र हैं। आज जब ये पावन धाम वंदे भारत के नेटवर्क से जुड़ रहे हैं, तो एक तरफ भारत की संस्कृति, आस्था और विकास की यात्रा को भी जोड़ने का कार्य हुआ है। ये भारत के विरासत के शहरों को देश के विकास का प्रतीक बनाने की तरफ अहम कदम है। इन यात्राओं का एक आर्थिक पहलू भी होता है, जिसकी उतनी चर्चा नहीं होती। बीते 11 वर्षों में यूपी में हुए विकास कार्यों ने तीर्थाटन को एक नए स्थान पर पहुंचा दिया है। पिछले साल बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए 11 करोड़ श्रद्धालु काशी आए थे। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद छह करोड़ से ज्यादा लोग राम लला के दर्शन कर चुके हैं। श्री मोदी ने कहा कि यूपी की अर्थव्यवस्था को इन श्रद्धालुओं ने हजारों करोड़ का लाभ पहुंचाया है। इन्होंने यूपी के होटलों, व्यापारियों, ट्रांसपोर्ट, स्थानीय कलाकारों, नाव चलाने वालों को निरंतर कमाई का अवसर दिया है। इसके कारण बनारस ● शेष पेज 11 पर

# 'प्रचंड जीत एनडीए का इंतजार कर रही'

एजेंसी



## बिहार चुनाव

❒ कर्पूरी के गांव से शुरू कर गाँधी की कर्मभूमि में समाप्त किया मोदी ने चुनाव अभियान

बेतिया। बिहार विधान सभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के अभियान की शुरुआत कर्पूरी ठाकुर के गांव से करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसका समापन शनिवार को महात्मा गाँधी की कर्मभूमि चंपारण में किया और कहा कि उनकी जनसभाओं में उमड़ी भीड़ बता रही है कि एनडीए प्रचंड जीत की तरफ बढ़ रहा है ।

श्री मोदी ने बेतिया में विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें बहुत खुशी है कि उनके चुनाव अभियान की शुरुआत जननायक कर्पूरी ठाकुर की जन्मभूमि से शुरू हुई और महात्मा गांधी की कर्मभूमि पर उसका समापन हो रहा है। उन्होने इस क्रम में चंपारण की दो विभूतियों राजकुमार शुक्ल और प्रजापति मिश्र को भी याद किया। प्रधानमंत्री ने बिहार की चंपारण और बिहार की जनता से कहा कि वैसी पार्टियों के पक्ष में मतदान से परहेज करें जो बच्चों को रंगदार बनती है और उनके मुंह से कहलाती हैं कि 'मैं रंगदार बनना चाहता हूं।' उन्होंने कहा कि यह 15 साल पहले की बात नहीं है। इसे इसी चुनाव के वीडियो में देखा और सुना जा सकता है। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार बिहार में इंजीनियरिंग कॉलेज और मेडिकल कॉलेज बना रही है और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के लोग बच्चों को रंगदारी की शिक्षा दे रहे हैं । उन्होंने कहा कि बिहार की जनता को उस मानसिकता को हराना है, जो बिहार के बच्चों के दिमाग में अपराध के बीज डाल रही हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की डबल इंजन सरकार को बच्चों के भविष्य की चिंता है। सरकार युवा पीढ़ी को आगे बढ़ाने के साथ प्रदेश का विकास चाहती है। श्री मोदी ने कहा कि दिल्ली में राजद के समर्थन से जब कांग्रेस की केंद्र में सरकार चलती थी, तो मंहगाई चरम पर पहुंच गई थी। उस समय महंगाई इतनी ज्यादा थी कि गाने बजते थे, 'महंगाई डायन खाए जात है।' ऐसे गाने उंस समय बहुत मशहूर हुए थे। उन्होंने कहा कि आज देश में वस्तु और सेवा कर (जीएसटी ) बचत उत्सव चल रहा है। रोजमर्रा के सामान जीएसटी कम होने से सस्ते हुए हैं। उन्होंने कहा कि खाने पीने के सामान साबुन, तेल, जूते, कपड़े सभी पहले से ज्यादा सस्ते हो गए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में भी स्कूटर, मोटरसाइकिल, पंखा, टीवी, फ्रिज जैसे सामानों की ● शेष पेज 11 पर

## हाईकोर्ट ने आबकारी आयुक्त से मांगा जवाब

# लोहिया संस्थान के पास कैसे खुल गई शराब की दुकान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने आबकारी आयुक्त से पूछा है कि विभूति खंड में लोहिया संस्थान के 100 मीटर से कम दायरे में शराब और बीयर की दुकान कैसे खुल गई। न्यायालय ने आबकारी आयुक्त को यह भी बताने को कहा है कि जब उक्त तथ्य उनके संज्ञान में आ गया, तब उन्होंने क्या कार्रवाई की। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवायी के लिए 14 नवंबर की तिथि नियत की है। यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर व न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने स्थानीय निवासी दिनेश यादव व अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर पारित किया।

याचियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा ने दलील दी कि लोहिया संस्थान के गेट के काफी करीब अंग्रेजी शराब व बीयर की दुकान का लाइसेंस दे दिया गया है। याचिका का राज्य सरकार की ओर से विरोध करते हुए कहा गया कि उक्त दुकान लोहिया संस्थान के गेट से 53 मीटर दूर है, लिहाजा लाइसेंस देने में कोई अवैधानिकता नहीं हुई है। इस पर याचियों के अधिवक्ता का कहना था कि उत्तर प्रदेश बनाम मनोज कुमार द्विवेदी मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने अस्पतालों से कम से कम 100 मीटर के बाहर शराब की दुकानों का लाइसेंस देने का आदेश दिया था। इस पर न्यायालय ने जवाब मांगते हुए, दुकान के अनुज्ञापी नितिन जायसवाल को भी नोटिस जारी करने का आदेश दिया है।

# संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसम्बर से, 15 बैठकें होंगी

एजेंसी



नयी दिल्ली। संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसम्बर से शुरु होकर 19 दिसम्बर तक चलेगा और इस अपेक्षाकृत संक्षिप्त सत्र के दौरान केवल 15 बैठकें होंगी। संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में शीतकालीन सत्र की घोषणा करते हुए इसके रचनात्मक और सार्थक रहने की उम्मीद जताई है।

उन्होंने कहा, '' राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक संसद का शीतकालीन सत्र बुलाने के सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। हम एक रचनात्मक और सार्थक सत्र की आशा करते हैं जो हमारे लोकतंत्र को मजबूत करेगा और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करेगा। बिहार विधानसभा चुनाव के तुरंत बाद हो रहे इस सत्र पर चुनाव परिणामों का स्पष्ट असर दिखायी देगा और जहां सरकार निर्धारित विधायी एजेन्डे को पूरा करने की भरपूर कोशिश करेगी वहीं विपक्ष विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरेगा। इस संक्षिप्त सत्र में सरकार विभिन्न समितियों के पास लंबित तीन महत्वपूर्ण विधेयकों संविधान (एक सौ तीसवां संशोधन) विधेयक 2025, संघ राज्य क्षेत्र सरकार (संशोधन) विधेयक 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2025 को पारित कराना चाहेगी। इसके अलावा अन्य विधेयकों को पारित कराने के लिए भी सरकार विपक्ष को विश्वास में लेने की कोशिश करेगी। मानसूत्र सत्र की तरह इस बार भी विपक्ष देश भर में मतदाता सूची विशेष गहन समीक्षा और हरियाणा , महाराष्ट्र तथा कर्नाटक जैसे राज्यों में चुनावों में 'अनियमितताओं' के मुद्दों पर सरकार को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। शीतकालीन सत्र की घोषणा होते ही कांग्रेस ने सरकार पर सत्र को संक्षिप्त रखकर महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा से बचने का आरोप लगाया है। पार्टी ने कहा है कि इससे जाहिर है कि सरकार के पास कोई कामकाज नहीं है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा,'' अभी-अभी घोषणा हुई है कि संसद का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलेगा। यह असामान्य रूप से विलंबित और संक्षिप्त है। यह केवल 15 कार्यदिवसों का होगा। इससे क्या संदेश दिया जा रहा है? स्पष्ट है कि सरकार के पास न तो कोई काम है, न ही कोई विधेयक पारित करने को है और न ही किसी बहस की अनुमति मिलेगी।'' गौरतलब है कि संसद के मानसून सत्र में बिहार में मतदाता सूची की विशेष गहन समीक्षा तथा आपरेशन ● शेष पेज 11 पर

### कुपवाड़ा में सेना ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दो आतंकवादियों को मार गिराया

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया है। सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी। सेना ने बताया कि सतर्क सैनिकों ने कल देर रात नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध गतिविधि देखी और घुसपैठियों को चुनौती दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। घुसपैठियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सैनिकों ने जवाबी कार्रवाई की जिसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर कहा चल रहे अभियान में सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया है। इससे पहले सेना ने कहा था कि सेक्टर में घुसपैठ की संभावित कोशिश के बारे में विशेष खुफिया जानकारी मिलने के बाद सैनिकों ने एक संयुक्त अभियान शुरू किया था। चिनार कोर ने कहा, सात नवंबर 2025 को घुसपैठ की कोशिश के संबंध में एजेंसियों से मिली विशिष्ट खुफिया जानकारी के ● शेष पेज 11 पर

# अमेरिका में 'शटडाउन' के कारण 1,000 से अधिक उड़ानें रद

एजेंसी




वाशिंगटन। अमेरिकी इतिहास में संघीय सरकार के सबसे लंबे 'शटडाउन' के दौरान हवाई यातायात नियंत्रक कर्मियों और हवाई यातायात में कमी के कारण शुक्रवार को 1,000 से अधिक अमेरिकी उड़ानों को रद्द किया गया।

अमेरिकी उड़ान ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटअवेयर ने कहा कि शुक्रवार शाम पांच बजे तक 4,309 उड़ानें लेट थीं और 1,002 को रद्द किया गया। यह घटनाक्रम अमेरिकी परिवहन विभाग और संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) द्वारा बुधवार को एक घोषणा के बाद हुआ है जिसमें कहा गया था कि संघीय सरकार शुक्रवार से 40 स्थानों पर हवाई यातायात में कमी लाएगी। एफएए द्वारा निर्धारित उड़ान निरस्त योजना के अनुसार, शुक्रवार को उड़ानों में चार प्रतिशत की कमी करने की तैयारी थी। अगले मंगलवार तक यह छह प्रतिशत, गुरुवार तक आठ प्रतिशत और शुक्रवार तक 10 प्रतिशत तक बढ़ाया जाना है। एफएए प्रशासक ब्रायन बेडफोर्ड ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि निर्धारित क्षमता में 10 प्रतिशत की कटौती ''हमारे वायु यातायात नियंत्रकों पर दबाव में कमी लाने के लिए उपयुक्त होगी और चूंकि हम कर्मचारियों की संख्या में निरंतर कमी देखेंगे इसलिए उन विशिष्ट बाजारों में अतिरिक्त उपाय किए जाएंगे। परिवहन सचिव सीन डफी ने शुक्रवार को कहा कि अगर सरकारी कामबंदी लंबा चलता है तो उड़ानों में 20 प्रतिशत तक की कटौती हो सकती है। अमेरिकी संघीय सरकार के शटडाउन के बाद से, लगभग 13,000 हवाई यातायात नियंत्रकों और लगभग 50,000 हवाई ● शेष पेज 11 पर

## कांग्रेस-राजद ने बिहार को पहचान के संकट में डाला, बिहार में अपराधी नहीं, विकास की सरकार की जरुरतः योगी

# राम-कृष्ण के बाद अब छठी माई का विरोध कर रहा महागठबंधन

एजेंसी



पूर्वी चंपारण/गयाजी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बिहार की चुनावी रैलियों में कांग्रेस, राजद, माले सहित पूरे महागठबंधन पर करारा हमला बोला। उन्होंने आपराधिक प्रवृत्ति के प्रत्याशियों को लेकर भी विपक्षी दलों को घेरा। उन्होंने कहा कि भगवान राम-कृष्ण के बाद अब यह लोग छठ माई का भी विरोध कर रहे हैं। राम का विरोध और आस्था का अपमान करने वालों को कतई वोट नहीं देना है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को तीन रैलियां कीं। मोतिहारी से भाजपा उम्मीदवार प्रमोद कुमार, पिपरा से श्यामबाबू प्रसाद यादव व अतरी से एनडीए प्रत्याशी रोमित कुमार को विधानसभा भेजने की अपील की।

पिपरा विधानसभा क्षेत्र की रैली में सीएम योगी आदित्यनाथ ने भीड़ में खड़ी उत्साहित बच्ची को मंच पर बुलाया और हाथों से बनाई गई फोटो लेकर बच्ची का हौसला बढ़ाया। एनडीए का सुशासन ही बिहार के विकास की राह योगी ने कहा कि पहले चरण के मतदान में ही यह संकेत मिल गया कि बिहार को लालटेन की धुंधली रोशनी नहीं, बल्कि एनडीए की एलईडी लाइट में जगमगाता बिहार चाहिए। 14 नवंबर को जब ईवीएम खुलेगी तो जनता का फैसला बिहार में 'फिर एक बार एनडीए सरकार होगा। यहां विकास की सारी योजनाएं हैं और निवेश वहीं आता है, जहां सुरक्षा होती है। हमने उत्तर प्रदेश में बुल्डोजर से माफिया की छाती रौंदी है। जब बुल्डोजर चलता है तो माफिया की हड्डी और पसली एक हो जाती है। बिहार को भी अपराधियों से मुक्त रखकर सुशासन की राह पर निरंतर आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि अयोध्या से सीतामढ़ी को जोड़ने वाले राम जानकी मार्ग पर 6155 करोड़ रुपये से काम शुरू हो गया है। अब गोरखपुर से सिलीगुड़ी को जोड़ने वाला एक्सप्रेसवे भी मोतिहारी होते हुए जाएगा, जो आर्थिक कॉरिडोर का काम करेगा। आस्था का अपमान करने वालों को न दें वोट योगी आदित्यनाथ ने दूसरी रैली में राजद, कांग्रेस, माले समेत महागठबंधन पर प्रहार किया। कांग्रेस राम को नकारती थी, राजद राम मंदिर निर्माण की रथ यात्रा को रोकता था, समाजवादी पार्टी रामभक्तों पर गोली चलाकर लहुलूहान करती थी। कांग्रेस और महागठबंधन वाले भगवान राम-कृष्ण के बाद अब छठ माई का भी विरोध कर रहे हैं। सीएम ने मतदाताओं से अपील की कि जो राम का विरोध और आस्था का अपमान करते हैं, उन्हें कतई वोट नहीं देना है। उन्होंने विपक्षी दलों पर प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस, राजद, माले व इनके सहयोगी अपने-अपने क्षेत्र के कुख्यात सरगना और जंगलराज के अपराधी हैं। ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान की सिट्टी-पिट्टी गुल हो गई उन्होंने अतरी विधानसभा प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत मजबूर नहीं, मजबूत राष्ट्र बना है। जो भारत की सुरक्षा में सेंध लगाएगा, वह यमराज का टिकट लेकर जाएगा। मार्च 2026 तक नक्सलवाद और माओवाद की कमर तोड़ने का संकल्प लिया गया है। उनका जहन्नुम जाने का टिकट पक्का हो चुका है। लखनऊ में बनी ब्रह्मोस मिसाइल ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जब पाकिस्तान में गिरी तो उसकी ● शेष पेज 11 पर

# जिलाधिकारी ने मेंहदौरी कॉलोनी में विशेष पुनरीक्षण कार्य का किया निरीक्षण

**मतदाता सूची के अद्यतन हेतु एसआईआर प्रक्रिया की दी जानकारी**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शनिवार को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत तहसील सदर क्षेत्र के मेंहदौरी कॉलोनी, तेलियरगंज का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां वितरित किए गए फॉर्म, बुक ए कॉल विद सहित अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया और उपस्थित नागरिकों से संवाद कर उन्हें एसआईआर (ड्रन्ड्ट) प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित बीएलओ शवा सिद्दीकी (भाग संख्या-29) से गणना प्रपत्रों के वितरण की स्थिति जानी। मौके पर अनवर नईम पुत्र नईम उद्दीन, अख्तर नईम पुत्र नईम उद्दीन, दानिश पुत्र फजर नईम, शना अनवर पुत्री अनवर नईम एवं फरहान सिद्दीकी पत्नी जफर नईम सिद्दीकी को प्रपत्रों का वितरण किया जा रहा था। जिलाधिकारी ने बीएलओ से फॉर्म भरने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज तथा डट कोड के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की जानकारी लोगों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि एसआईआर (Special Intensive Revision) एक केंद्रित एवं समयबद्ध घर-घर मतदाता सत्यापन प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटि रहित बनाना है। इस प्रक्रिया के माध्यम से नए पंजीकरण, विलोपन और संशोधन सुनिश्चित किए जाते हैं ताकि मतदाता सूची सटीक, समावेशी और पारदर्शी हो सके।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर अभिषेक सिंह, तहसीलदार सदर तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कौशांबी में महिला उत्पीड़न का मामला आया सामने पुलिस की मिलीभगत से दबंगों के हौसले बुलंद

**13 दिन से महिला थाने का लगा रही है चक्कर, पीड़िता का लड़का आर्मी मे है तैनात , वह भी कर चुका फरियाद**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज/कौशांबी। जनपद कौशाम्बी के थाना कौशांबी क्षेत्र के गोपसासा गांव में दबंगों द्वारा एक महिला को घर से खींचकर बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। पीड़िता सोनू सरोज ने आरोप लगाया है कि परिवार के ही कालका प्रसाद , ननभैया ,राम सूरत और उनके घर की महिलाओं-पुरुषों सहित करीब आधा दर्जन लोगों ने मिलकर घर में घुसकर उसकी पिटाई की। घटना के दौरान दबंगों ने गाली-गलौज और धमकी भी दी।

पीड़िता का कहना है कि जब चौकी पुलिस मौके पर जांच के लिए पहुंची, तब भी दबंग महिलाओं ने उनके सामने अपशब्द कहे, लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी रही। 5 नवंबर को दिल्ली से दबंगों बुलाने पर आए चंद्रसेन,पप्पू जिन्होंने फिर से महिला को गालियां दीं और धमकाया। विवाद का कारण खेत में लगे नलकूप को बताया जा रहा है। सोनू सरोज ने अपने खेत में नलकूप लगाया है और बिजली विभाग ने खेत के मेड़ पर खंभा लगाकर कनेक्शन दिया है।

इसी बात से ईर्ष्या रखते हुए परिजन आए दिन झगड़ा करते हैं। पीड़िता ने थाना, चौकी और एसपी कार्यालय तक तहरीर दी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।पीड़िता का बेटा सेना में महाराष्ट्र में तैनात है, उसने भी पुलिस अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई, पर सुनवाई नहीं हुई। महिला ने बताया कि उसके पास घटना की वीडियो और गाली-गलौज के सबूत मौजूद हैं। पीड़िता ने उच्च अधिकारियों से न्याय और सुरक्षा की मांग की है।

## हत्या की वारदात में मची सनसनी

प्रयागराज। खुल्दाबाद थाना क्षेत्र के अटाला चौकी अंतर्गत इमली तला में शनिवार सुबह करीब 6:30 बजे उस समय सनसनी फैल गई जब सेराज उर्फ मोछा की उसके दोस्त अयाज ने चाकू से हमला कर हत्या कर दी। सूचना मिलते ही खुल्दाबाद पुलिस और एसीपी कोतवाली रवि गुप्ता तत्काल मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड ने घटनास्थल की बारीकी से जांच की। हत्या के कारणों को लेकर पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर पड़ताल कर रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ के साथ ही इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। घटना से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है।

## थाना खुल्दाबाद का औचक निरीक्षण

प्रयागराज। पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने शनिवार को थाना खुल्दाबाद का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना कार्यालय में अभिलेखों के रख-रखाव, सीसीटीएनएस, महिला हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति केंद्र, साइबर हेल्प डेस्क, मालखाना और मेस का निरीक्षण किया। डीसीपी ने सभी संबंधित अधिकारियों को साफ-सफाई, अनुशासन और कार्यप्रणाली में सुधार के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने थाने में आने वाले प्रत्येक फरियादी के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने और शिकायतों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों को सतर्कता और पारदर्शिता के साथ ड्यूटी निभाने की हिदायत दी गई।

## मेले की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण

प्रयागराज। यमुनानगर जोन स्थित मसूरियन देवी धाम में चल रहे मेले में शनिवार को श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचीं एसीपी बारा कुंजलता। उनके साथ लालापुर थाना प्रभारी अनुभव सिंह भी मौजूद रहे। एसीपी ने मेले के मुख्य द्वार, पार्किंग स्थल, भीड़ नियंत्रण और पुलिस व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को सतर्क रहकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मेले में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या हादसे से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड और चिकित्सा टीम को भी अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया। पूरे क्षेत्र में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

## फाफामऊ में नकली सामान फैक्ट्री का भंडाफोड़

प्रयागराज। थाना फाफामऊ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक नकली सामान बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से अभियुक्त पंकज केसरवानी को गिरफ्तार कर देशी घी, तेल, नमक, टूथपेस्ट, डिटर्जेंट, शैंपू आदि ब्रांडेड कंपनियों के कूटरचित रैपर और पैक सामान जब्त किया। बरामद सामान की कीमत करीब 30 लाख रुपये बताई जा रही है। अभियुक्त से पूछताछ में खुलासा हुआ कि वह अपने साथियों के साथ मिलावटी और नकली सामान बेचकर भारी मुनाफा कमा रहा था। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## यमुनानगर में युवती की हत्या का मामला

प्रयागराज। यमुनानगर में युवती की हत्या का मामला तीसरे दिन भी सुलझ नहीं सका है। घूरपुर पुलिस और एसओजी टीम अब तक आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी है। स्थानीय लोगों में पुलिस की लापरवाही को लेकर गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यदि पुलिस ने शुरुआत से गंभीरता दिखाई होती तो आरोपियों को अब तक पकड़ लिया जाता। वहीं, थाना प्रभारी पर कार्रवाई न होने से नाराजगी और बढ़ गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जांच जारी है और जल्द ही हत्यारों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## महिला को जिंदा जलाने की कोशिश

प्रयागराज। कौंधियारा थाना क्षेत्र में एक महिला को सोते समय जिंदा जलाने का प्रयास किया गया। महिला की झोपड़ी आग में जलकर पूरी तरह राख हो गई। पीड़िता ने बताया कि चार लोगों ने रंजिश के चलते आग लगाई और उसे जान से मारने की कोशिश की। महिला दरवाजा खोलकर किसी तरह बाहर निकली, जिससे उसकी जान बच गई। झोपड़ी में रखा सारा सामान जल गया। कौंधियारा पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों की तलाश जारी है।

## चार वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का शुभारंभ

प्रयागराज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की सौगात दी। इनमें बनारस-खजुराहो वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाते हुए रवाना किया गया। ट्रेन के प्रयागराज के छिवकी स्टेशन पर पहुंचने पर मेयर सहित कई जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया। नई ट्रेनों के संचालन से विंध्याचल धाम, प्रयागराज और चित्रकूट जैसे धार्मिक स्थलों की यात्रा अब और आसान हो जाएगी। रेल अधिकारियों ने बताया कि इन ट्रेनों से क्षेत्रीय पर्यटन और रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा।

## थाना दिवस पर डीएम-एसपी ने सुनीं लोगों की शिकायतें, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

रायबरेली। थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने संयुक्त रूप से थाना गुरबख्शगंज पहुँचे और आम नागरिकों की समस्याएँ सुनीं। थाना दिवस के दौरान विभिन्न प्रकरणों में भूमि विवाद, पारिवारिक कलह, राजस्व संबंधी शिकायतें, सड़क एवं सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को चेताया कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य जनता को त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने महराजगंज कोतवाली का किया अर्धवार्षिक निरीक्षण

रायबरेली। नियोजित कार्यक्रम के तहत अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने शनिवार को दोपहर 12:20 बजे महराजगंज कोतवाली पहुंचकर अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। तो वही संजीव कुमार सिन्हा के कोतवाली पहुंचते ही कोतवाली परिसर में उपस्थित कर्मचारियों ने अपने जिले के अधिकारी को सलामी देकर स्वागत किया।निरीक्षण के दौरान एएसपी ने कोतवाली परिसर का भौतिक सत्यापन किया तथा शस्त्र अभिलेख, रोजनामचा, मालखाना रजिस्टर और अधिकारियों के आगमन-अवसान पंजिका सहित विभिन्न अभिलेखों की गहनता से जांच की। उन्होंने अभिलेखों के रखरखाव में पारदर्शिता और अद्यतन स्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए।

# 14 स्थानों से हटाया गया अवैध अतिक्रमण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद प्रयागराज में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध व्यापक अभियान लगातार जारी है। अभियान के तहत दिनांक 07 नवम्बर 2025 को सभी तहसीलों में बंजर, खलिहान, नवीन परती, चकमार्ग, तालाब व ग्राम सभा की भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने की कार्यवाही की गई। आज की कार्यवाही में जनपद के विभिन्न तहसीलों के कुल 14 स्थानों से अवैध अतिक्रमण हटाया गया।

तहसील कोरांवः ग्राम रवनिया और उदर में चकमार्ग की भूमि, ग्राम पसना में नवीन परती की भूमि, ग्राम छड़गड़ा में चकमार्ग की भूमि अतिक्रमणमुक्त।तहसील करछनाः ग्राम छरिबना में तालाब की भूमि तथा ग्राम तिलखवार में हड़ावर की भूमि मुक्त कराई गई।तहसील बाराः ग्राम जसरा में सहकारी समिति की भूमि, ग्राम सिंहपुर में चकमार्ग की भूमि, ग्राम बाराखास में भीटा की भूमि मुक्त कराई गई।तहसील हंडियाः ग्राम ईश्वरपुर में तालाब की भूमि तथा ग्राम बिराहिम में आंगनवाड़ी की भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। तहसील फूलपुरः ग्राम धमौर में चकमार्ग तथा ग्राम बजहा में नवीन परती की भूमि को अतिक्रमणमुक्त किया गया।तहसील मेजाः ग्राम सींकीकलां में नवीन परती की भूमि मुक्त कराई गई। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों व तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि अतिक्रमण संबंधी शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। साथ ही, सरकारी व ग्रामसभा भूमि का नवीन सर्वे कराकर अतिक्रमण की श्रेणियों का निर्धारण किया जाए और नियमानुसार कार्रवाई जारी रखी जाए।जिलाधिकारी ने बताया कि अब तक इस अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं और आने वाले दिनों में यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# टीईटी के खिलाफ़ 24 नवंबर को जंतर-मंतर पर जिले के शिक्षक करेंगे प्रदर्शन

**शिक्षकों से कर रहे जनसंपर्क, दिल्ली चलने के लिए कर रहे प्रेरित, 23 नवंबर को करेंगे कूच**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य किए जाने के बाद इसका विरोध अनवरत जारी है। देशभर से सरकार को भेजे गए ज्ञापन के बाद भी एनसीटीई, शिक्षा मंत्रालय और केंद्र सरकार की तरफ से कोई प्रतिक्रिया न होने के बाद अब आगे बढ़े जनांदोलन की तैयारी की जा रही है। अब दिल्ली में शिक्षक 24 नवंबर को हल्ला बोलेंगे।

दिल्ली में होने वाले विरोध प्रदर्शन को लेकर जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की तरफ से शनिवार को चक अहमदपुर स्थित विद्यालय में रणनीति बनाई गई। बता दें, देशभर के परिषदीय शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य कर दिया गया है। अब इसके खिलाफ शिक्षक दिल्ली के जंतर-मंतर पर अपनी ताकत का प्रदर्शन करेंगे। साथ ही आर-पार का लड़ाई की घोषणा भी होगी। आवश्यकता पड़ी तो संसद का घेराव भी किया जाएगा। इससे पहले शिक्षक संगठन ने व्यापक जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है।

अखिल भारतीय शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले होने वाले प्रदर्शन को मजबूती देने के लिए अनवरत प्रयास जारी है। शनिवार को बैठक में जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव ने बताया कि हम शिक्षकों से मिलकर दिल्ली चलने की बात कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के एक दर्जन शिक्षक संगठनों के प्रदेश अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों ने बैठक में दिल्ली कूच की रणनीति बनाई। शिक्षकों को चलने में कोई भी दिक्कत न हो इसके लिए बसों की भी व्यवस्था जिले से की गई हैं। जिला मुख्यालय से हम लोग 23 नवंबर को दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जनपदीय संरक्षक समर बहादुर सिंह व महामंत्री सियाराम सोनकर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता थोपे जाने के खिलाफ देश भर का शिक्षक 24 नवंबर को दिल्ली में अपनी ताकत का एहसास कराएगा। एनसीटीई जल्द इसमें संशोधन नहीं करती तो आंदोलन और व्यापक होगा। दिल्ली के प्रदर्शन के माध्यम से पूरे देश के शिक्षक अपनी बात को प्रधानमंत्री तक पहुंचाने का काम करेंगे। हम लोग भारी संख्या में जिले से प्रतिभाग भी करेंगे। इंसेट - कोषाध्यक्ष शिवशरण सिंह ने कहा कि शिक्षिकों पर थोपे गए काला कानून (टीईटी) की वजह से सभी में काफी नाराजगी है। हम किसी भी स्थिति में 23 अगस्त 2010 के पूर्व से कार्यरत शिक्षक पर इसको लागू नहीं होने देंगे।

# अकबरपुर मिर्ज़ापुर में दलित की जमीन पर कब्जे का प्रयास

**पुलिस-प्रशासन पर मिलीभगत के आरोप, गांव में तनाव**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। सदर तहसील क्षेत्र के अकबरपुर मिर्ज़ापुर गांव में दलित की पैतृक जमीन पर कब्जे को लेकर शनिवार को हड़कंप मच गया। ग्रामीणों के मुताबिक, आराजी नंबर 28 की भूमिधरी जमीन पर तहसील प्रशासन, पुलिस और भू-माफियाओं की मिलीभगत से जबरन निर्माण कराने का प्रयास किया जा रहा है।

पीड़ित रमेश पासी ने बताया कि यह उसकी 35 साल पुरानी पैतृक संपत्ति है, जिस पर पहले भी जेसीबी लगवाकर करीब 5 फुट ऊंची दीवार तोड़ी गई थी। इतना ही नहीं, उसकी जमीन पर बने कब्रिस्तान को हटाने का भी प्रयास किया गया था।रमेश का आरोप है कि उसने कई बार एसडीएम, तहसीलदार, एयरपोर्ट थाना पुलिस और डीएम प्रयागराज को शिकायत पत्र देकर कब्जा रोकने की गुहार लगाई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। उनका कहना है कि मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद तहसील प्रशासन और पुलिस भूमाफियाओं के साथ मिलकर जमीन पर कब्जा कराने में जुटी है।पीड़ित ने बताया कि उसने पहले भी आरोपितों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था, बावजूद इसके अधिकारियों ने कोई सख्त कदम नहीं उठाया। शनिवार को दोबारा लेखपाल, तहसील प्रशासन और पुलिस बल मौके पर पहुंच गए और जमीन की नापजोख शुरू कर दी। इस कार्रवाई से पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई।रमेश ने आरोप लगाया कि नेपाल सिंह, नारायण प्लाटर और सोनू प्रधान सहित कुछ भू-माफिया करोड़ों की जमीन कब्जाने के लिए अधिकारियों को हिस्सेदार बनाकर मोटी रकम दे रहे हैं।

शाम को करीब 6 बजे तीन सिपाही और एक महिला सिपाही रमेश के घर पहुंची और महिलाओं के साथ मारपीट करते हुए दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को उखाड़ ले गईं।गांव में वर्तमान में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों में प्रशासनिक मिलीभगत और भूमाफियाओं के खिलाफ भारी आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो बड़ा बवाल भड़क सकता है। पूरा मामला सदर तहसील के थाना एयरपोर्ट क्षेत्र के अकबरपुर गांव से जुड़ा है।

# सोरांव पुलिस ने नकली घी, नमक और डिटर्जेंट बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ी, 15 लाख का माल बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। थाना सोरांव पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लहटी बाजार में चल रही नकली उत्पाद बनाने की फैक्ट्री का खुलासा किया है। पुलिस ने मौके से एक अभियुक्त रामबाबू केसरवानी पुत्र स्व. राजाराम केसरवानी निवासी लहटी बाजार थाना सोरांव को गिरफ्तार किया है।

उसके कब्जे से देशी घी, नमक, डिटर्जेंट पाउडर जैसे नकली पैकशुदा सामान, विभिन्न ब्रांडेड कंपनियों के कूटरचित रैपर और पैकिंग मशीनें बरामद की गई हैं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रुपये बताई जा रही है।पुलिस के अनुसार अभियुक्त अपने बेटों गोपाल चंद्र और मुकेश चंद्र के साथ मिलकर ब्रांडेड कंपनियों के रैपर का उपयोग कर नकली व मिलावटी सामान तैयार करता था और जनता को धोखे में रखकर अधिक दामों में बेचता था।

पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि लंबे समय से यह धंधा चल रहा था।इस कार्रवाई के तहत थाना सोरांव में मुकदमा संख्या 362/2025 धारा318(4)/319(2)/338/336(3)/340(2)/274 भादंसं तथा 63/65 कॉपीराइट एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक केशव वर्मा, उपनिरीक्षक आकाश सचान, हेड कांस्टेबल मुजीबुर्रहमान सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। कार्रवाई पुलिस आयुक्त व अपर पुलिस आयुक्त गंगानगर के निर्देशन तथा एसीपी सोरांव के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार फरार अन्य अभियुक्तों की तलाश जारी है।

# नायब तहसीलदार ने थाना दिवस पर एक दर्जन प्रार्थना पत्रों का किया अवलोकन

**सरकारी जमीन पर वर्षों से हुए कब्जे को बुलडोजर से गिराया**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैनी, प्रयागराज। शनिवार को नायब तहसीलदार करछना संध्या गोस्वामी ने थाना दिवस के मौके पर नैनी कोतवाली में लगातार चार घंटे मौजूद रहकर भूमि विवाद सम्बंधी एक दर्जन मामलों को सुलझाने में व्यस्त दिखीं।

इस दौरान औद्योगिक क्षेत्र नैनी स्थित मवैया वार्ड में सरकारी जमीन पर दीवार बनाकर कब्जा किए गए वर्षों पुराने निर्माण को राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंच कर बुलडोजर से ढहा दिया। डीएम के आदेश पर नायब तहसीलदार की इस कार्यवाही पर स्थानीय सम्भ्रांत लोगों ने आभार जताया। थाना दिवस में नायब तहसीलदार सुबह दस से दोपहर दो बजे तक अनवरत मामलों के निस्तारण में लगी रही। चाका नैनी में आबादी की जमीन पर रास्ता अवरूद्ध किए जाने का मामला सामने आने पर उन्होने द्विपक्षीय समझौता कराने का प्रयास किया जिसपर सोमवार को दोनों पक्ष को तहसील में बुलाया गया है। प्रार्थना पत्रों के अलावा नायब तहसीलदार मोबाइल पर मिल रही शिकायतों का भी अवलोकन तत्परता से करती रही। उन्होने बताया कि प्रदेश शासन की प्राथमिकता वाले कार्यक्रम में शामिल थाना समाधान दिवस एवं तहसील दिवस पर प्रयाराज कमिश्नरी प्रशासन का पूरा जोर विवादों को हल कराए जाने पर है। सरकारी जमीनों पर किए गए अनाधिकृत कब्जों को भी जिलाधिकारी के निर्देश पर युद्धस्तर में कब्जा मुक्त कराया जा रहा है। थाना दिवस पर उनके समक्ष ज्यादातर भूमि विवाद वाले मामले आए जिनका विधिक निस्तारण किए जाने के आदेश दिए गए।

# सहकारी एवं निजी उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर एनपीके तथा एसएसपी उर्वरक उपलब्ध : अखिलेश पाण्डेय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पाण्डेय ने जनपद के कृषक बन्धुओं को बताया है कि जनपद में कुल 160 साधन सहकारी समितियां क्रियाशील है। चालू रबी सीजन 2025 में शुक्रवार को जनपद में निजी क्षेत्र के 664 फुटकर बिक्री केन्द्रों पर 7247.40 मी. टन यूरिया एवं सहकारी क्षेत्र के 157 बिक्री केन्द्रों पर 3073 मी.टन यूरिया कुल 821 फुटकर बिक्री केन्द्रों पर 10321 मी. टन यूरिया उपलब्ध है। इसी प्रकार निजी क्षेत्र के 362 फुटकर बिक्री केन्द्रों पर 2423.50 मी.टन डीएपी एवं सहकारी क्षेत्र के 123 बिक्री केन्द्रों पर 892.30 मी. टन डीएपी कुल 485 फुटकर बिक्री केन्द्रों पर 3315.80 मी. टन डीएपी उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त फास्फ़ेटिक उर्वरक के अन्तर्गत निजी क्षेत्र के 582 फुटकर बिक्री केन्द्रों पर 5784.60 मी.टन एन.पी. के. एवं सहकारी क्षेत्र के 116 बिक्री केन्द्रों पर 1816.30 मी.टन एन.पी.के. कुल 698 फुटकर बिक्री केन्द्रों पर 7600.90 मी. टन एन.पी. के. उपलब्ध है। चालू रबी सीजन में शुक्रवार तक जनपद में डीएपी 4758.55 मी. टन, एन. पी.के.- 11172.77 मी.टन, एस.एस.पी.-1351.30 मी.टन एवं यूरिया 15360.40 मी.टन वितरण हेतु निजी व सहकारी बिक्री केन्द्रो एवं गोदामों पर उपलब्ध है।

जनपद में 01 अक्टूबर से लेकर 07 नवम्बरं तक डीएपी 7133.00 मी.टन, एन.पी.के. 5571 मी.टन, एस.एस.पी.-272.00 मी. टन एवं यूरिया 3168.00 मी. टन की बिक्री निजी व सहकारी बिक्री केन्द्रो के माध्यम से हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि बछरांवा विकास खण्ड मे 23 उर्वरक बिक्री केन्द्रो पर 185 मी. टन डीएपी, 47 केन्द्रो पर 507 मी.टन एन.पी.के. एवं 24 बिक्री केन्द्रो पर 129 मी.टन एस.एस.पी. उपलब्ध है। समितियों पर निरन्तर फास्फ़ेटिक उर्वरकों की आपूर्ति करायी जा रही है। किसान फास्फ़ेटिक उर्वरकों में डी0ए0पी0 को प्राथमिकता देते हैं।

# वोटर लिस्ट का अध्ययन करें, फर्जी वोटर पहचानें, शिकायत करें : डिप्टी सीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। वोटर लिस्ट का अध्ययन करें। अपने क्षेत्र के फर्जी वोटरों को पहचानें और उनकी शिकायत करें। व्यापक स्तर पर विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान आयोजित किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ता अभी से तैयारियों में जुट जाएं। प्रदेश में मतदाता सूची को त्रुटि-मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चल रहा है। बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं का विवरण ले रहे हैं। यह कहना है डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का, शनिवार को कैंट विधानसभा क्षेत्र के बीएलए एवं बूथ अध्यक्षों की कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि योग्य नागरिक फॉर्म भरकर अपनी नागरिकता साबित कर सकते हैं। फर्जी और घुसपैठिए मतदाताओं को वोटर लिस्ट से हटाने की प्रक्रिया शुरु हो गई है। डिप्टी सीएम ने भाजपा कार्यकर्ताओं से इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। मतदाताओं को अपनी नागरिकता साबित करने के लिए आधार कार्ड, पासपोर्ट या बिजली के बिल जैसे मान्य दस्तावेज़ जमा करने होंगे। भाजपा इस अभियान में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए पूरा सहयोग कर रही है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि भाजपा एक बड़े परिवार जैसी पार्टी है लेकिन यह किसी की पारिवारिक पार्टी नहीं है। यहां मेहनत से आप आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का उदाहरण देते हुए कहा कि वे जिलाध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक के पद पर रहे और आज देश के रक्षामंत्री हैं। डिप्टी सीएम ने कहा कि कंाग्रेस और सपा में परिवारवाद

### योग्य नागरिक फॉर्म भरकर अपनी नागरिकता साबित कर सकते हैं



चलता है। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि मध्य विधानसभा के सभी बीएलओ टू की सूची तैयार कर ली गई है घर-घर जाकर के मतदाता पुनरीक्षण करने में सहयोग प्रदान करेंगे यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि मतदाता सूची में वही नाम सम्मिलित होंगे जिन्होंने गणना प्रपत्र भरकर जमा किया है जिन लोगों का 2003 की मतदाता सूची में नाम है उनका कोई दस्तावेज नहीं देना है एक फोटो चिपका कर बी एल ओ को देना है जिनका नाम 2025 की सूची में है लेकिन 2003 की सूची में नहीं है यदि उनके पिता या माता दादा का नाम 2003 की सूची में देश में कहीं भी है तो वह उसकी छाया प्रति लगा दें और उसको कोई दस्तावेज नहीं देना है यदि 2025 की मतदाता सूची में नाम है 2003 की मतदाता सूची में उसका माता-पिता दादा का नाम नहीं है तो उसकी फोटो युक्त दस्तावेज देना होगा । यदि आपका नाम किसी दूसरे बूथ पर शहर में है तो जहां पर नाम है वहां के बीएलओ को नाम कटवाने का फॉर्म साथ भरकर दीजिए वह उसकी रसीद लीजिए वह रसीद आप वर्तमान में जहां रह रहे हैं वहां बूथ को फॉर्म 6 के साथ दीजिए तो आपका नाम मतदाता सूची में जुड़ जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुरेश तिवारी, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान के संयोजक मान सिंह, विनायक पांडे, अनुराग साहू, राकेश श्रीवास्तव, महानगर उपाध्यक्ष अशोक तिवारी, चेयरमेन, जिला सहकारी बैंक हरशरण लाल गुप्ता, नगर मंत्री लखविंदर पाल सिंह, नगर मंत्री योगेंद्र पटेल, नगर संयोजक चेतन बिष्ट, पार्षदगण नरेंद्र पाल, संदीप यादव, संतोष धानुक, गिरीश मिश्रा, बबलू मिश्रा, श्रवण नायक, पीयूष दीवान, आशीष हितैषी, सुशील तिवारी, राजू गांधी, आदर्श मिश्रा, मंडल अध्यक्षगण महेंद्र राजपूत, राजन वर्मा, मानस बाहरी, रूपा देवी एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# अरुण यादव बने उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग स्टेनो ग्राफर्स संघ के अध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग स्टेनोग्राफर्स संघ का बहुप्रतीक्षित निर्वाचन आज सम्पन्न हो गया। यह चुनाव मुख्यालय एवं क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों में तैनात स्टेनोग्राफर्स, व्यक्तिगत सहायकों द्वारा लोकतांत्रिक प्रक्रिया से कराया गया। चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और शासन द्वारा मान्यता प्राप्त सेवा संघों के निर्देशानुसार पूरी पारदर्शिता से परिणाम घोषित किए गए।

नवगठित कार्यकारिणी में अरुण यादव को प्रदेश अध्यक्ष, अमनोद कुमार को प्रदेश महामंत्री, साजिद हसन को प्रदेश उपाध्यक्ष, मोहम्मद सरार हाशमी को प्रदेश सचिव तथा सी.पी. कालन को प्रदेश कोषाध्यक्ष चुना गया है। नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने संघ के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने, सदस्यों की समस्याओं के समाधान तथा विभागीय कार्यों में पारदर्शिता बढ़ाने का संकल्प लिया है। संघ के महामंत्री अमनोद कुमार और अध्यक्ष अरुण यादव ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नई कार्यकारिणी पूरी निष्ठा और एकजुटता के साथ कर्मचारियों के हितों की रक्षा करेगी।

## पुलिस ने स्कूली बच्चों संग निकाली यातायात जागरूकता रैली



मोहनलालगंज, लखनऊ । यातायात माह के अंतर्गत मोहनलालगंज पुलिस ने नवजीवन इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं के साथ जागरूकता रैली का आयोजन किया।एसीपी विकास कुमार पांडेय व इन्स्पेक्टर डी.के. सिंह ने शनिवार को स्कूली बच्चों के संग यातायात जागरूकता रैली को थाना परिसर से रवाना किया। रैली में नवजीवन इंटर कॉलेज के लगभग 500 छात्र-छात्राएं अपने हाथों में स्लोगन व पोस्टर लेकर रैली के दौरान सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन करने के नारे लगाते हुए यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया।मोहनलालगंज कस्बे के हाईवे और उससे संबंधित मार्गों पर यातायात की जागरूकता के लिए निकाली गई वही नवजीवन इंटर कॉलेज परिसर में रैली के समापन पर एसीपी ने सभी छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के पालन करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा, सहायता नंबरों और आत्मविश्वास से जुड़ी जानकारी देने के साथ,साइबर अपराध , ऑनलाइन फ्रॉड, गेमिंग ठगी, सोशल मीडिया सुरक्षा एवं साइबर हेल्पलाइन की जानकारी दी गई। एसीपी विकास पांडे ने बताया कि इस यातायात जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में सुरक्षित यातायात, महिला सशक्तिकरण व साइबर सतर्कता की भावना को विकसित करना है।

## विद्यामंदिर क्लासेस संस्था ने लखनऊ में किया अपने नए कॉर्पोरेट सेंटर का शुभारंभ



लखनऊ । विद्यामंदिर क्लासेस संस्था ने लखनऊ में अपने नए कॉर्पोरेट सेंटर का शुभारंभ किया है। सह संस्थापक मनमोहन गुप्ता ने नए केंद्र का उद्घाटन करते हुए वीआईक्यू प्लस एक प्रवेश सह छात्रवृत्ति परीक्षा लॉन्च की। इस परीक्षा की तिथियाँ 16 और 23 नवम्बर 2025 निर्धारित की गई हैं। छात्र इस परीक्षा के लिए वीएमसी के निकटतम ऑफलाइन केंद्रों पर जाकर या ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। इस मौके पर सह संस्थापक मनमोहन गुप्ता और संदीप मेहता, सेंटर बिजनेस हेड आयुष सक्सेना, वरिष्ठ प्रबंधक शशि कुमार तथा वीएमसी कॉर्पोरेट टीम लखनऊ मौजूद रही।

## पुरानी रंजिश को लेकर मारा पीटा मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज लखनऊ। पुराने विवाद को लेकर खेत जा रहे युवक को पड़ोसी ने लाठी डंडों से मारा पीटा और जान माल की धमकी दी पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कार्यवाही शुरू कर दी है मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पचौरी हुलास खेड़ा निवासी राजकुमार ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि शुक्रवार की सुबह वह अपने खेत जा रहा था तभी पुरानी रंजिस के चलते विपक्षी कमलेश प्रार्थी के साथ गाली गलौज करने लगा प्रार्थी ने मना किया तो विपक्षी कमलेश प्रार्थी को मारने पीटने लगा जिससे मुझे काफी चोटे आई है वही शोरगुल सुनकर ग्रामीणों को आता देख विपक्षी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गया जिससे मुझे जान माल का खतरा बना हुआ है । इंस्पेक्टर डीके सिंह ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर नामजद मुकदमा दर्ज कार्यवाही की जा रही है।

## 20 नगराम थाने में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित

नगराम , लखनऊ। नगराम थाने में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 11 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 4 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि अन्य मामलों में जांच के आदेश दिए गए।समाधान दिवस की अध्यक्षता थानाध्यक्ष विवेक कुमार चौधरी ने की। इस दौरान राजस्व निरीक्षक कानूनगो नजमुद्दीन मौजूद रहे। प्राप्त शिकायतों में कुबहरा निवासी महादेव पुत्र ईश्वरी ने रास्ते के विवाद को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी, इसके अतिरिक्त, अमवा मुर्तजा निवासी शिवकुमार पुत्र राम औतार ने सरकारी नाली विवाद संबंधी शिकायती पत्र दिया, जिस पर जांच के आदेश दिए गए। अन्य शिकायतें संबंधित अधिकारियों को दिया गया। राजस्व अधिकारियों में राजस्व निरीक्षक कानूनगो नजमुद्दीन और क्षेत्रीय लेखपाल मौजूद रहे।

# खुर्रम बिल्डर के अपार्टमेंट समेत 20 अवैध निर्माण सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । एलडीए ने नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख़्ती दिखाते हुए शनिवार को शहर के अलग-अलग इलाकों में 20 अवैध निर्माणों को सील कर दिया। कार्रवाई एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-5 की टीम ने की।

जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि महानगर सेक्टर-बी में भूखंड संख्या सी-362 पर राहुल मिश्रा, विनोद कुमार, अनिमेश, हरीश कुमार, प्रमोद मिश्रा और खुर्रम बिल्डर द्वारा लगभग 5,000 वर्गफीट ज़मीन पर बिना अनुमति के अपार्टमेंट बनाया जा रहा था। अदालत के आदेश के बाद इस निर्माण को सील कर दिया गया। इसी तरह गुड़म्बा क्षेत्र में कुर्सी रोड, पलका चौराहे के पास फरहान और मोहम्मद लईक द्वारा दो जगहों पर व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स बनाए जा रहे थे। दोनों अवैध निर्माणों पर भी सील लगा दी गई। चिनहट क्षेत्र में उमाकांत बिल्डर द्वारा देवा रोड, ग्राम नौबस्ता कला स्थित द वुड अपार्टमेंट और बीसीसी ग्रीन के पास लगभग 100-100 वर्गमीटर क्षेत्रफल में 14 रो-हाउस बनवाए जा रहे थे। वहीं, फहीम और अन्य लोगों द्वारा अयोध्या हाईवे पर दो मंजिला कॉम्प्लेक्स तैयार किया जा रहा था। इसके अलावा मोहम्मद शान द्वारा इंदिरा नगर के अबरार नगर में लगभग 4,000 वर्गफीट और हंजला बिल्डर द्वारा सर्वोदय नगर में लगभग 2,500 वर्गफीट ज़मीन पर बहुमंजिला अपार्टमेंट बनाए जा रहे थे। जोनल अधिकारी ने बताया कि एलडीए से नक्शा पास कराए बिना बनाए जा रहे इन सभी निर्माणों को नियमानुसार सील कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि आगे भी बिना अनुमति के निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# दुर्घटना में पति की मौत, पत्नी ट्रामा सेंटर में भर्ती

### मृतक छोटी बहन के इंगेजमेंट कार्यक्रम में अमेठी जा रहा था

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । गोसाईगंज क्षेत्र कोड़रा गांव में काजी खेड़ा मोड़ के पास शनिवार को तेज रफ़्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दंपत्ति को टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक चला रहे पति की मौत हो गई जबकि पत्नी गंभीर रूप घायल हो गई जिसे ट्रामा 2 में भर्ती कराया गया है।

मूल रूप से पटवन टोला अमेठी के रहने वाले सईद (55)जानकारी के अनुसार इस समय चिनहट क्षेत्र में रह रहे थे। जो शनिवार बाइक से पत्नी के साथ अमेठी में आयोजित छोटी बहन की इंगेजमेंट में आ रहे थे। अभी वह कोड़रा गांव में स्थित काजीखेड़ा मोड़ के पास पहंचे थे तभी पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे पति पत्नी दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इंस्पेक्टर गोसाईगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोसाईगंज भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने पति सईद को मृत घोषित कर दिया। और पत्नी उजमा की हालत गंभीर देख उसे ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया जिसका ट्रामा 2 में इलाज चल रहा है। मृतक सिंचाई विभाग सहित अन्य कई विभागों में ठेकेदारी करते थे।

### छोटी बहन की इंगेजमेंट में जा रहे थे मृतक

मृतक सईद के तीन अन्य भाई व तीन बहने है जिनमें से सबसे छोटी बहन की शनिवार को इंगेजमेंट में थी। उसी की पार्टी में शामिल होने के लिए सईद व उनकी पत्नी अमेठी आ रहे थे। लेकिन पार्टी में पहुंचने से पहले ही यह हादसा हो गया।जिसके चलते होने वाली बहन को इंगेजमेंट की पार्टी की खुशियां मातम में बदल गई।

# आलमनगर वार्ड में किया गया सड़क का लोकार्पण, जनता में खुशी की लहर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने भारत सरकार रक्षामंत्री एवं लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह की प्रेरणा से पश्चिम विधानसभा के आलमनगर वार्ड में जलालपुर संतोषी माता मंदिर वाली सड़क लंबाई लगभग 300 मीटर का लोकार्पण किया गया।लखनऊ महानगर अध्यक्ष ने कहा कि लखनऊ में चौमुखी विकास तेज गति से किया जा रहा है सभी वार्डो में आवश्यकता अनुसार निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं लखनऊ महानगर में 105 किलोमीटर आउटर रिंग रोड, अत्याधुनिक गोमती नगर स्टेशन, अमौसी का टी3 टर्मिनल, एक दर्जन से अधिक फ्लाईओवर का कार्य किया जा चुका है और एक दर्जन से अधिक फ्लाईओवर के काम पाइपलाइन में चल रहे हैं उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी एवं राज्य की योगी की सरकार के कारण ही स्वर्णिम विकास कार्य किया जा रहा है।उक्त अवसर पर पार्षद रेखा सिंह, पूर्व पार्षद नागेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष सोमेंद्र, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरविंद मिश्रा, विवेक श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, देवेश मिश्रा, अंकित उपाध्याय एवम अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे

# साहिफ़-ए-सज्जादिया कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन

### इस साल भी हर बार की तरह 15 जमादीउल अव्वल की तारीख़ पर यह परंपरा कायम रही

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । इदार-ए-मक़सद-ए-हुसैनी के बैनर तले पुराने लखनऊ के कश्मीरी मोहल्ला स्थित मक़सद-ए-हुसैनी लाइब्रेरी में साहिफ़-ए-सज्जादिया कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम इमाम ज़ैनुल आबिदीन (अ.स.) के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ।

इस साल भी हर बार की तरह 15 जमादीउल अव्वल की तारीख़ पर यह परंपरा कायम रही। कार्यक्रम में ईरान से आए आगा रेज़ाई, प्रतिष्ठित धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद,मौलाना रज़ा हुसैन सहित कई उलमा-ए-किराम ने शिरकत की। उलमा ने अपने खुत्बों में इमाम ज़ैनुल आबिदीन (अ.स.) के इबादत भरे जीवन, उनके बेहतरीन अख़लाक़, इंसानियत के पैग़ाम और उनकी दुआओं के मशहूर संग्रह साहिफ़-ए-सज्जादिया की रोशन मिसालों पर विस्तार से बयान किया। अपने वक्तव्य में मौलाना रज़ा हुसैन ने कहा कि साहिफ़-ए-सज्जादिया सिर्फ दुआओं की किताब नहीं है, बल्कि यह इंसानी समाज की रहनुमाई का मुकम्मल दस्तावेज़ है, जिसमें सब्र,शुक्र, इंसाफ़ और अल्लाह से गहरा जुड़ाव का पैग़ाम मिलता है। कॉन्फ्रेंस के दौरान मौजूद अकीदतमंदों ने उलमा के बयानात को बड़ी तवज्जो के साथ सुना। माहौल रूहानियत, खलूस और इत्तेहाद का प्रतीक नज़र आया। कार्यक्रम के अंत में मुल्क की तरक़्क़ी, अमन, भाईचारे और इंसानियत की फ़रोग़ के लिए दुआ की गई।

# चिनहट थाना प्रभारी का हुआ सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चिनहट लखनऊ। दुर्गा पूजा रामलीला दीपावली छठ पूजा कार्तिक मेला त्योहारों को धूमधाम से सकुशल संपन्न कराने के लिए इंस्पेक्टर चिनहट का हुआ सम्मान।

चिनहट शहरी क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष कमल पांडेय द्वारा शाल ओढ़ाकर पुष्प माला प्रभु श्री राम का प्रतीक चित्र एवं हनुमान जी का प्रतीक चित्र देकर इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्र को किया गया सम्मानित।

## सिविल सर्विसेज की तैयारी करने वाली बहादुर बेटी ने की खुदकुशी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चिनहट लखनऊ। चिनहट क्षेत्र के कंचनपुर मटियारी गांव स्थित पीतांबरा बाजार निवासी संजय कुमार अपने परिवार के साथ रहते हैं। बताया जा रहा है कि रोज की तरह शुक्रवार रात वह और परिवार के अन्य लोगों के साथ सो रहे थे। शनिवार को परिवार के सभी लोग जग गए, लेकिन संजय कुमार की 24 वर्षीय बेटी सोकर नहीं उठी। घरवालों ने कमरे के पास जाकर आवाज दी, लेकिन कोई जवाब न मिलने पर खिड़की से झांक कर देखा तो उनके होश उड़ गए। यह माजरा देख संजय कुमार ने इसकी सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा व उपनिरीक्षक दीपक कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घरवालों की मदद से कमरे का दरवाजा तोड़वाकर भीतर दाखिल हुए तो देखा कि सिविल सर्विसेज की तैयारी करने वाली लड़की का शव पंखे के कुंडे में दुपट्टा के सहारे लटक रहा था। सिविल सर्विसेज की तैयारी करने वाली बहादुर बेटी ने यह कदम क्यों उठाया यह सवाल फिलहाल हर किसी को बेचैन कर रहा है। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक मौके से कोई सुसाइड नोट न मिलने से जान देने की वजह साफ नहीं हो सकी। इंस्पेक्टर के मुताबिक मामले की गहनता से छानबीन की जा रही है।

# समीक्षा अधिकारी के घर हुई चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

### एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा के अनुसार प्रतापगढ़ निवासी अरुण यादव पंजाब में कार्यरत हैं, जबकि उनकी पत्नी लखनऊ में समीक्षा अधिकारी है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनीनगर । बिजनौर थाना क्षेत्र में समीक्षा अधिकारी के बंद मकान में हुई लाखों की चोरी का शनिवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से चोरी में इस्तेमाल कार, नगदी और गहने बरामद किए गए हैं।

एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा के अनुसार प्रतापगढ़ निवासी अरुण यादव पंजाब में कार्यरत हैं, जबकि उनकी पत्नी लखनऊ में समीक्षा अधिकारी हैं। अरुण यादव 18 अक्टूबर को ओमेक्स सिटी स्थित अपने घर पर ताला लगाकर परिवार सहित पैतृक गांव प्रतापगढ़ गए थे।23 अक्टूबर की शाम लौटने पर उन्होंने देखा कि घर की खिड़की, ग्रिल और कैमरे टूटे हुए थे। अलमारी से करीब 20 लाख रुपये नकद और गहने गायब थे। अरुण की शिकायत पर बिजनौर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।शनिवार सुबह मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने न्यू गुड़ौरा अंडरपास से दो युवकों को एक हुंडई ऑरा कार सहित गिरफ्तार किया। पूछताछ में उन्होंने अपनी पहचान आशियाना के औरंगाबाद खालसा स्थित ख्वाजापुर निवासी संदीप कुमार रावत और मोनू रावत के रूप में बताई।पुलिस को उनकी निशानदेही पर 46,500 रुपए नकद, एक सोने की चेन, दो चांदी के ब्रेसलेट, चार बच्चों के कड़े, एक चांदी का सिक्का और एक जोड़ी पायल बरामद हुई।

एसीपी के अनुसार, संदीप के खिलाफ आशियाना, गाजीपुर और पीजीआई थानों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और वह पहले भी जेल जा चुका है। जांच में पता चला कि मोनू की पत्नी राधिका ओमेक्स सिटी में झाड़ू-पोछा का काम करती है। उसी के जरिए मोनू को बंद मकान की जानकारी मिली, जिसके बाद दोनों ने मिलकर चोरी की योजना बनाई थी। चोरी की गई शेष ज्वेलरी और रुपए लेकर संदीप की पत्नी राजकुमारी फरार है। पुलिस दोनों महिलाओं की तलाश कर रही है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# डीएम ने महमूदाबाद सीएचसी का किया निरीक्षण डेंटिस्ट और बीपीएम का वेतन काटने के दिए आदेश

**निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार लाने के दिये निर्देश, लापरवाह अन्य कर्मियों पर हुई कार्यवाही**



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने महमूदाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पुरूष एवं महिला चिकित्सालयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, ओ0पी0डी0, आई0 पी0 डी0, महिला वार्ड, लेबर रूम, पैथॉलोजी, आयुष्मान वार्ड, होम्योपैथिक विभाग आदि का गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि शासन की मंशानुरूप क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। चिकित्सालय में आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये तथा अवस्थापना सुविधाओं में सुधार किया जाये। शौचालय सहित अन्य सभी स्थलों पर सफाई का समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये।जिलाधिकारी ने चिकित्साधिकारी डेंटिस्ट नीतू का आज का वेतन काटे जाने के निर्देश दिये। बी0पी0एम0 अंजली सिंह का 15 दिन का वेतन काटे जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक निरन्तर भ्रमणशील रहें, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि बेडशीट नियमित रूप से बदलवायी जाये। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित यूनीफार्म में रहें। डिलीवरी रजिस्टर का पूरा विवरण दर्ज कराया जाये तथा जन्म पंजीकरण प्रमाण-पत्र डिस्चार्ज के समय ही उनके परिवारजन को दे दिया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों एवं कर्मिकों का विवरण सभी वार्डों में चस्पा किया जाये।

महिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सी0बी0सी0 मशीन, चिकित्सक कक्ष, लेबर रूम, फार्मासिस्ट कक्ष आदि का गहनतापूर्वक निरीक्षण किया तथा चिकित्सालय में मिल रही सेवाओं के विषय में मरीजों से वार्ता कर फीडबैक भी लिया। लेबर रूप रजिस्टर एवं पैथॉलाजी कक्ष के निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं को देखा एवं निर्देश दिये कि रिपोर्ट आने में लगने वाले समय का विवरण प्रदर्शित किया जाये।निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# अवैध तमंचा फैक्ट्री का खुलासा, एक गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार व उपकरण बरामद

**पुलिस टीम ने दो दो चालू तमंचे, चार अधबने तमंचे, चार जिंदा कारतूस, तमंचा बनाने के उपकरण, सामग्री, एक एंड्रॉयड स्मार्टफोन और 1910 रूपए नगद बरामद किए**



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

शाहजहांपुर । थाना कोतवाली पुलिस ने अवैध तमंचा फैक्ट्री का खुलासा करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया और मौके से दो चालू तमंचे, चार अधबने तमंचे, चार जिंदा कारतूस, तमंचा बनाने के उपकरण, सामग्री, एक एंड्रॉयड स्मार्टफोन और 1910 रूपए नगद बरामद किए।

एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि थाना कोतवाली पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर बरेली-सीतापुर हाईवे पर गौशाला तिराहे से आगे कच्चे रास्ते से अभियुक्त जालिम सिंह पुत्र स्व. कप्तान सिंह निवासी ग्राम पर्वतपुर थाना कांट को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने दो प्लास्टिक के कट्टों में रखी धौंकनी, आरी, ब्लेड, रॉड, कोयला, लोहे की कतरन, बाट, कटा हुआ तवा, लकड़ी के गुटके सहित तमंचा निर्माण में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त जालिम सिंह ने बताया कि वह परिवार का खर्च चलाने के लिए अवैध तमंचे बनाकर जनपद व जनपद के बाहर बेचता था। वह दिन में स्थान चिन्हित कर रात में तमंचे बनाता है, ताकि पुलिस अथवा किसी और को भनक न लगे। बताया कि पकड़ी गई सामग्री से वह करीब 12S15 तमंचे और बनाता तथा बेचता, उसे प्रति तमंचा 5 से 6 हजार रुपये तक मिल जाते। एसपी ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेजा जा रहा है। कोतवाली पुलिस अभियुक्त के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अश्विनी कुमार सिंह के साथ उप निरीक्षक सुशांत रावत, नितिन मलिक, कांस्टेबल महेंद्र प्रताप सिंह, गवेंद्र कुमार, रोहित कुमार, सोनू सिंह आदि मौजूद रहे।

# सीमांत गांवों में सौर ऊर्ज़ा की रोशनी बिखेरने की तैयारी

**डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर टाटा पावर-टाटा कैपिटल टीम ने की संभावनाओं पर चर्चा**



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर खीरी । अब सीमांत और वनांचल के गांवों में भी सौर ऊर्ज़ा की रोशनी बिखरने जा रही है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर टाटा पावर और टाटा कैपिटल की ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया फाउंडेशन की सीनियर मैनेजमेंट टीम शुक्रवार को लखीमपुर पहुंची।

टीम ने डीएम से मुलाकात कर माइक्रो ग्रिड इंस्टॉलेशन के जरिए सोलर ऊर्ज़ा उपलब्ध कराने की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने नेपाल सीमा से सटे वन क्षेत्र के पास स्थित थारू जनजाति बाहुल्य गांव सुरमा और कीरतपुर में सौर ऊर्ज़ा प्लांट स्थापित कर ग्रामीणों को नियमित विद्युत आपूर्ति से जोड़ने की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि सीमांत गांवों को उजाले से जोड़ना सिर्फ बिजली की सुविधा देना नहीं, बल्कि विकास की मुख्यधारा में लाना है।डीएम ने चौगुर्जी गांव में भी सोलर प्लांट लगाने का सुझाव देते हुए निर्देश दिया कि ऐसे स्थानों को प्राथमिकता दी जाए जहां अधिकतम ग्रामीणों को लाभ मिल सके। उनके निर्देश पर टाटा पावर-टाटा कैपिटल टीम ने सुरमा और कीरतपुर गांव का स्थलीय निरीक्षण भी किया और प्रोजेक्ट साइट की संभावनाओं का आकलन किया। डीएम की दूरदृष्टि और कॉर्पोरेट साझेदारी के इस प्रयास से जल्द ही सीमांत क्षेत्रों में सौर ऊर्ज़ा क्रांति का नया अध्याय शुरू होने की उम्मीद है।

## एसपी ग्रामीण ने सुनीं समस्याएं निस्तारण के दिए निर्देश

शाहजहांपुर। एसपी के निर्देशन में जनपद के सभी थानों पर समाधान दिवस आयोजित हुआ और लोगों की समस्याओं को सुना गया और उसका निस्तारण करने के निर्देश संबंधित को दिए गए। इसी क्रम में एसपी ग्रामीण भंवरे दीक्षा अरूण ने थाना सिंधौली में लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को दिए। इस दौरान एसपी ग्रामीण ने शिकायतकर्ताओं से बातचीत की और उन्हें भरोसा दिलाया कि उनकी हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इसके बाद एसपी ग्रामीण ने थाना कार्यालय, अभिलेख कक्ष, आगुंतक रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क और थाने के विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ सफाई, अभिलेख संधारण, शिकायत निस्तारण और थाना परिसर की समग्र कार्यप्रणाली का अवलोकन कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुनीं जनसमस्याएँ

**शिकायतों के त्वरित, न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश**

**उपजिलाधिकारी महमूदाबाद व पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित अधिकारी रहे मौजूद**



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर । सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने थाना रामपुरमथुरा में जनसुनवाई की।

उन्होंने शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर इनका त्वरित, न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये। राजस्व विवादों के शांतिपूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आपसी विवाद के प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। संवेदनशील प्रकरणों में नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये। महिला सम्बन्धी अपराधों, भूमि विवाद, अवैध कब्जे आदि से सम्बन्धित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। थाना समाधान दिवस से संबंधित रजिस्टर में शिकायत के निस्तारण से सम्बन्धित संपूर्ण विवरण दर्ज किया जाये तथा समस्त संबंधित अभिलेख अद्यतन रखे जाए। इस दौरान उपजिलाधिकारी महमूदाबाद बालकृष्ण सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# 20 दिनों बाद भी लाल्हनपुर गांव में हुए गोली कांड का नहीं हुआ खुलासा

**आरोपियों की अभी तक पहचान नहीं कर पाई नीमगांव पुलिस**



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर खीरी । जिले के नीमगांव थाना क्षेत्र के गांव लाल्हनपुर में विगत 18 अक्टूबर दिन शनिवार की शाम उस वक्त गांव में सनसनी फैल गई थी जब एक युवक को अज्ञात बाइक सवारों ने फायर झोंक दी थी,जिसमें गोली युवक के जांघ में जा दशी थी,युवक लहूलुहान हो गया था और वहीं जमीन पर गिर गया था,युवक की हालत गंभीर होने के कारण आनन फानन में उसे उपचार के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया था जहां उसका इलाज चल रहा था।वहीं घटना की सूचना मिलते ही नीमगांव पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी थी।घायल युवक की पहचान नमनेश चौहान (22 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय सुरेश चौहान निवासी लाल्हनपुर थाना नीमगांव के रूप में हुई थी। जानकारी के मुताबिक,नमनेश अपने घर के बाहर मेन रोड के किनारे खड़ा बात कर रहा था, तभी अज्ञात बाइक सवारों ने नमनेश को गोली मारी थी,गोली लगते ही युवक जमीन पर गिर पड़ा और मौके पर अफरातफरी मच गई। आसपास के लोग इकट्ठे हो गए और बाइक सवार घटना को अंजाम देते हुए घटना स्थल से भाग निकले थे।*पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर खून के नमूने और कारतूस के खोखे कब्जे में लिए थें।*पुलिस को प्रथम दृष्टिता में शादी को लेकर विवाद का मामला प्रकाश में आना बताया था।

**घटना के बाद बरामद हुआ था अवैध असलहा**

वहीं विगत रविवार को घटनास्थल से 20 मीटर दूर एक अवैध तमंचा और कारतूस भी पुलिस को बरामद किया गया था, पुलिस ने पूछताछ के लिए एक महिला को भी हिरासत में लिया था, पुलिस आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज भी खंगाली जा चुकी हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, नमनेश घटना की तारीख से एक दिन पहले शादी के लिए लड़की देखने गया था,उसी दिन लड़की वाले लालहनपुर गांव आए थे और नमनेश से किनारे बात कर रहे थे तभी गोली मारी गई थी। मीडिया को नीमगांव थाना प्रभारी आदित्य कुमार मौर्य ने बताया था कि घटना पुरानी रंजिश का नतीजा लग रही है, हालांकि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है,जल्द ही आरोपी की पहचान कर गिरफ्तारी की जानें की बात कही थी पर घटना को 20 दिन बीत जाने के उपरांत भी नीमगांव थाना पुलिस को कोई ठोस तथ्य नहीं जुटा पाई है।हालांकि नीमगांव थाना क्षेत्र में पहले से ही नरकंकाल मामला खुलासे की राह देख रहा।

# वंदे भारत एक्सप्रेस का स्टॉपेज शुरू,एसपी व जनप्रतिनिधियों ने दिखाई हरी झंडी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। सहारनपुर से लखनऊ जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का शाहजहांपुर में स्टॉपेज शुरू हो गया है। शनिवार को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को पहली बार शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर ठहराव मिला। इस अवसर पर शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी सहित पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, महापौर अर्चना वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा आदि के अलावा तमाम जनप्रतिनिधि, क्षेत्राधिकारी नगर, रेलवे एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी आद उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान एसपी और जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर लखनऊ के लिए रवाना किया। स्टेशन पर जैसे ही ट्रेन पहुंची, यात्रियों व स्थानीय लोगों ने तालियों और उत्साह के साथ उसका स्वागत किया। इस दौरान एसपी ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन का शाहजहांपुर में ठहराव जिले के यात्रियों के लिए बड़ी सौगात है। इससे आमजन को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी और शाहजहांपुर का संपर्क प्रदेश की राजधानी सहित अन्य प्रमुख नगरों से और मजबूत होगा।

कार्यक्रम के दौरान रेलवे स्टेशन परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनज़र पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की गई थी। यातायात और भीड़-नियंत्रण के लिए संबंधित अधिकारियों को पहले ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। इस दौरान रेलवे स्टेशन परिसर में पुलिस प्रशासन, रेलवे सुरक्षा बल, नगर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय मौजूदगी रही।

## एसपी सीतापुर ने थाना रामपुर मथुरा का किया आकस्मिक निरीक्षण



सीतापुर । पुलिस अधीक्षक सीतापुर महोदय अंकुर अग्रवाल द्वारा थाना रामपुर मथुरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, हवालात, कम्प्यूटर कक्ष आदि एवं थाना परिसर की साफ- सफाई व थाना कार्यालयों पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को चैक किया गया, साथ ही थाना परिसर में बने मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। शासन की प्राथमिकता में शामिल मिशन शक्ति केन्द्र के क्रियान्वयन के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक रामपुर मथुरा को दिये आवश्यक दिशा निर्देश। महिला पीड़ितों को अधिक से अधिक इस केन्द्र के माध्यम से लाभ मिले। थाने पर आने वाली महिला पीड़ितो को जनसुनवाई कर उनके समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाय।

## नाहिल झील को पर्यटन स्थल के रूप में किया जाएगा विकसित, डीएम ने दिए पुनर्जीवन के निर्देश



शाहजहांपुर। डीएम ने तहसील पुवायां क्षेत्र के गांव नाहिल स्थित ऐतिहासिक नाहिल झील का निरीक्षण किया और इसके पुनर्जीवन एवं पर्यटन विकास के लिए व्यापक कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान डीएम ने झील और उसके आस-पास की भूमि का मुआयना कर ग्रामीणों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों ने बताया कि यह झील पहले नीले कमल और विदेशी पक्षियों के आगमन के लिए प्रसिद्ध थी, लेकिन अब धीरे-धीरे इसका प्राकृतिक स्वरूप नष्ट होता जा रहा है। इस पर डीएम ने कहा कि नाहिल झील को उसके मूल प्राकृतिक स्वरूप में पुनः स्थापित किया जाएगा, ताकि यह क्षेत्र पुनः अपनी ऐतिहासिक व पर्यावरणीय पहचान प्राप्त कर सके। उन्होंने निर्देश दिए कि झील के सौंदर्यीकरण के साथ यहां गौ-अभ्यारण केंद्र भी स्थापित किया जाएगा, जो लगभग 5 से 7 हजार गौवंश को आश्रय देने में सक्षम होगा। कहा कि इससे निराश्रित पशुओं की समस्या का समाधान होगा और एक संतुलित पारिस्थितिक तंत्र विकसित होगा। उन्होंने कहा कि झील की भूमि पर किए गए सभी अवैध कब्जे तत्काल हटाए जाएं, अन्यथा प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा।डीएम ने बताया कि आगामी छह माह के भीतर नाहिल झील को एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों को सहभागिता योजना की जानकारी दी और कहा कि जो पशुपालक दूध न देने वाली गायों को सड़कों पर छोड़ देते हैं, वे ऐसा न करें। सरकार द्वारा ऐसी गायों की देखभाल के लिए 1500 प्रति माह की सहायता राशि दी जाती है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी पुवायां चित्रा निर्वाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## जिला गन्ना अधिकारी के आदेश के बाद भी नहीं थमी गन्ना उतराई की वसूली, किसानों में उबाल

सकरन, सीतापुर। जिला गन्ना अधिकारी रत्नेश त्रिपाठी के सख्त आदेशों के बावजूद विकास खंड सकरन के गन्ना क्रय केन्द्रों पर अवैध वसूली का खेल बेरोकटोक जारी है। किसानों से प्रति पर्ची ?100 तक की रकम ल्लउतराई शुल्कङ्क के नाम पर वसूली जा रही है, जिससे क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसान बेहद आक्रोशित हैं।जानकारी के मुताबिक, सुमरावां, चीतपुर, लखुआबेहड़, सकरन, दुगाना, कल्ली, पलौली, धनपुरिया सहित कई क्रय केंद्रों पर दि अवध शुगर एनर्जी लिमिटेड, हरगांव द्वारा स्थापित क्रय केंद्रों पर यह वसूली की जा रही है। किसानों ने प्रशासन से अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।किसान लवकुश कुमार ने बताया कि प्रति पर्ची ?100 वसूले जाते हैं और यह रकम कांटा इंचार्ज द्वारा ली जाती है। किसान रामकुमार ने कहा कि ल्लपिछले वर्ष 50 रुपये लिया जाता था, इस बार बढ़ाकर 100 कर दिया गया है।ङ्क वहीं मोहित वर्मा ने बताया कि ल्लजो किसान उतराई देने से मना करता है, उसकी ट्रॉली को किनारे खड़ी करवा दी जाती है, जब तक पैसा नहीं दिया जाता, गन्ना नहीं उतारा जाता।

# थाना समाधान दिवस : डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने थाना फरधान में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे, जहां उन्होंने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी।समाधान दिवस में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। डीएम-एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान नायब तहसीलदार सुनील कुमार, प्रभारी निरीक्षक सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# धौरहरा कोतवाली प्रभारी के समझाने पर माने परिजन, शव दफनाया

**भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी की मांग, परिजनों को सीएम राहत कोष से मिले 50 लाख, 5 लाख जिले के राहत कोष दिये जाये**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के किशोर पुरवा मजरा जंगलवाली निवासी रंजीत कुमार की हत्या सदर के मोहल्ला उत्तरी हाथीपुर में बृहस्पतिवार रात चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। पोस्टमार्टम के बाद जब उसका शव शुक्रवार रात शव गांव पहुंचा तो राजनैतिक दलों के कुछ पदाधिकारियों ने 50 लाख की सरकार से और जिलाधिकारी से पांच लाख की मदद तुरंत मिलने के बाद शव के अंतिम संस्कार की बात कही। पर कोतवाल के अश्वाशन के दो घंटे बाद मान गए और अंतिम संस्कार कर दिया।

धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के किशोर पुरवा जंगलवाली गांव निवासी रंजीत की बृहस्पतिवार शहर के हाथीपुर उत्तरी में चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने हत्यारोपी को भी गिरफ्तार कर लिया था। शुक्रवार रात जब रंजीत का शव उसके गांव धौरहरा क्षेत्र के किशोरपुरवा जंगलवाली पहुंचा तो वहां भीम आर्मी के जिला महासचिव दीपक जाटव? आजाद पार्टी के जिला प्रभारी सिद्धार्थ भारती अपने कुछ कार्यकर्ताओं ने मृतक के परिजनों से कुछ बात की, इसके बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। दीपक जाटव का आरोप है कि हत्या में एक से अधिक लोग सामिल है टीम बना कर जांच की जाए, साथ ही पीड़ित परिवार को सरकार 50 लाख की मदद करे और डीएम खीरी पांच लाख की सहायता तुरंत दे तब अंतिम संस्कार होगा। जिसपर प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे ने परिवार सहित राजनैतिक दलों के नेताओं को भरोसा दिलाया कि पुलिस टीम निपक्ष जांच करेगी दोषी के विरूद्ध कार्यवाही होगी। और आर्थिक सहायता के लिए आप लोग जिलाधिकारी से मिले।

जिसपर लोग सहमत हो गए। इसके बाद परिजनों ने पुलिस की मौजूदगी में शव को दफनाकर अंतिम संस्कार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे ने बताया मामले में सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस कार्यवाई कर रही है। परिजनों ने सहमति से अंतिम संस्कार कर दिया है। बाक्स-मृतक के सीने पर लिखा था एक लड़की का नामधौरहरा। मृतक रंजीत कुमार के सीने पर एक लड़की का नाम लिखा था। ग्रामीणों ने इधर भी पुलिस का ध्यान आकर्षित किया। जिसपर प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे ने कहा इस पर भी पुलिस जांच करेगी। जांच टीम को वीडियो भी भेज देगें।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 90 जोड़ों ने लिए सात फ़ेरे

एजेंसी

मीरजापुर। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शनिवार को जवाहर नवोदय विद्यालय पटेहराकला के खेल मैदान में भव्य मेगा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पटेहराकला और राजगढ़ विकासखंड के कुल 90 जोड़ों का सामूहिक विवाह सकुशल संपन्न हुआ। इनमें अनुसूचित जाति के 68, अन्य पिछड़ा वर्ग के 21 और सामान्य वर्ग का एक जोड़ा शामिल रहा।

कार्यक्रम में नगर विधायक रत्नाकर मिश्र, मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, मझवां विधायक शुचिस्मिता मौर्या, केंद्रीय मंत्री प्रतिनिधि, प्रदेश सचिव (अपना दल), जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन जगदीश सिंह पटेल, ब्लॉक प्रमुख, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, परियोजना निदेशक धर्मजीत सिंह एवं समाज कल्याण अधिकारी रामविलास यादव सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। सभी जनप्रतिनिधियों ने नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखद वैवाहिक जीवन की



शुभकामनाएं दीं। विधायकों ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब माता-पिता के लिए एक मील का पत्थर साबित हो रही है। कार्यक्रम में प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को ?1 लाख की सहायता राशि प्रदान की गई। इसमें 60,000 रुपये कन्या के बैंक खाते में स्थानांतरित किए जाएंगे, 25,000 रुपये की गृहस्थी सामग्री (कपड़े, बिछिया, पायल, घरेलू सामान आदि) दी गई और 15,000 रुपये कार्यक्रम आयोजन व्यय के लिए प्रदान किए गए। भव्य आयोजन के बीच पारंपरिक संगीत, हर्षोल्लास और मंगलगान के साथ सभी जोड़ों ने सात फ़ेरे लेकर वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत की।

# एसएसपी ने शहर कोतवाली में सुनी जन समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,बदायूँ द्वारा थाना कोतवाली पर थाना दिवस/समाधान दिवस पर जनता की समस्याओं को सुना गया एवं शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। शनिवार को थाना दिवस/ समाधान दिवस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,बदायूँ डॉ0 बृजेश कुमार सिंह द्वारा थाना कोतवाली पर उपस्थित रहकर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके विधिक एवं समयबद्ध निस्तारण कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया,साथ ही संबंधित अधिकारियों को जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए । महोदय द्वारा थाना दिवस / समाधान दिवस रजिस्टर चेक कर सम्बन्धित को



अद्यावधिक हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर रजनीश कुमार उपाध्याय तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली संजय कुमार सिंह व अन्य अधि0/कर्म0गण उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी द्वारा अपने-अपने थानों पर उपस्थित रहकर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण कराया जा रहा है।

# कामेश पाठक को सुनकर श्रोताओं की नहीं रुकी तालिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। पतित पावनी मां भागीरथी के पावन तट पर मेला काकोडा के पुनीत अवसर पर हार्टफुलनेस के ध्यान शिविर में मां गंगा को समर्पित एक आध्यात्मिक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन का आयोजन अवधेश राठौर युवा भाजपा नेता ग्राम दहेमी के सौजन्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर की.कवि सम्मेलन में बदायूँ जनपद के वरिष्ठ कवियों ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया। गजलकार शैलेन्द्र देव की सरस्वती वंदना के बाद कवि चंद्रपाल सरल जी ने सुनाया गंगा के पावन चरणों ने कर दिया धरा को हरा भरा, क्या कल कल करती भगीरथी सरगम तो इसकी सुनो ज़रा। बदायूँ के वरिष्ठ कवि अरविंद धवल जी ने सुनाया गंगा नदी नहीं संस्कृति है, भारत मां का प्राण है गंगा, रोग शोक भव भय इन सब से, जन मानस का तृाण है गंगा। ग्राम दहेमी से पधारे सुप्रसिद्ध गीतकार सुनील शर्मा समर्थ जी ने पढ़ा भारत की इस तपो भूमि पर देख दशा सुर सरिता की, आँखें छलक उठी होंगी, उस श्रष्टि के निर्माता की। बदायूँ के उस्ताद शायर सुरेन्द्र नाज़ ने कहा वो यमुना नर्मदा गो दावरी सतलज या नंदा हो, सभी ने सीखी बहने की अदा गंगा के पानी से। फ़क़्त मै ही नहीं ये हिंद की तारीख़ कहती है, बहुत गहरा है रिश्ता हिंद का गंगा के पानी से।बदायूँ के काव्य जगत के पुरोधा, वरिष्ठ छंदकार एवं युवा दिलों की धड़कन कामेश पाठक जी ने कुछ यों पढ़ा केवल कोरी बातों से मत गंगा का अपमान करो, गंगा जी के भक्त आज कुछ गंगा मां का ध्यान करो। शैलेन्द्र मिश्र देव ने पढ़ा कि - निर्धन या धनवान सभी को पास बुलाती है गंगा,अपने जल का अमृत देकर प्यार दिखाती है गंगा।कार्यक्रम अध्यक्षता जिलापूर्ति अधिकारी आरके मिश्रः ने की मुख्यातिथि राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता रहे. देर रात तक चले आयोजन मे अवनेश्वर सिंह पटेल,लखन सिंह, संजीव सिंह,अनुज , संतोष कुमारी, डा.रक्षपाल सिंह अमित कुमार सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा.सभी रचनाकारों का आयोजन समिति ने माला पहनाकर और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया. सफल संचालन कवि कामेश पाठक ने किया ।

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**विद्यार्थियों में खेल भावना, टीमवर्क, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना देखने को मिली।**

बबराला। डीएवी फर्टिलाइज़र पब्लिक स्कूल, इंदिरा धाम बबराला में शनिवार को अंतर्सदनीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 का भव्य आयोजन हर्षोल्लास और अनुशासनपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों में खेल भावना, टीमवर्क, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत शैक्षणिक समन्वयिका विनीता श्रीवास्तव द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ल्लखेल जीवन का आवश्यक अंग हैं, जो हमें अनुशासन, सहयोग और समर्पण की सीख देते हैं। प्रतियोगिता के दौरान 800 मीटर दौड़, शॉट पुट, लॉन्ग जंप, डिस्कस थ्रो, हाई जंप और रिले रेस जैसी विभिन्न स्पर्धाएँ आयोजित की गईं। सभी सदनों के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ हिस्सा लिया। मैदान में बच्चों का जोश और प्रतिस्पर्धा का माहौल देखते ही बनता था। कार्यक्रम के सफल संचालन में खेल विभाग एवं विद्यालय के शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विद्यालय के प्राचार्य आनंद स्वरूप सारस्वत ने अपने संबोधन में कहा कि ल्लखेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की आधारशिला हैं। ये शारीरिक स्फूर्ति के साथ आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करते हैं। विद्यालय के चेयरमैन एवं यारा फर्टिलाइज़र कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एम.एस. प्रसाद ने कहा कि ल्लखेल जीवन में एकता, सहयोग और दृढ़ता का भाव पैदा करते हैं। डीएवी फर्टिलाइज़र पब्लिक स्कूल का यह वार्षिक आयोजन विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा के साथ सौहार्द की भावना को भी प्रोत्साहित करता है। इस अवसर पर सभी सदनों के छात्र-छात्राएँ, अध्यापक, खेल विभाग के सदस्य एवं विद्यालय परिवार के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। आयोजन ने यह साबित किया कि डीएवी फर्टिलाइज़र पब्लिक स्कूल, बबराला शिक्षा के साथ-साथ खेल और व्यक्तित्व विकास के क्षेत्र में भी निरंतर अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

# मतदेय स्थल के सम्भाजन के सम्बध में राजनीतिक दलों के साथ बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में शुक्रवार को मतदेय स्थल के सम्भाजन के सम्बध में राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गई,। जिसमें भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विस्तृत कार्ययोजना तय की गई। उन्होंने आयोग के निर्देशों का अनुपालन करने के लिए कहा। मतदेय स्थलों के सम्भाजन हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित की गई समय सारणी के अनुसार कि 29 अक्टूबर से 04 नवम्बर 2025 तक मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन, पुनर्निधारण एवं नए मतदेय स्थल स्थापित करने हेतु भवनों का चिन्हांकन तथा 06 व 07 नवम्बर को मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मतदेय स्थलों के प्रस्ताव तैयार करने की कार्यवाही पर कार्य किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 10 नवम्बर को आपत्तियों एवं सुझावों हेतु मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची का प्रकाशन होगा। 10 नवम्बर को ही मतदेय स्थलों की आलेख सूची को मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया जाएगा। 18 नवम्बर को वर्तमान संसद सदस्यों, विधानसभा सदस्यों तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठकों के आयोजन के पश्चात शिकायतों एवं सुझावों के निस्तारण के बाद सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 19 से 21 नवम्बर तक संलग्नकों सहित मतदेय स्थलों का प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को आयोग के अनुमोदनार्थ भेजने हेतु उपलब्ध कराया जाएगा। 24 नवम्बर को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा सम्भाजन संबंधी प्रस्ताव आयोग के अनमोदनार्थ प्रेषित किए जाएंगे। इस अवसर पर सम्बंधित अधिकारी व मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक की देखरेख में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता

संभल कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण कुमार बिश्नोई की देखरेख में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी डाध रुकम पाल सिंह की देखरेख में पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलरो द्वारा किया गया जहां कुल 140 पत्रावली सुनकर 53 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तो वहीं 12 परिवारों को मिलाया गया तथा 10 पत्रावलियों में विधिक कार्यवाही करने तथा 31 पत्रावली न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद करने की संतुति की गई इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल विधिक परामर्शदाता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट बबीता शर्मा श्वेता गुप्ता सीमा आर्य कंचन महेश्वरी कांस्टेबल शहजाद मलिक रश्मि गहलोत ज्योति आदि लोग उपस्थित रहे।

## कार्तिक मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम देख दर्शक मुग्ध

अनूपशहर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कार्तिक मेला में चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान लखनऊ से आए कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। शुक्रवार को देर शाम शिव चौक के पास आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ व्यापार मंडल अध्यक्ष विनीत बंसल, पालिका अध्यक्ष बृजेश गोयल, अधिशासी अधिकारी गार्गी त्यागी आदि ने फीता काटकर किया। लखनऊ से आई निशु त्यागी एंड टीम की महिला कलाकारों ने वंदे मातरम प्रस्तुति की। जिसमें युवतियों द्वारा सिर के ऊपर कई घड़े रखकर सबसे ऊपर प्रज्जवलित अग्नि के साथ नृत्य प्रस्तुत किया गया। वंदे मातरम के इस आयोजन को देखकर दर्शकों ने भूरी भूरी प्रशंसा की। कलाकारों द्वारा मां गंगा अवतरण, सिया के राम प्रस्तुति कार्यक्रम अत्यंत मनमोहन रहा। पालिका द्वारा शिव चौक पर विशाल एलईडी के माध्यम से कार्यक्रम दिखाया जा रहा है। जबकि अन्य दर्शन स्टेज के सामने बैठकर कार्यक्रम देख रहे हैं। इस मौके पर अनीता गोयल, सीपी सिंह, तुषार गुप्ता, अंकुर शर्मा, अफजल गाजी, राशिद गाजी, दामिनी गौड़, पराग गर्ग, भानु लोधी आदि मौजूद रहे।

## सेमिनार का आयोजन

शिकारपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । जी एंड आर कालेज के बीसीए विभाग में ''सांख्यिकी के तत्व'' विषय पर आयोजित सेमिनार में उसके विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। शनिवार को आयोजित सेमिनार में प्राचार्य डॉक्टर एसएम नवाज मूसा व प्रवक्ता रवि ने विषय की महत्ता के बारे में अपने विचार साझा करते हुए छात्रों को अपने सांख्यिकीय कौशल में सुधार करने के लिए नए तरीके बताए। प्राचार्य ने भविष्य में ऐसे शैक्षिक सेमिनार के आयोजनों पर जोर दिया क्योंकि ऐसे सेमिनारों से छात्रों को उनके विषय ज्ञान और कौशल को अधिक बेहतर बनाने में सहायता मिलती है।

## रास्ते से हटने के विवाद को लेकर एक पक्ष ने दूसरे को पिटा

खजनी गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सड़क से जाने को लेकर मामूली विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को बुरी तरह से पीट दिया। बता दें कि सिकरीगंज थाना क्षेत्र घुचियारी निवासी अर्जुन कुमार पुत्र राम प्यारे ने सिकरीगंज पुलिस को तहरीर दिया की उरुवा चौराहे से शाम लगभग 5 बजे अपने घर जा रहा था। कि गांव में ही लाल मन त्रिपाठी पुत्र बच्च त्रिपाठी के दरवाजे के सामने जैसे ही पहुँचा कि मुझे देखते ही हमारा रास्ता रोक कर हमें भद्दी भद्दी गाली देते हुए रास्ते से जाने मना किए। हमने उन्हे समझाने की कोशिश करते हुए कहा कि जब यह आम रास्ता है तो हम इधर से ही जायेगे कि इतना सुनते ही लाल मन तिवारी ने हमें धक्का देकर नीचे गिरा दिए तथा इन्डे व भण्डे से मुझे बुरी तरह मारे पीटे तथा मां बहन की भद्दी व गन्दी गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिए। मारपीट से हमारे दाऐ हाथ की अंगुली व पीठ मे गम्भीर चोटे आयी। इस संबंध में सिकरीगंज पुलिस का कहना है कि मामले की जानकारी मिली है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

गोरखपुर। पुलिस ने बीमा कंपनी से फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से हेल्थ इंश्योरेंस का पैसा ठगने के आरोप में एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राकेश कुमार ओझा पुत्र रामानुज ओझा निवासी ग्राम भिटहा, थाना बासगांव, जनपद गोरखपुर के रूप में हुई है। उसके खिलाफ थाना रामगढ़ताल में दो मुकदमे पंजीकृत थे। पुलिस के अनुसार, दिनांक 09 सितंबर 2025 को बजाज आलियांज जनरल हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी द्वारा दी गई तहरीर पर थाना रामगढ़ताल में मुकदमा दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि अभियुक्तों ने अवैध और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर, बिना अस्पताल में भर्ती हुए ही हेल्थ इंश्योरेंस क्लेम का पैसा निकाल लिया। इसके लिए उन्होंने बीमा धारित व्यक्ति के नाम से फर्जी बैंक खाता खुलवाकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी की। मामले की जांच के दौरान पुलिस को ठोस साक्ष्य मिले कि आरोपी राकेश कुमार ओझा ने अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी हस्ताक्षर और जाली दस्तावेजों का प्रयोग करते हुए बीमा क्लेम की रकम प्राप्त की। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था, जिसे अब गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ में कई अहम जानकारियाँ मिली हैं, जिनके आधार पर पुलिस अब अन्य सहयोगियों की भी तलाश कर रही है। पुलिस का कहना है कि बीमा कंपनियों को ठगने के इस तरह के अपराधों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा मामले से जुड़े अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता की जांच भी जारी है।

## रैन बसेरा में ताला, मरीजों के तीमारदार ठंड में ठिठुरने को मजबूर

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला पुरुष एवं महिला चिकित्सालय बदायूँ में बने रैन बसेरे की बदहाल स्थिति मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए मुसीबत बन चुकी है। अस्पताल प्रशासन की लापरवाही का आलम यह है कि रैन बसेरे पर हमेशा ताला लटका रहता है। रात के समय मरीजों के परिजन खुले आसमान के नीचे ठंड में ठिठुरने को मजबूर हैं। ठंड के बढ़ते प्रकोप के बीच तीमारदार अस्पताल परिसर में कोने-कोने में बैठकर रात गुजारते दिखाई देते हैं। कई लोगों ने बताया कि प्रशासन से बार-बार गुहार लगाने के बावजूद रैन बसेरा नहीं खोला जाता। वहीं अस्पताल प्रशासन का कोई जिम्मेदार अधिकारी इस विषय पर बोलने से बचता नजर आया। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि तत्काल रैन बसेरे को खुलवाया जाए, ताकि गरीब मरीजों के परिजनों को ठंड से राहत मिल सके और उन्हें सुरक्षित आश्रय मिल पाए।

## वन्देमातरम गीत के बारे में बच्चों को किया जागरूक

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता ।सरवस्ती शिशु मंदिर शरह बरौलिया में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम'' गीत के 150 साल पूरे होने पर एक साल तक चलने वाले कार्यक्रम के अंतर्गत आज छात्र-छात्राओं ने वन्देमातरम गीत का विद्यालय परिसर में सामूहिक गायन किया गया। विद्यालय के सरंक्षक पण्डित श्याम पाल पाठक ने बच्चों को बताया यह गीत बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा लिखा गया था और इसे 24 जनवरी 1950 को भारत का राष्ट्रीय गीत घोषित किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य संजय उपाध्याय ने कहा कि हमें अपने राष्ट्रीय ध्वज,राष्ट्रीय गीत,राष्ट्रगान आदि राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर व्यवस्थापक सर्वेश पाठक फौजी,वृजेश शंखधार जी,सेठ मनोहर लाल गुप्ता जी,अनिल आचार्य जी,मनीष शर्मा,ओमकुमार शर्मा,अवनीश सिंह,विनोद वाजपेयी रश्मि खुशी आदि उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में दंपति गंभीर रूप से घायल

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता ।उझानी-सहसवान रोड पर हजरतपुर गांव के समीप शनिवार को हुए सड़क हादसे में साजिदा और उनके पति शकील अहमद निवासी कबूलपुरा गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि दंपति किसी कार्य से सहसवान जा रहे थे, तभी एक साईकिल सवार ने अचानक मुड़ने के लिए अपनी साईकिल मोड़ दी। उसे बचाने के चक्कर में मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया बाइक समेत दोनों पति पत्नी घिसटते हुए सड़क पर जा गिरे इस हादसे में साजिदा को सर में गंभीर चोट आयी है और काफ़ी झुन भी बहुत गया है साथ ही उसका पति शकील भी बुरी तरह से घायल हो गया हादसे में घायल दोनों पति पत्नी को मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया, जहां साजिदा की हालत नाजुक बताई जा रही है इमरजेंसी में तैनात डॉ0 जी0 के0 गुप्ता ने रिपोर्टर को बताया कि महिला की हालत नाजुक है उसे सी टी स्कैन के लिए भेजा जा रहा है।

# गणना प्रपत्र के शीघ्र ही शत-प्रतिशत वितरण को लेकर डीएम ने दिये दिशा निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल (बहजोई) । आज जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया के द्वारा विकासखंड गुन्नौर के प्राथमिक विद्यालय सैंजना मुस्लिम एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय ( कक्षा एक से कक्षाआठ तक ) कंपोजिट विद्यालय गुन्नौर में विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एस आई आर) से संबंधित कार्यों तथा गणना प्रपत्र के वितरण की प्रगति का निरीक्षण किया तथा गणना प्रपत्र का दो-दो प्रतियों में वितरण कराया गया एसआईआर के अन्तर्गत गणना प्रपत्र को लेकर जिलाधिकारी ने विस्तार पूर्वक जानकारी दी तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि दिनांक 9 नवंबर को भी गणना प्रपत्र के वितरण का कार्य सुनिश्चित किया जाए तथा दिनांक 11 नवंबर तक गणना प्रपत्र शत प्रतिशत वितरित कर दिये जाएं। जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय सैंजना मुस्लिम एवं कम्पोजिट विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि मेरा विद्यालय स्वच्छ विद्यालय के अंतर्गत विद्यार्थियों से भी नियमानुसार साफ़ सफाई का कार्य लिया जाए तथा अध्यापकों से कहा कि विद्यालय में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। ग्राम सैंजना मुस्लिम में सरकारी भूमि को चिन्हित कराते हुए दो दिवस में अवगत कराने के संबंधित को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आवासीय गुन्नौर का भी निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने साफ सफाई एवं चहारदीवारी को सही कराने को संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।उन्होंने कहा कि विद्यालय को साफ स्वच्छ एवं घर जैसा रखना चाहिए द्य उपजिलाधिकारी गुन्नौर को कम्पोजिट विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आवासीय की भूमि की पैमाईश को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## जिलाधिकारी ने थाना गुन्नौर पहुंचकर सुनीं जन समस्याएं

सम्भल ।शासन के मंशानुरुप थाना समाधान दिवस में आये प्रत्येक जन सामान्य की समस्या के त्वरित निस्तारण के लिए जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन थाना गुन्नौर में किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि थाना समाधान दिवस में आयी जन सामान्य की शिकायतों को शीघ्र एवं गुणवत्ता पूर्ण किया जाए निस्तारण। और उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जमीनी विवाद को गंभीरता से लें और कहा कि अगर कहीं सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा है तो भूमि को कब्जा मुक्त कराते हुए भू माफिया की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार एवं क्षेत्राधिकारी गुन्नौर आलोक सिद्धू, थाना गुन्नौर के निरीक्षक सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बनारस से पहली बार 7:30 घंटे में खजुराहो पहुंची ट्रेन का फूलों से हुआ स्वागत

एजेंसी

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र व सांस्कृतिक नगरी वाराणसी से मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खजुराहो के लिए चली नई वंदे भारत ट्रेन से यात्रियों ने पहली बार साढ़े सात घंटे में यात्रा पूरी की है। खजुराहो स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोगों ने ढोल नगाड़े और फूलों की बारिश कर स्वागत किया। ट्रेन में सवार यात्रियों, छात्रों और जनप्रतिनिधियों में इस ट्रेन को लेकर काफी उत्साह था। ट्रेन के स्वागत के लिए खजुराहो के पूरे रेलवे स्टेशन को फूलों और रेड कार्पेट से सजाया गया था। स्टेशन पर बड़ी संख्या में लोग वंदे भारत ट्रेन को देखने के लिए एकत्रित हुए थे। ट्रेन से उतरे यात्रियों और वंदे भारत ट्रेन पर लोगों ने फूल बरसाए और 'भारत माता की जय' के नारे लगाये। यह पहली बार है जब कोई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सीधे खजुराहो स्टेशन पहुंची है, जिसे क्षेत्र के विकास और सुगम आवागमन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। खजुराहो स्टेशन पर वंदे के स्वागत के लिए विधायक अरविंद पटेरिया एवं मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार मौजूद थे। इन दोनों के साथ उपस्थित अन्य नागरिकों ने ट्रेन और यात्रियों का स्वागत किया। स्टेशन परिसर ल्लवंदे मातरम्ल्ल के जयघोष से गूंज उठा, जब यात्रियों ने इस ऐतिहासिक क्षण का उल्लासपूर्वक स्वागत कियावंदे भारत ट्रेन में सवार महोबा के सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बिहार की राजनीति को लेकर विपक्ष पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब तक यहां विपक्ष की सत्ता थी, तब तक यह क्षेत्र नक्सलियों का गढ़ रहा लेकिन मोदी सरकार और राज्य सरकार की कड़ी कार्रवाई और उनको मुख्यधारा में लाने की नीतियों के चलते अब नक्सली नाममात्र के रह गए हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल के विपक्षी हो या बिहार के विपक्ष एसआईआर का विरोध इसलिए करते आये हैं, क्योंकि यहाँ घुसपैठी कम हो जायेंगे तो उनका वोट बैंक भी घट जाएगा।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने आज सुबह प्रत्यक्ष रूप से उत्तर प्रदेश में बनारस से खजुराहो (मध्य प्रदेश) के लिए इस ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना किया था। प्रधानमंत्री ने इसके अलावा यहीं से लखनऊ से सहारनपुर, पंजाब के फ़िरोजपुर से दिल्ली और केरल के एर्नाकुलम से बेंगलुरु (कर्नाटक) के लिए तीन अन्य वंदे भारत ट्रेनों को वर्चुअली हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

# बरेली में एक करोड़ रुपये की मार्फिन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी

बरेली । उत्तर प्रदेश के बरेली जिले की थाना बारादरी पुलिस ने अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी का बड़ा खुलासा करते हुए एक किलो 04 ग्राम मार्फिन और दो शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में मार्फिन की कीमत करीब एक करोड़ रुपये है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान भूपराम कश्यप (22) और प्रमोद कश्यप (21), दोनों निवासी ग्राम ताजपुर नवदिया, थाना भमौरा, जिला बरेली के रूप में हुई है। इनका साथी नवनीत सिंह, निवासी ग्राम दियोनी, थाना दातागंज, जिला बदायूं फरार हो गया। पुलिस इसकी तलाश में जुटी है। घटना बीती रात करीब एक बजे विजय पेट्रोल पंप के पास की है। पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सतीपुर चौराहे की ओर से आती मोटरसाइकिल पर सवार तीन व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया , लेकिन आरोपितों ने भागने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने घेरकर दो आरोपितों भूपराम कश्यप और प्रमोद कश्यप को घेरकर पकड़ लिया, जबकि नवनीत सिंह मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 502-502 ग्राम मार्फिन, एक मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे नवनीत सिंह के कहने पर मणिपुर से क्रूड पाउडर के रूप में मार्फिन लाते थे। इसे अफीम और क्रूड पाउडर मिलाकर स्मैक के रूप में बेचते थे। भूपराम और प्रमोद मजदूरी करते थे और नवनीत के कहने पर मादक पदार्थों के कारोबार में शामिल हुए। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि यह गिरफ्तारी मादक पदार्थों की अंतरराज्यीय तस्करी रोकने के लिए चलाए गए अभियान की बड़ी सफलता है। उन्होंने कहा कि फरार आरोपित नवनीत की भी जल्द गिरफ्तारी कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थाना बारादरी पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21/29 के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। आरोपितों को रिमांड पर लेकर आगे की पूछताछ की जा रही है।

# पुलिस कस्टडी में थर्ड डिग्री टॉर्चर कर दलित की युवक की हत्या : चंद्रशेखर आजाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड़ा। प्रदेश में दलित समुदाय के खिलाफ हिंसा और उत्पीड़न के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे है। हाल ही में गोंडा जिले में रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स यानी आरपीएफ की कस्टडी में एक 35 वर्षीय दलित युवक संजय कुमार सोनकर की संदिग्ध मौत ने पूरे राज्य में आक्रोश की लहर पैदा कर दी है।भाई की हत्या के बाद भी पुलिस की लापरवाही का आरोप लग रहा है,भीम आ र्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने इसे कानून-व्यवस्था की विफलता करार देते हुए सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सवाल उठ रहा है कि क्या उत्तर प्रदेश में दलितों पर अत्याचार बढ़ रहा है..?




**'टॉर्चर देकर मारा गया, तीन सस्पेंड'**

गोंडा जिले के मोतीगंज थाना क्षेत्र किनकी गांव निवासी संजय कुमार सोनकर को 4 नवंबर को सरसों के तेल की चोरी के आरोप में आरपीएफ़ ने हिरासत में लिया था। परिवार का आरोप है कि पूछताछ के दौरान सब-इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार, सब-इंस्पेक्टर करण सिंह यादव और कांस्टेबल अमित कुमार यादव ने उन्हें बुरी तरह पीटा और इलेक्ट्रिक शॉक दिया। कि संजय की हालत बिगड़ने पर उन्हें गोंडा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट अभी अस्पष्ट नहीं है, लेकिन विसेरा फोरेंसिक जाँच के लिए सुरक्षित कर लिया गया है। संजय के भाई राजू सोनकर ने हत्या की तहरीर दी। आजतक की रिपोर्ट के अनुसार आरपीएफ़ के डीआईजी चंद्र मोहन मिश्रा ने बताया, तीनों कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।तीन सदस्यीय कोर्ट ऑफ़ इंक्वा यरी गठित की गई है।' आरपीएफ़ का दावा है कि संजय की हालत पूछताछ के दौरान अचान क बिगड़ी, लेकिन परिवार ने शव को मोर्चरी में छोड़कर भागने का भी आरोप लगाया। गाँव में विरोध प्रदर्शन हुए, जहाँ ग्रामीणों ने 'दलितों पर अत्याचार बंद करो के नारे लगाए,संजय मजदूर थे और तीन बच्चों के पिता थे। यह घटना कस्टोडियल डेथ के बढ़ते मामलों की याद दि लाती है, जहाँ दलित पीड़ितों को न्याय मिलना मुश्किल होता है।चंद्रशेखर ने आरोप लगाया कि यह घटना उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की विफलता का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने यूपी सरकार के सामने चार मांगें रखी हैं-(1 )पुलिस कर्मियों को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए।( 2 ) संजय सोनकर की मौत की निष्पक्ष जांच हो।( 3 )परिवार को सरकारी नौकरी और 50 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए।थाने स्तर पर लापरवाही करने वाले पुलिस अधिका रियों पर कठोर कार्रवाई हो।मुकेश खटीक दलि त समुदाय के प्रमुख नेता थे और गांव में सामा जिक कार्यों के लिए जाने जाते थे।उनकी हत्या के बाद गांव में शोक सभा हुई जहां सैकड़ों लो ग जुटे,विपक्षी दलों ने इसे योगी सरकार की नाकामी बताया।

## सर्बिया में विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत का परचम लहराने वाले कोच का स्वागत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कौड़ीराम गोरखपुर। क्षेत्र के धस्की गांव में सभ्रांत यादवेन्द्र उर्फ गुड्डू सिंह के आवास पर अंतरराष्ट्रीय कुश्ती कोच चंद्र विजय सिंह का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। चंद्र विजय सिंह ने सर्बिया में आयोजित ठ-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय कुश्ती टीम का नेतृत्व किया और देश का मान बढ़ाया।

**स्वागत कार्यक्रम**

स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कुश्ती प्रेमी और ग्रामीण उपस्थित थे। चंद्र विजय सिंह को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया और उनके नेतृत्व में भारतीय पहलवानों की उपलब्धियों की सराहना की गई। कोच चंद्र विजय सिंह की उपलब्धि

चंद्र विजय सिंह के नेतृत्व में भारतीय पहलवान सुजीत ने 65 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती में स्वर्ण पदक जीता, जिससे भारत का मान बढ़ा। इसके अलावा, भारतीय महिला पहलवानों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत और कांस्य पदक जीते।

स्वागत समारोह में सभ्रांत रेलवे के पहलवान सुभाष राय, यादवेन्द्र उर्फ गुड्डू सिंह, राजन सिंह जिला महामंत्री किसान मोर्चा भाजपा, दुर्गेश राय होली एंजेल स्कूल पाली,अभिषेक सिंह, प्रतीक सिंह, आशुतोश सिंह,विनोद गुप्ता, अनिल राय, बबलू राय, राजन सिंह मंडल अध्यक्ष भाजपा, गामा सोनकर, राम सिंह , बड़ी संख्या में कुश्ती प्रेमी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## राहत जनता इंटर कॉलेज में स्काउट प्रशिक्षण शिविर का हुआ सफल समापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। नगर के राहत जनता इंटर कॉलेज में भारत स्काउट गाइड के दिशा-निर्देशन में आयोजित तीन दिवसीय द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का शनिवार को सफल समापन हुआ। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने अनुशासन, सेवा भावना और नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया। विद्यालय के स्काउट एवं गाइड प्रभारी इरफान अली खान, विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक-शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा भारत स्काउट गाइड के प्रशिक्षक कल्लन जी और संतोष कुमार यादव ने शिविर को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। प्रधानाचार्य अरुण प्रकाश चौधरी ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए आगामी लखनऊ जम्बूरी कार्यक्रम की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि स्काउट-गाइड प्रशिक्षण युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की क्षमता विकसित करता है। प्रशिक्षण अवधि के दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ शब्बीर अहमद, काजी इरशाद अहमद, अब्दुल्लाह अंसारी, सोनू मिश्रा, खालिद मुर्तुजा उस्मानी, आबिद अली, तिलत राहत, नौशाद अहमद जैदी, मजहर अली, राम नारायन, इब्राहीम, मोहम्मद कलीम, मोहम्मद सहीक खान, देवतादीन, मोहम्मद शारिक खान सहित अन्य उपस्थित रहे।

## प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी केन्द्र सेमरहना का डीएम ने किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । ग्राम भरथापुर के विस्थापन के लिए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर तैयारियां प्रारम्भ कर दी गई है। विस्थापन के लिए चयनित ग्राम सेमरहना का जिलाधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा निरन्तर भ्रमण कर विस्थापित होने वाले ग्राम भरथपुर के नागरिकों हेतु मूलभूत सुविधाओं जैसे विद्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र, स्वास्थ्य उप केन्द्र इत्यादि की उपलब्धता का जायज़ा लिया जा रहा है। इसी कड़ी में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ ग्राम सेमरहना के प्राथमिक विद्याालय व आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर वहां पर उपलब्ध संसाधनों का जायज़ा लिया तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम ने खण्ड विकास अधिकारी मिहींपुरवा विनोद यादव को निर्देश दिया कि ग्राम सेमरहना की जनसंख्या, परिवार, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों सहित सरकारी संसाधनों का विवरण भी एकत्र किया जाय। इस अवसर पर अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रदीप कुमार, विद्युत के रंजीत कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह, तहसीलदार धर्मेन्द्र सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

### नाबालिग लड़की को भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस ने एक नाबालिग लड़की को बह ला–फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपी को गिरफ्तार किया है।तरबगंज थाना पुलिस ने संदीप गौतम नामक व्यक्ति को पकड़ा और उसे अग्रिम विधिक कार्यवाही के लिए न्यायालय में पेश किया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गोंडा द्वारा महिला संबंधी अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देशों के तहत की गई है।यह माम ला तरबगंज थाना क्षेत्र का है। 25 अक्टूबर 2025 को एक 13 वर्षीय लड़की सुबह करीब 8 बजे अपने घर से स्कूल के लिए निकली थी, लेकिन वह न तो स्कूल पहुंची और न ही घर वापस आई। इसके बाद लड़की के भाई ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसे मु0अ0सं0–332/25 धारा 137 (2)/87 बी0एन0एस0 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की, जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक गौरव सिंह द्वारा की जा रही है। जांच के दौरान, शनिवार को तरबगंज पुलिस टीम ने पीड़िता को सकुशल बरामद किया। इसके साथ ही, प्रकाश में आए अभियुक्त संदीप गौतम पुत्र स्व0 छेदी गौतम, निवासी ग्राम टिकैतपुरवा महादेवा,थाना तरब गंज को गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तारी के बाद आरोपी संदीप गौतम को शनिवार को न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक गौरव सिंह कांस्टेबल नरेंद्र सिंह और महिला कांस्टेबल वंदना देवी शामिल थीं।

### प्याज़ व लहसुन का बीज प्राप्त कर सकते हैं कृषक

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि कृषकों को औद्यानिक विकास की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से उद्यान विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी मिशन (यूपीएमआईपी) का संचालन किया जा रहा है। योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए इच्छुक कृषक आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी, पासपोर्ट साइज फोटो एवं मोबाइल नम्बर की सहायता से उद्यान विभाग के पोर्टल डीबीटी डाट यूपीहर्टीकल्चर डाट काम पर स्वयं, जनसेवा केन्द्र अथवा कार्यालय के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। वित्तीय वर्ष 2025–26 में मसाला क्षेत्र विस्तार के अन्तर्गत प्याज एवं लहसुन का बीज विभाग में वितरण हेतु संस्था द्वारा आपूर्ति कर दी गई है। इच्छुक कृषक पंजीकरण पावती व अन्य दस्तावेज के साथ 11 नवम्बर 2025 को उपस्थित होकर कार्यालय से बीज प्राप्त कर सकते हैं। कृषकों का चयन ''प्रथम आवक–प्रथम पावक'' वरीयता के आधार पर किया जायेगा। अधिक जानकारी हेतु जिला उद्यान अधिकारी के कार्यालय अथवा योजना प्रभारी, पंकज वर्मा के मो.न. 9455108000 अथवा कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

### इन्दिरा स्टेडियम में 10 नवम्बर को आयोजित होगा वंदे मातरम का सामूहिक गायन

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारत के राष्ट्रीय गीत ''वंदे मातरम'' के 150 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मा. सांसदगण, विधायकगण एवं अन्य जनप्रतिनिधियों तथा जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के सहयोग से 10 नवम्बर 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे इन्दिरा गांधी स्पोट स्टेडियम, बहराइच में वंदे मातरम के सामूहिक गायन का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ वंदे मातरम के सामूहिक गायन में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

## एसएसबी 59 वाहिनी में हुआ वॉलीबॉल का फाइनल मुकाबला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। 59वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, नानपारा के परिसर में इंटर बटालियन एवं इंटर सेक्टर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और खेल भावना के साथ किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्रक मुख्यालय लखीमपुर खीरी तथा क्षेत्रक मुख्यालय गोरखपुर की टीमों ने भाग लिया। शनिवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में पुरुष वर्ग में क्षेत्रक मुख्यालय लखीमपुर खीरी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोरखपुर की टीम को 3ऽ0 से पराजित किया। इसी प्रकार महिला वर्ग के फाइनल में भी लखीमपुर खीरी की टीम ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन कर 3ऽ0 से जीत दर्ज की। दोनों वर्गों में क्षेत्रक मुख्यालय लखीमपुर खीरी विजेता रही। प्रतियोगिता का समापन 59वी वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट पंकज कुमार ठाकुर (द्वितीय कमान अधिकारी) की अध्यक्षता में हुआ। समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता टीमों को मेडल और ट्रॉफी प्रदान की गई। इस अवसर पर कार्यवाहक कमांडेंट पंकज कुमार ठाकुर ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि ऌखेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि टीम भावना, अनुशासन और आपसी समन्वय को भी मजबूत करते हैं।ङ्क उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया और भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

## क्रिकेट प्रतियोगिता, दो मैचों का हुआ मुकाबला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । रिजर्व पुलिस लाइन में क्रिकेट ग्राउण्ड गोरखपुर जोन की 25 वीं अन्तर्जनपदीय क्रिकेट (पुरुष) प्रतियोगिता-2025 के तहत दो मैचों का आयोजन हुआ है।प्रतियोगिता के तीस रे दिन पहला मैच पूल-बी की टीमों गोरखपुर बनाम महराजगंज के बीच खेला गया,जिसमें गोरखपुर टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। गोरखपुर टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 07 विकेट पर 164 रन बनाए, जिसमें अंकित रघुवंशी ने 26 गेंदों में 51 रन की नाबाद शानदार पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी महराजगंज टीम 16 ओवर में 06 विकेट खोकर 156 रन ही बना सकी। इस मैच में गोरखपुर टीम के पवन यादव को 'प्लेयर ऑफ द मैच' घोषित किया गया, जिन्होंने 23 गेंदों में 36 रन बनाए, 'बेस्ट बॉलर' महराजगंज टीम के मनीष को घोषित किया गया जिन्होने 04 ओवर में 31 रन देकर 04 विकेट लिए। दूसरा मैच पूल-ए की टीमों देवरिया बनाम सिद्धार्थनगर के बीच हुआ। जिसमें देवरिया टीम ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग चुनी। पहले बल्लेबाजी करते हुए सिद्धार्थनगर टीम ने 16 ओवर में 07 विकेट पर 163 रन बनाए। देवरिया टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 15.1 ओवर में 08 विकेट खोकर 166 रन बनाकर मैच जीत लिया। जिसमें टीम के दुर्गा द्वारा 24 गेन्दो में 58 रन की तुफानी पारी खेली। इस मैच में देवरिया टीम के रामू को 'प्लेयर ऑफ द मैच' एवं 'बेस्ट बॉलर' घोषित किया गया, जिन्होंने 03 ओवर में 31 रन देकर 02 विकेट लिए व 16 बाल पर 36 रन बनाए, बेस्ट बालर सिद्धार्थनगर टीम के सुबोध सिंह को घोषित किया गया जिन्होने 03 ओवर में 23 रन देकर 03 विकेट लिए प्रतियोगिता के दौरान कमेंट्री का संचालन अजय कुमार पाण्डेय व आनन्द कुंवर भट्ट द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने जोशपूर्ण अंदाज़ में खिलाड़ियों व दर्शकों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता का समापन व फाइनल मुकाबला दिनांक 09 नवम्बर 2025 को आयोजित किया जाएगा, जिसमें विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित किया जाएगा।

## नेशनल अर्बन कॉन्क्लेव में उत्तर प्रदेश के शहरी विकास मॉडल की हुई सराहना



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नई दिल्ली के द्वारका स्थित *यशोभूमि इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित नेशनल अर्बन कॉन्क्लेव में आज उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने प्रतिभाग किया। यह कॉन्क्लेव शहरी विकास के क्षेत्र में साझा रणनीति और दीर्घकालिक रोडमैप तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में देशभर से आए शहरी विकास विशेषज्ञों, नीति-निर्माताओं और विभिन्न राज्यों के नगर विकास मंत्रियों ने क्षेत्र नियोजन, शहरी गतिशीलता, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, क्षमता निर्माण, सुलभ आवास योजना, सतत शहरी ढांचा, और शहरी आजीविका जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की। मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने उत्तर प्रदेश में शहरी विकास के क्षेत्र में किए गए प्रमुख कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रदेश में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), अमृत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), और स्मार्ट सिटी मिशन के तहत उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन में कई अभिनव कदम उठाए हैं – जैसे घरों से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, कचरे से कंपोस्ट उत्पादन, और नालों की सफाई व ट्रीटमेंट के लिए आधुनिक तकनीक का प्रयोग। श्री शर्मा ने बताया कि 'यूपी दर्शन पार्क' उत्कृष्ट ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का एक प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि राज्य का लक्ष्य है कि नगर निकाय केवल सेवा प्रदाता नहीं, बल्कि शहरी विकास के सक्रिय भागीदार बनें। इसके लिए नागरिकों की भागीदारी, जनजागरूकता और तकनीकी सक्षमता को बढ़ाना आवश्यक है। कॉन्क्लेव के दौरान उत्तर प्रदेश के शहरी विकास मॉडल की विशेष सराहना की गई।

## पीएम मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत आयोजित हुआ रिवर रैंचिंग कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । मत्स्य विभाग की ओर से सरयू नदी के पावन तट पर स्थित श्री मरीमाता मन्दिर के निकट मुख्य अतिथि सांसद बहराइच आनन्द कुमार गोंड ने निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार निषाद व अन्य के साथ प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत राष्ट्रीय मार्तस्यिकी विकास बोर्ड एनएफडीबी हैदराबाद के सहयोग से 2.0 लाख मत्स्य अंगुलिका बीज का संचय किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि रिवर रैंकिंग कार्यक्रम से नदियों में मत्स्य प्रजाति का संरक्षण एवं जल की गुणवत्ता में सुधार होने के साथ-साथ नदियों को स्थानीय प्रदूषण से बचाया जा सकता है। नदियों में 01 कि.मी. में 5 कुण्टल मत्स्य उत्पादन प्राप्त किए जाने की मंशा है। नदियों में अवैध रूप से मत्स्य प्रजाति के प्रजनन का शिकार होने से शासन के मंशा के अनुरूप मत्स्य उत्पादन की प्राप्ति नहीं हो पा रही है। इसी को पूरा करने के लिए नदियों में 2 लाख मत्स्य बीच का संचय प्रवाहित किया गया है जिससे गरीब मछुआ समुदाय के मछुआरों व उनके परिवार को रोजी-रोटी रोजगार सृजन और उनकी आय दोगुना हो सके।

इस अवसर पर प्रभारी सहायक निदेशक मत्स्य बाबूराम ने बताया कि मत्स्य विभाग की संचालित योजनाओं का विस्तार पूर्वक जानकारी दी मत्स्य संपदा को संरक्षित रखने तथा जलीय पारस्थिति की तंत्र को संरक्षित करने के उद्देश्य से सरयू नदी में दो लाख मत्स्य बीच का संचय उत्तर प्रदेश मत्स्य बीज विकास निगम सरयू आयोध्या के द्वारा रिवर रैंकिंग कार्यक्रम के तहत कराया गया है। इस अवसर पर जनपद के मत्स्य जीवी सहकारी समिति के डायरेक्टर जवाहर लाल धीवर व समित के अध्यक्ष, सचिव व सदस्य गण उपस्थित रहे।

## संजय सोनकर की मौत पर रेलवे बोर्ड ने मांगी आरपीएफ की कस्टडी में हुई मौत की रिपोर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। रेलवे सुरक्षा बल(आरपीएफ) की हिरासत में संजय सोनकर की मौत का मामला अब उच्च स्तर पर पहुंच गया है। रेलवे बोर्ड ने इस घटना का संज्ञान लेते हुए गोंडा रेलवे विभाग और आरपीएफ से पूरी जांच रिपोर्ट मांगी है। बोर्ड ने पूछा है कि संजय सोनकर के खिलाफ कब मुकदमा दर्ज हुआ, उन्हें आरपीएफ ने कब हिरासत में लिया और पुलिस हिरासत में उनकी मौत कैसे हुई।साथ ही, इस मामले में दोषियों की पहचान और उनकी जिम्मेदारी भी स्पष्ट की जाए।रेलवे बोर्ड द्वारा रिपोर्ट मांगे जाने के बाद गोंडा रेलवे विभाग और आरपीएफ में हड़कंप मच गया है।अधिकारी और कर्मचारी मिलकर रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं।माना जा रहा है कि रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को सौंपते ही दोषी अधिकारियों और पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू की जाएगी। रिपोर्ट तैयार करने वाले अधिकारी भी अपनी-अपनी भूमिका स्पष्ट करने में जुटे हैं।गोंडा आरपीएफ के प्रभारी अनिरुद्ध ने बताया कि रेलवे बोर्ड ने मामले की पूरी जानकारी मांगी है।उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से पूरे घटनाक्रम का विवर ण और पुलिसकर्मियों के खिलाफ अब तक की गई कार्रवाई रिपोर्ट में शामिल की जा रही है। रिपोर्ट के बाद रेलवे बोर्ड भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत आगे की कार्यवाही तय करेगा।

**राजनीतिक दबाव भी तेज**

संजय सोनकर की मौत के बाद राजनीतिक दबाव भी बढ़ गया है। हाल ही में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट कर उत्तर प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।उन्होंने पीड़ित परिवार के लिए एक करोड़ रुपये के आर्थिक मुआवजे की मांग भी की।इस मामले को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों की तरफ से लगातार बयानबाजी हों रही है।

# स्वामी एजुकेशन पब्लिक स्कूल की मनमानी से बच्चों का भविष्य अधर में, मां ने पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के गांव उदयपुर खुर्द निवासी सोनी पत्नी राजू शर्मा ने शनिवार दोपहर दो बजे कोतवाली पहुंचकर स्कूल प्रशासन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। सोनी का कहना है कि उसके तीनों बच्चे नेहा शर्मा कक्षा 7, राहुल शर्मा कक्षा 4 और प्रदीप शर्मा कक्षा 3 रामपुर तालुके महाराजपुर में स्थित स्वामी एजुकेशन पब्लिक स्कूल में पढ़ाई कर रहे थे। सोनी के अनुसार, उसके पति को कुछ समय पहले हार्ट अटैक आया था, जिससे आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई और वह बच्चों की स्कूल फीस समय पर जमा नहीं कर पाई। उसने स्कूल प्रशासन से कुछ समय की मोहलत मांगी, लेकिन स्कूल ने उसकी बात नहीं मानी और बच्चों को परीक्षा देने से रोक दिया। आरोप है कि स्कूल के प्रधानाचार्य ने फीस के नाम पर 50 हजार रुपये लिए और कहा कि बच्चों का नाम काट दिया जाएगा ताकि वह किसी अन्य स्कूल में दाखिला करा सके। लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी बच्चों का नाम नहीं काटा गया। महिला का कहना है कि जब उसने दूसरे विद्यालय में बच्चों का दाखिला कराने का प्रयास किया तो वहां पैन नंबर मांगा गया। वह पैन नंबर लेने दोबारा स्कूल गई, तो वहां के प्रधानाचार्य ने डेढ़ लाख रुपये अतिरिक्त फीस की मांग की और कहा कि पूरी रकम जमा किए बिना बच्चों का नाम अलग नहीं किया जाएगा। सोनी ने बताया कि स्कूल प्रबंधन राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए कहता है कि ल्हमारा कुछ नहीं बिगड़ेगा, जो करना हो कर लो।ङ्क इस कारण उसके बच्चों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। महिला ने बताया कि वह इस मामले की शिकायत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को 5 अक्तूबर 2025 को और खंड शिक्षा अधिकारी को 18 सितंबर 2025 को कर चुकी है।लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। मजबूर होकर उसने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली प्रभारी पवन पांडे ने बताया कि मामले की जानकारी की जा रही हैं।

## पुलिस ने धार्मिक स्थलों से उतारे लाउडस्पीकर, छात्रों के एग्जाम के चलते चलाया अभियान

पूरनपुर। कोतवाली पुलिस ने शहर में ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रण करने के लिए शहर के धार्मिक स्थलों से तेज आवाज में बजाए जा रहे लाउडस्पीकरों को मौके पर पहुंचकर उतरवाया पीलीभीत के एसपी अभिषेक यादव के निर्देशन पर प्रभारी निरीक्षक ने नगर क्षेत्र की 2 मस्जिदों में जाकर लाउडस्पीकर उतरवा दिए पुलिस ने यह कदम बोर्ड परीक्षाओं के मध्य नजर उठाया है आने वाले महीनों में बोर्ड और अन्य परीक्षाएं हैं, जिसके चलते पुलिस ने यह अभियान चलाया गौरतलब है कि शासन द्वारा 65 डेसीबल ध्वनि का मनक निर्धारित किया है इससे ज्यादा तेज आवाज में किसी भी धार्मिक स्थल से कोई भी वाद्य यंत्र नहीं बजाया जा सकता हिदायत भी दी गयी कि तेज आवाज में न बजाएं. पुलिस के इस अभियान में स्थानीय नागरिकों ने भी पूरा सहयोग किया और कहीं कोई हंगामा या विरोध नहीं हुआ पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि शासन की ओर से दिशा निर्देश मिले हैं कि आमजन की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए घनी आबादी वाले क्षेत्रों में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रित किया जाए. इसी क्रम में नगरीय क्षेत्रों में धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर उतरवाने का काम शुरू किया गया है प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक सभी धर्मों का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है, लेकिन नियमों का पालन भी आवश्यक है सार्वजनिक स्थलों पर तेज आवाज से किसी को असुविधा नहीं होनी चाहिए इसी क्रम में दो मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाए गए हैंऔर ध्वनि नियंत्रित करने के निर्देश दिए गए हैं माननीय न्यायालय और शासन के आदेश के मुताबिक अभियान चलाया गया है यह कदम कानून-व्यवस्था बनाए रखने और ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के उद्देश्य से उठाया गया है प्रशासन ने सभी धार्मिक स्थलों और संस्थानों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे ध्वनि प्रदूषण से जुड़े नियमों का पालन करें. किसी भी प्रकार के उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी ।

# एसपी ने जिला अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का उद्घाटन कर किया गया रक्तदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफ़ेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जिला अस्पताल गौरीगंज में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का उदघाटन किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं रक्तदान किया गया एवं उपस्थित लोगों से समय समय पर रक्तदान करने से होने वाले सकारात्मक प्रभावो को बताते हुये रक्तदान करने की अपील की गई। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने रक्तदान को महादान कहा है क्योंकि रक्तदान करने से जरुरतमंद की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि इस शिविर का उददेश्य जागरूकता फैलाते हुये अधिक से अधिक रक्तदाताओं का पंजीकरण कर और स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देना है इसका लक्ष्य जरूरतमंदों, जैसे गर्भवती माताओं, गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों, ए च . आ इ . वी ., हीमोफीलिया/थैलीसीमिया रोग से ग्रसित बच्चों को समय पर बिना किसी प्रतिस्थापन के रक्त या रक्त उत्पाद उपलब्ध कराना होता है । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज, क्षेत्राधिकारी लाइन व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।उक्त रक्तदान शिविर में पुलिस लाइन, पुलिस कार्यालय के विभिन्न शाखाओं में नियुक्त पुलिस अधिकारी, कर्मचारियो द्वारा बढ़चढ़कर भाग लिया गया एवं स्वैच्छिक रुप से रक्तदान किया गया।

## कढेर चौरा में पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव कढेर चौरा में शुक्रवार को पारिवारिक विवाद के बाद एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। गांव निवासी अनीता देवी पत्नी रामबहादुर का किसी बात को लेकर अपने पति से विवाद हो गया और विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में पति रामबहादुर ने घर में रखे लकड़ी की पटली से पीट पीट कर पत्नी की हत्या कर दी थी। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शनिवार दोपहर दो बजे कोतवाल पवन पांडे ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

## पड़ोसी काश्तकार पर गन्ने की फसल में आग लगाने का आरोप, पीड़ितों ने दी आत्मदाह की चेतावनी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव अभयपुर जगतपुर में गन्ने की फसल जलाए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शनिवार दोपहर लगभग एक बजे गांव की निवासी शकुंतला देवी पत्नी रामकृपाल, मैना देवी पत्नी सत्यवान, रघुनंदन प्रसाद, सुखदेव, सुरेश चंद्र और रामगोपाल ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पड़ोसी काश्तकार ने अपने पुत्रों के साथ मिलकर कई बार उनकी गन्ने की खड़ी फसल में आग लगा दी है। पीड़ितों का कहना है कि अब तक उक्त व्यक्ति तीन बार उनकी गन्ने की फसल में आग लगा चुका है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार पुलिस से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक आरोपी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित किसानों ने कहा कि पुलिस की उदासीनता और आरोपी की दबंगई के कारण वे असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पीड़ित परिवारों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उन्हें न्याय नहीं मिला और आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई, तो वे कोतवाली परिसर में पहुंचकर परिवार सहित आत्मदाह करने को विवश होंगे।

कोतवाल पवन पांडे ने बताया कि मामले की शिकायत मिली है और मामले की जाँच कराई जा रही हैं, जाँच के दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी

## पत्नी से अभद्रता पर मछली व्यवसायी को मौत के घाट उतारा

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना इन्हौना पुलिस ने मछली व्यवसायी की हत्या का खुलासा करते हुये वांछित युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसके कब्जे से मृतक का टूटा व जला हुआ मोबाइल फोन, बांस के दो डण्डे बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना इन्हौना पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मछली व्यवसायी की हत्या के मामले में वांछित नंदलाल पुत्र हुबलाल निवासी दक्खिन मोहल्ला मजरे इन्हौना थाना इन्हौना जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवक ने बताया कि सात नवम्बर की रात में उसके गांव का ही रहने वाला जावेद उर्फ राजू शराब के नशे में उसके घर में घुस आया था तथा उसकी पत्नी से अभद्रता कर रहा था जिससे उसने जावेद को बांस के डण्डे से मारा पीटा था तथा उसके मोबाइल को तोड़कर जला दिया था। जावेद का मोबाइल व डण्डे वहीं घर से कुछ दूरी पर छिपा दिया था। पुलिस ने पकड़े गये युवक की निशानदेही पर मृतक का टूटा व जला हुआ मोबाइल फोन व मारपीट में प्रयुक्त बांस के दो डण्डे (आलाकत्ल) बरामद हुये। इस सम्बंध में थाना इन्हौना के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया गया है।

## स्कूल में मंदिर निर्माण कार्य अधूरा छोड़ने पर शिल्पकार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना मोहनगंज क्षेत्र के कस्बा तिलोई स्थित शिवा पब्लिक स्कूल के प्रांगण में मंदिर निर्माण कार्य में हीलाहवाली करने और अधूरा निर्माण कार्य छोड़ दिया गया है। पुलिस ने विद्यालय के प्रबंधक की तहरीर पर शिल्पकार के खिलाफ मुकदमा दर्जकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। थाना क्षेत्र के कस्बा तिलोई स्थित शिवा पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अभिषेक कुमार सिंह पुत्र राजकुमार सिंह ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि विद्यालय प्रांगण में मंदिर निर्माण के लिये राकेश (शिल्पकार) जिनकी दुकान रायबरेली लखनऊ हाइवे पर आईटीआई पुल से पूर्व दाहिनी तरफ है। उन्होंने लिखा है कि राकेश से मंदिर बनाने के सम्बन्ध में वार्ता हुई थी जिसमे तय हुआ था कि ये तीन लाख रुपये में हमारा मंदिर अठारह अक्टूबर तक बनायेंगे और यह धनराशि इन्हे एक एक लाख रुपये के रुप मे देना तय था। राकेश द्वारा मंदिर निर्माण का आधा कार्य कर छोड दिया गया है। विद्यालय के प्रबंधक द्वारा राकेश कुमार को अब तक कुल दो लाख दस हजार रुपया लगभग नकद, फोन पे चेक के माध्यम से दिया जा चुका है और जरिए मोबाइल व प्रत्यक्ष रुप से कई बार उपस्थित कर वार्ता की गई। राकेश कुमार द्वारा इधर उधर की बात करके टरकाया जा रहा है। उन्होंने लिखा है कि शिल्पकार द्वारा मंदिर का जो नक्शा दिखाया गया था वह पूर्ण रुप से बदल दिया गया एंव धोखाधडी भी की गई है।मंदिर की डिजाइन व अपने मन के मुताबिक बनाता है।पुलिस ने शिवा पब्लिक स्कूल के प्रबंधक की तहरीर पर मुकदमा दर्जकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## कमरौली पुलिस ने शातिर अपराधी को भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना कमरौली पुलिस द्वारा गैंगेस्टर एक्ट में वांछित एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना कमरौली पुलिस द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर गैंगेस्टर एक्ट में वांछित नाजिर हुसैन पुत्र कदीर निवासी महमदपुर थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी उम्र करीब बीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार युवक एक शातिर अपराधी है जिसके विरुद्ध पूर्व में जनपद अमेठी, बाराबंकी व अयोध्या में चोरी, सेंधमारी व आरम्स एक्ट के कुल छह अभियोग पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने पकड़े गये शातिर अपराधी को जेल भेज दिया गया है।

## गौरीगंज पुलिस ने प्राणघातक हमले के दो आरोपियों को भेजा जेल

अमेठी । थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के अभियोग से सम्बंधित दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार बरामद कर दोनों युवकों को जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे मंशा गूजर टोला निवासी बिमलेश सिंह ने बीती चार नवम्बर को थाना गौरीगंज पर लिखित तहरीर दी थी कि दिनांक तीन नवम्बर को उनके पुत्र अंकित सिंह बाजार से अपने घर की तरफ मोटरसाइकिल से जा रहे थे तभी पीछे से चार पहिया वाहन ने टक्कर मार कर उनके पुत्र को गिरा दिया था तथा वाहन से निकल कर छह लोगों ने उनके पुत्र पर जान से मारने की नीयत से असलहे से फायर कर दिया था तथा लोहे की राड से कई वार करके भाग गये थे।थाना गौरीगंज पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर लिया था। पुलिस अधीक्षक द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये थे।

# सेवार्थम फाउंडेशन के दो दिवसीय रोजगार मेले का कैबिनेट मंत्री ने किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जिले के लंभुआ तहसील के शिवगढ़ थाना क्षेत्र के गोथूआ जागीपुर गांव में सेवार्थम फाउंडेशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय रोजगार मेले का शनिवार को कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने फीता काटकर शुभारंभ किया। रोजगार मेले में पहुंचे कैबिनेट मंत्री संजय निषाद सहित अन्य अतिथियों का सेवार्थम फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष तिवारी ने मोमेंटो, अंगवस्त्र व माला पहनाकर स्वागत किया। स्वागत भाषण में आशीष तिवारी ने कहा कि अभी तक उनके द्वारा 25 सौ परिवारों को परदेश ले जाकर स्वरोजगार की व्यवस्था की गई है। जब तक यह संख्या 01 लाख परिवार तक नहीं हो जाएगी इसी तरह सेवा कार्य करता रहूंगा। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ संजय निषाद ने कहा कि मैं सौभाग्य शाली हूं व गौरवशाली हूं जो आज मुझे इस रोजगार मेले में शामिल होने का अवसर मिला। दुनिया में शिक्षा से ज्ञान से सारे दरवाजे खुलते है, लेकिन रोजगार दिलाना उससे भी पुण्य काम है। रोजगार मेला एक सकारात्मक सोच को दर्शाता है। सरकार अकेले सभी को रोजगार नहीं दे सकती क्योंकि उसके पास सीमित संसाधन है। इसलिए निजी क्षेत्रों में भी पर्याप्त रोजगार उपलब्ध है। बहुत से लोग सरकारी की जगह प्राइवेट सेक्टर का रुख करते है क्योंकि यहां विकास के लिए लंबे प्लेटफार्म उपलब्ध है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी व प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि एक समय यूपी की गिनती बीमारू राज्यों में होती थी लेकिन आज अनेकों कम्पनियां यूपी में निवेश कर रही है। प्रदेश की अर्थ व्यवस्था भी देश में दूसरे नंबर है अब प्रदेश सरकार को कोई भी विकास की योजना लाने के लिए कर्ज की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने मत्स्य विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को भी जनता से साझा किया। अंत में आशीष तिवारी द्वारा किए जा इस महान कार्य के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और कहा कि यह तो रोजगार मेला तो आशीष तिवारी ने अपने गांव में लगवाया है अगर ये चाहे तो पूरे यूपी में चाहे जहां रोजगार मेला लगाए मै इनके लिए हर समय उपलब्ध रहूंगा। इस मौके पर मालती देवी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निषाद पार्टी, युवा नेता बृजेन्द्र त्रिपाठी, राज प्रसाद उपाध्याय विधायक सदर, अमित निषाद, प्रवीण निषाद पूर्व सांसद, अनिल त्रिपाठी विधायक, वैभव चतुर्वेदी, गुलाब चंद्र दूबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## उर्स-ए-कासमी मरहरा शरीफ के लिए निकला चादर शरीफ का जुलूस

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। उर्स-ए-कासमी मरहरा शरीफ जनपद एटा, कासगंज के लिए श्रद्धा और अकीदत से सराबोर चादर का जुलूस निकाला गया। जुलूस की शुरुआत मोहल्ला रजागंज से की गई, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर हाथों में हरे परचम और फूलों से सजी चादरें लिए लोगों ने नात-ए-पाक और दरूद शरीफ पढ़ते हुए पैगंबर-ए-इस्लाम के प्रति अपनी मोहब्बत का इजहार किया। जूलूस में मुस्लिम समाज के लोग, इमाम, मौलाना और युवा वर्ग भी शामिल रहे। जुलूस के दौरान जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पूरनपुर से रवाना होने के बाद चादर को कासगंज जिले के मरहरा शरीफ दरगाह में पेश किया जाएगा, जहां देशभर से अकीदतमंद उर्स-ए-कासमी में शामिल होकर दुआएं मांगेंगे।

## थाना समाधान दिवस में छह शिकायतें, दो का हुआ मौके पर निस्तारण

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली परिसर में शनिवार दोपहिया दो बजे थाना सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने की। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया व कोतवाल पवन पांडे भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल छह शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से दो शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही करा दिया गया। बाकी शिकायतों को जांच के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंपा गया। एसडीएम ने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित शिकायतों का शीघ्र समाधान कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने थाना समाधान दिवस पर सुनीं जन समस्यायें

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव की उपस्थिति में थाना अमरिया में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने शिकायतकर्ताओं से सीधे मुलाकात की और फरियादियों की शिकायतें एवं समस्याएं सुनीं उन्होंने कई प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कराया और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का तत्परता, पारदर्शिता एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें, ताकि प्रत्येक नागरिक को शीघ्र एवं न्यायसंगत समाधान प्राप्त हो सके

# तहसील में भ्रष्टाचार चरम पर सरकार के रोक के बावजूद भी तहसील कार्यालय में जमें प्राइवेट कर्मी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। तहसील बल्दीराय कार्यालय में प्राईवेट कर्मियो के चलते भष्ट्राचार पनप रहा है कई बार शिकायत होने के बावजूद भी शीर्ष अधिकारियो ने सख्त कदम नही उठाया, जिससे अब अधिवक्ता संघ ने नाराजगी जाहिर की है।

बता दे कि 2016 के जून माह में तहसील की स्थापना होने के बाद तहसील कार्यालय में प्राईवेट कर्मियो की भरमार सी हो गई है ये कर्मी विभिन्न कार्यालयो में अपना पांव अंगद की तरह जमा कर तहसील कार्यालय की गोपनीयता को भंग कर रहे है तहसील के जिम्मेदार अधिकारी भी सबकुछ देखते हुए मौन है। नायब तहसील कार्यालय में प्राईवेट कर्मी बृजेश कुमार सिंह उर्फ पिंटू पत्रावलियो में हुए आदेश की टाईपिंग कर रहे है तो वही दूसरा कर्मी जगराम यादव नामान्तरण बही का कार्य देखता है। नायब तहसीलदार कार्यालय में कार्य कर रहे इन प्राईवेट कर्मियो का रुतवा किसी सरकारी बाबू से कम नही है लेकिन जिम्मेदार के संरक्षण में ये सरकार के आदेश की धज्जिया उड़ा रहे है। एसडीएम के कोर्ट पर तो प्राईवेट कर्मी तहसील के शीर्ष अधिकारी के समक्ष ही कार्य करते देखे जा रहे है यहां प्राईवेट कर्मी वृज किशोर बर्मा व रोहित बाकायदा फाईलो की देखरेख का कार्य कर रहे है किस फाईल में क्या हो रहा है क्या करना है सब इन्हे पता होता है सेंटिंग भी होती है। वादी प्रतिवादी,को हराने जीताने की जिम्मेदारी यही सब करते है। चाहने वाले को जिताते हैं अधिकारी को गुमराह करके ऑर्डर करवाते हैं गोपनीयता भी भंग होती है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मौन रहते है। तहसीलदार कार्यालय का तो अजीबो गरीब हाल है प्राईवेट कर्मी चाहे जो करे कोई रोकटोक नहीं यहां कार्य कर रहे आउटसाइडर दीपक गुप्ता अंकित शुक्ला आर के मौर्या दिलीप कुमार कार्यालय पर अंगद की पांव की तरह जमे हुए है। तहसील कार्यालय में लगातार प्राईवेट कर्मियो को हटाने को लेकर कई बार उपजिलाधिकारी तहसीलदार से लेकर जिलाधिकारी तक शिकायते की गई लेकिन कार्यवाही शून्य रही कार्यवाही न होने का नतीजा प्राईवेट कर्मियो का मनोबल बढ़ गया।

### बगैर वेतन के कार्य कर रहे है प्राईवेट कर्मी

एक तरफ जहां इस महंगाई युग में लोग दिन भर की कडी मेहनत करने के बावजूद भी दो वक्त की रोटी जुटाने में नाकाम हो जाते है वही तहसील कार्यालय बल्दीराय में आधा दर्जन प्राईवेट विना वेतन पाए ही दिन रात जमें है आखिर क्या मामला है

### वादी प्रतिवादी से लिए सुविधा शुल्क से होती है प्राइवेट कर्मियो की आमदनी

बल्दीराय तहसील कार्यालय पर चार पटल पर कार्य कर रहे लगभग आधा दर्जन प्राईवेट कर्मियो का कोई सरकारी या संविदा व प्राईवेट मानदेय निर्धारित नहीं हैं ये प्राईवेट कर्मी तहसील कार्यालय पर आने वाले वादी प्रतिवादी से उनके कार्य करने के एवज में सुविधा शुल्क मांग कर लेते है वादी प्रतिवादी भी नियम के विपरीत जल्दी कार्य करवाने के लिए इन्हे सुविधा शुल्क देता है क्योंकि तहसील कार्यालय पर इन प्राईवेट कर्मियो के अलावा कोई अन्य सरकारी कर्मचारी भी नही है जिससे पत्तावलियो का कार्य सुलभ हो सके। फिलहाल कडुआ सच है प्राइवेट कर्मियो की लूट खसोट के चलते वादी प्रतिवादी की जेबे खाली हो रही है।

## मानव को अपने कर्तव्यो के प्रति सजग रहना चाहिए-अनुराग कृष्ण

सुलतानपुर। क्षेत्र के बहुबरा गांव में चल रही श्रीरामकथा के द्वितीय दिवस श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास पूज्य अनुराग कृष्ण जी महाराज ने सती चरित्र की पावन कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा व्यास ने कहा कि यह संसार एक अद्भुत माया है, जहां जन्म-मृत्यु का चक्र अर्थात आवागमन सृष्टि का सनातन नियम है। इस माया-जाल में फंसने के बजाय मानव को अपने कर्मों के प्रति सजग रहते हुए प्रभु का सतत स्मरण करना चाहिए।

महाराज ने कहा कि इस सृष्टि में जो कुछ भी होता है, वह एक ही परम सत्ता के संकल्प से संचालित होता है। ल्लकरने वाला और कराने वाला सब एक ही नारायण हैं,ङ्क उन्होंने कहा। कथा के दौरान भक्ति और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कथा के समापन पर मुख्य यजमान विश्वनाथ तिवारी व उनकी धर्मपत्नी सावित्री तिवारी ने व्यासपीठ की विधिवत आरती उतारी। तत्पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। व्यासपीठ का विधिवत पूजन आचार्य नीरज दास ने करवाया।

# अपनी विरासत सहेज कर अगली पीढ़ी को सौंपना हमारा दायित्व : प्रोफ़ेसर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। सभ्यतायें नष्ट होती रहती हैं लेकिन संस्कृति के तत्व कभी समाप्त नहीं होते । अपनी विरासत को सहेज कर उसे अगली पीढ़ी को सौंपना हम सबका उत्तरदायित्व है। संयुक्त परिवार और उत्सव नई पीढ़ी को पुरानी परम्पराओं से जोड़ते हैं। इसलिए इन्हें सहेजने की आवश्यकता है। यह बातें लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर अनिल कुमार ने कहीं। वह राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय व उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखागार एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भारत की सांस्कृतिक धरोहर और अभिलेख संरक्षण की चुनौतियां विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वैदिक काल में एक परिवार में एक ही रक्त से जुड़े लोग अलग अलग वर्ण के होते थे । कालांतर में आई विकृतियों के कारण वर्ण व्यवस्था का अर्थ ही बदल दिया गया। भारत की आश्रम व्यवस्था और संस्कार पद्धति पूरी तरह से वैज्ञानिक है। इसको ठीक तरह से समझे बिना ही खारिज करना गलत है। इस कारण समाज में अनेक कुरीतियां पैदा हो रही हैं। अध्यक्षता करते हुए मुम्बई विश्वविद्यालय के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर रामजी तिवारी ने कहा कि आज की पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने की जरूरत है।सुलतानपुर की सबसे बड़ी ऐतिहासिक धरोहर कुड़वार का गढ़ा धाम यहां के लोगों की उदासीनता के कारण नष्ट हो गया। महात्मा बुद्ध ने गढ़ा आकर यहां के क्षत्रियों को दीक्षा दी थी। हम अपनी सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित ही नहीं रख पाए इसके लिए कोई बाहरी ताकत या विदेशी दोषी नहीं हैं। पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय के अभिषेक गुप्त व दिल्ली विश्वविद्यालय की शिखा यादव ने शोध पत्र प्रस्तुत किया। इस अवसर पर क्षत्रिय शिक्षा समिति के सचिव रमेश सिंह टिन्नू, पूर्व

# भरत यात्रा पहुंची सीताकुंड धाम, भक्त हुए भाव विभोर किया भव्य स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अयोध्या से चलकर चित्रकूट को जाने वाली भरत यात्रा का सीताकुंड धाम पर भव्य स्वागत किया गया। 53 वर्ष पूर्व प्रभुदत्त ब्रह्मचारी श्री महाराज द्वारा शुरू की गई यह यात्रा अब श्री मणीराम दास छावनी के महंत गोपाल दास महाराज के उत्तराधिकारी शिष्य महंत कमलनयन दास महाराज के नेतृत्व में पंचमुखी हनुमान मंदिर गुप्तार घाट के महंत विमलदास की व्यवस्था में हर वर्ष निकाली जाती है। यात्रा शुक्रवार देर शाम सीताकुण्ड धाम पहुंची व शनिवार प्रातः गाजे-बाजे व भजन-कीर्तन के साथ अपने गंतव्य के लिये विदा की गयी।

गोमती मित्र मण्डल के मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी ने बताया कि सुल्तानपुर में पिछले 24 वर्षों से दयानंद कसौधन यात्रा की सेवा करते आ रहे हैं जिसमें रात्रि विश्राम के साथ-साथ यात्रा में शामिल सभी साधु संतों के भोजन प्रसाद की व्यवस्था शामिल है, गोमती मित्र मण्डल परिवार का भी पूरा सहयोग यात्रा की व्यवस्था में रहता है। यात्रा का स्वागत करने वालों में नपाप अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, गोमती मित्र मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता व सभासद रमेश सिंह टिन्नू, राधारमण, बालमुकुंद, सारथी कसौधन, माधव कसौधन, सेनजीत कसौधन दाऊ, डॉ.कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, मोनू,शंकर कैलाशी, मुन्ना पाठक, ध्रुव, शिवम आदि शामिल रहे।

## सम्पादकीय

# आत्मघात की मजबूरी

यह तथ्य हृदयविदारक ही है कि देश में एक साल के दौरान करीब चौदह हजार छात्रों ने आत्महत्या की। पहली नजर में आत्मघात के मूल में पढ़ाई का दबाव, छात्रों की संवेदनशीलता और तंत्र की नाकामी बताई जा सकती है। लेकिन सवाल है कि हमारा तंत्र क्यों संवेदनहीन बना हुआ है? यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को तलब करके इस बाबत विस्तृत विवरण मांगा है। साथ ही सवाल पूछा है कि क्या देश के सभी शिक्षण संस्थान छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी निभा रहे हैं? विडंबना यह है कि देश में मोटी पगार वाली नौकरियों की गलाकाट स्पर्धा में शिक्षण संस्थाएं व शिक्षक उस दायित्व को भूल गए हैं, जो छात्रों को विषयगत शिक्षा के साथ विषम परिस्थितियों के बीच जीवन जीने की कला सिखा सके। उन्हें व्यावहारिक जीवन का कौशल सिखाने के साथ ही चुनौतियों से जूझने की मानसिक शक्ति विकसित करने के लिए तैयार कर सकें। आखिर किसी परिवार की उम्मीद को किस स्थिति में यह सोचना पड़ता है कि मौत को गले लगाना अंतिम विकल्प है? शिक्षा परिसरों में ऐसी स्थितियां क्यों विकसित हो रही हैं कि विद्यार्थी जीवन से हार मानने लगे हैं? निस्संदेह, शिक्षण संस्थानों का एक मात्र लक्ष्य किताबी ज्ञान देकर डिग्री बांटने तक ही नहीं हो सकता। शिक्षण संस्थानों के प्रबंधन तंत्र को अपने परिसर में समता, ममता और सहजता का वातावरण तैयार करना होगा। जहां किसी भी तरह तनाव, मानसिक कष्ट व भेदभाव नजर न आए और कारगर शिकायत निवारण तंत्र विकसित हो। ऐसा न होने पर ही सरस्वती के मंदिरों में तनाव की फसल उग रही है। हमारे नीति-नियंता इस दुखदायी स्थिति पर अंकुश लगाने हेतु किसी तरह की गंभीर पहल करते नजर नहीं आते। यदि गाल बजाने वाले राजनेता कोई कदम उठाने की लोकलुभावनी घोषणा करते भी हैं तो भी जमीनी हकीकत बदलती नजर नहीं आती। घोषणाएं प्रभावी भी होनी चाहिए। सवाल यह भी है कि शैक्षणिक परिसरों में आत्महत्या रोकने के लिये जो कदम केंद्र व राज्य सरकारों को उठाने चाहिए थे, उसके बाबत देश की शीर्ष अदालत को क्यों पहल करनी चाहिए? इस मामले में सख्त रवैया अपनाते हुए सर्वोच्च न्यायालय को कहना पड़ा कि केंद्र व राज्य सरकारें आठ सप्ताह के भीतर वह विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत करें, जो आत्महत्या रोकने के दिशा-निर्देशों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करे। दुखद स्थिति यह भी है कि देश में छात्रों के आत्मघात के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, इसकी पुष्टि खुद राष्ट्रीय अपराध रेकॉर्ड ब्यूरो भी कर रहा है। जो साल 2023 में देश की शिक्षण संस्थाओं में 13,892 छात्रों की मौत को गले लगाने की बात स्वीकार करता है। सबसे दुखद स्थिति यह है कि यह संख्या पिछले एक दशक में पैंसठ प्रतिशत बढ़ी है। वहीं इस आंकड़े की तुलना यदि वर्ष 2019 से करें तो यह वृद्धि चौंतीस फीसदी दर्ज की गई है। जाहिर बात है कि यह वृद्धि छात्रों की मानसिक पीड़ा, हताशा और भविष्य के प्रति निराश होने की स्थिति को ही दर्शाती है। निश्चित रूप से हमारी शिक्षा की विसंगतियां भी इन आत्महत्याओं के मूल में हैं। देश में भाषा व बोर्ड स्तर पर पाठ्यक्रम व शिक्षण की स्थिति में खासा अंतर है। पैसे वालों के बच्चे महंगे स्कूलों में पढ़ते हैं। रही-सही कसर उनके महंगे कोचिंग सेंटरों द्वारा पूरी की जाती है। हिंदी माध्यम से पढ़ने वाले छात्रों की सारी ऊर्जा अपने ज्ञान को अंग्रेजी में ट्रांसलेट करने में चली जाती है। कालांतर में वे उच्च शिक्षा संस्थानों में हीनग्रंथि का शिकार हो जाते हैं। ऐसी तमाम ग्रंथियां छात्रों को अपराधबोध से भर देती हैं। पढ़ाई के दबाव के अलावा शिक्षा संस्थानों के परिसर में हिंसा और जातिगत भेदभाव की खबरें भी आती हैं जो संवेदनशील छात्रों को हताशा से भर देती हैं। निश्चय ही सजगता व संवेदनशीलता से ऐसी परिस्थितियों से छात्रों को बचाया सकता है। यही वजह है कि देश की शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में शिक्षण संस्थानों और सरकार को जरूरी दिशानिर्देश दिए हैं।

# आत्मघाती होती शिक्षा प्रणाली: मौतों का भयावह यथार्थ

**आज का विद्यार्थी बचपन से ही एक ऐसी अंधी एवं प्रतिस्पर्धी दौड़ में धकेल दिया जाता है, जिसमें लक्ष्य अंक, ग्रेड, और रैंक बन गए हैं-ज्ञान, संवेदना और चरित्र नहीं। स्कूल अब शिक्षालय नहीं, बल्कि परीक्षा-केंद्र यानी गलाकाट प्रतियोगिता के केन्द्र बन चुके हैं। माता-पिता, शिक्षक और समाज-सभी ने मिलकर एक ऐसा माहौल बना दिया है, जहाँ सफलता का अर्थ केवल डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस या उच्च वेतन वाली नौकरी तक सीमित हो गया है। शिक्षा अब व्यक्ति के भीतर के मनुष्यत्व, रचनात्मकता और संवेदना को विकसित करने का माध्यम नहीं रही, बल्कि उसने जीवन को प्रदर्शन की प्रतियोगिता बना दिया है। छोटे बच्चों पर कोचिंग का बोझ, अभिभावकों की अपेक्षाएँ, और असफलता का भय?-ये तीन त्रिकोणीय दबाव उन्हें धीरे-धीरे मानसिक रूप से तोड़ देते हैं। शिक्षा अब एक बोझ और मानसिक तनाव का कारण बन गयी है। एनसीआरबी के आँकड़े बताते हैं कि छात्रों में आत्महत्या के प्रमुख कारण हैं-परीक्षा में असफलता, अभिभावकीय दबाव, भविष्य की चिंता और मानसिक अवसाद। भारत दुनिया के उन शीर्ष देशों में शामिल है जहाँ किशोरों में डिप्रेशन और आत्महत्या की प्रवृत्ति सबसे अधिक है। कबीर ने कहा था-पढ़ि-पढ़ि पंडित भया, पर भीतर का मन ना गया। आज की शिक्षा बच्चों को केवल जानकार बना रही है, ज्ञानी नहीं। विद्यालयों में रट्टामार संस्कृति, अंक-केंद्रित मूल्यांकन और शिक्षकों की संवेदनहीनता बच्चों के भीतर आत्मविश्वास के बजाय भय भर रही है। कई प्रतिष्ठित कोचिंग सेंटर्स में तो यह प्रवृत्ति और विकराल हो जाती है। कोटा, पटना, हैदराबाद, चेन्नई जैसे शहरों में हर वर्ष दर्जनों विद्यार्थी आत्महत्या करते हैं। विडंबना यह है कि वहाँ शिक्षा से ज्यादा प्रतियोगिता का उद्योग पनप गया है। बच्चे अपने परिवारों से दूर, दबाव और भय में जीते हैं।**

भारत की शिक्षा प्रणाली को लेकर समय-समय पर प्रश्न खड़े होते रहे हैं। शिक्षा की विसंगतियों एवं दबावों के चलते भी अनेक सवाल खड़े हैं। इन्हीं से जुड़ा यह एक बेहद हृदय विदारक और चिंताजनक तथ्य है कि एक वर्ष देश में लगभग 14,000 स्कूली बच्चों ने आत्महत्या कर ली। इस तथ्य की पुष्टि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ( एनसीआरबी ) भी कर रही है। अधिक घातक तथ्य यह है कि बीते एक दशक में छात्रों की आत्महत्या के मामलों में लगभग 65 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2019 की तुलना में यह संख्या 34 प्रतिशत अधिक है। यह केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि उन मासूम सपनों की समाधियाँ हैं जिन्हें हमारी शिक्षा प्रणाली ने दम तोड़ने पर विवश कर दिया। यह स्थिति किसी एक स्कूल, राज्य या परिस्थिति की नहीं, बल्कि सम्पूर्ण भारतीय शिक्षा तंत्र की विफलता का दर्पण है। पहली नजर में इतनी बड़ी संख्या में आत्मघात के मूल में पढ़ाई का दबाव, अभिभावकों की अतिश्योक्तिपूर्ण महत्वाकांक्षाएं, छात्रों की संवेदनशीलता और तंत्र की नाकामी बताई जा सकती है। लेकिन सवाल है कि हमारा तंत्र क्यों संवेदनहीन बना हुआ है? यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को तलब करके इस बाबत विस्तृत विवरण मांगा है। साथ ही सवाल पूछा है कि क्या देश के सभी शिक्षण संस्थान छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी निभा रहे हैं? शिक्षा को प्रतिस्पर्धा का रणक्षेत्र कब तक बनने दिया जाता रहेगा? आज का विद्यार्थी बचपन से ही एक ऐसी अंधी एवं प्रतिस्पर्धी दौड़ में धकेल दिया जाता है, जिसमें लक्ष्य अंक, ग्रेड, और रैंक बन गए हैं-ज्ञान, संवेदना और चरित्र नहीं। स्कूल अब शिक्षालय नहीं, बल्कि परीक्षा-केंद्र यानी गलाकाट प्रतियोगिता के केन्द्र बन चुके हैं। माता-पिता, शिक्षक और समाज-सभी ने मिलकर एक ऐसा माहौल बना दिया है, जहाँ सफलता का अर्थ केवल डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस या उच्च वेतन वाली नौकरी तक सीमित हो गया है। शिक्षा अब व्यक्ति के भीतर के मनुष्यत्व, रचनात्मकता और संवेदना को विकसित करने का माध्यम नहीं रही, बल्कि उसने जीवन को प्रदर्शन की प्रतियोगिता बना दिया है। छोटे बच्चों पर कोचिंग का बोझ, अभिभावकों की अपेक्षाएँ, और असफलता का भय?-ये तीन त्रिकोणीय दबाव उन्हें धीरे-धीरे मानसिक रूप से तोड़ देते हैं। शिक्षा अब एक बोझ और मानसिक तनाव का कारण बन गयी है। एनसीआरबी के आँकड़े बताते हैं कि छात्रों में आत्महत्या के प्रमुख कारण हैं-परीक्षा में असफलता, अभिभावकीय दबाव, भविष्य की चिंता और मानसिक अवसाद। भारत दुनिया के उन शीर्ष देशों में शामिल है जहाँ किशोरों में डिप्रेशन और आत्महत्या की प्रवृत्ति सबसे अधिक है। कबीर ने कहा था-पढ़ि-पढ़ि पंडित भया, पर भीतर का मन ना गया। आज की शिक्षा बच्चों को केवल जानकार बना रही है, ज्ञानी नहीं। विद्यालयों में रट्टामार संस्कृति, अंक-केंद्रित मूल्यांकन और शिक्षकों की संवेदनहीनता बच्चों के भीतर आत्मविश्वास के बजाय भय भर रही है। कई प्रतिष्ठित कोचिंग सेंटर्स में तो यह प्रवृत्ति और विकराल हो जाती है। कोटा, पटना, हैदराबाद, चेन्नई जैसे शहरों में हर वर्ष दर्जनों विद्यार्थी आत्महत्या करते हैं। विडंबना यह है कि वहाँ शिक्षा से ज्यादा प्रतियोगिता का उद्योग पनप गया है। बच्चे अपने परिवारों से दूर, दबाव और भय में जीते हैं, और अंततः जीवन से हार जाते हैं। साल 2020 में आई नई शिक्षा नीति ( एनइपी ) को लेकर बहुत उम्मीदें थीं कि शायद यह शिक्षा को बच्चों के बोझ से मुक्ति देगी, उसे रचनात्मकता और नैतिकता से जोड़ेगी। नीति में होलिस्टिक लर्निंग, जॉयफुल एजुकेशन, रिड्यूस्ड बोर्ड प्रेशर जैसे शब्द तो हैं, पर व्यवहारिक स्तर पर हालात में कोई ठोस परिवर्तन नहीं आया। स्कूलों में परीक्षा का दबाव जस का तस है, कॉलेजों में बेरोजगारी का डर और कोचिंग की होड़ बढ़ी है। शिक्षा नीति के भीतर आत्महत्या जैसे मानसिक स्वास्थ्य संकट पर कोई गंभीर विमर्श नहीं हुआ। जब तक शिक्षा नीति का केंद्र मानव-निर्माण नहीं होगा, तब तक यह प्रणाली केवल आंकड़े बढ़ाएगी-आत्महत्याओं के भी और बेरोजगारों के भी। सवाल यह भी है कि शैक्षणिक परिसरों में आत्महत्या रोकने के लिये जो कदम केंद्र व राज्य सरकारों को उठाने चाहिए थे, उसके बाबत देश की शीर्ष अदालत को क्यों पहल करनी चाहिए? इस मामले में सख्त रवैया अपनाते हुए सर्वोच्च न्यायालय को कहना पड़ा कि केंद्र व राज्य सरकारें आठ सप्ताह के भीतर वह विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत करें, जो आत्महत्या रोकने के दिशा-निर्देशों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करे। शिक्षा का मूल उद्देश्य क्या है? महात्मा गांधी ने कहा था-शिक्षा का अर्थ है शरीर, मन और आत्मा का सम्यक विकास। स्वामी विवेकानंद ने भी कहा शिक्षा वह है जो व्यक्ति में आत्मविश्वास, आत्मसंयम और आत्मबल भर दे। परंतु आज की शिक्षा न शरीर को स्वस्थ रख पा रही है, न मन को शांत, न आत्मा को ऊँचा। बच्चों को किताबों के बोझ तले दबा दिया गया है, पर जीवन की समझ नहीं दी गई। उन्हें बताया गया कि असफलता अपराध है, जबकि जीवन का सबसे बड़ा शिक्षक तो असफलता ही होती है। माता-पिता और शिक्षक दोनों को यह समझना होगा कि बच्चा कोई प्रोजेक्ट नहीं, एक जीवित आत्मा है। उसे सफलता के साँचे में ढालने से पहले उसे अपने ढंग से खिलने का अवसर देना जरूरी है। शिक्षक यदि केवल अंक देने वाले बन जाएँ और अभिभावक केवल रिपोर्ट कार्ड से बच्चे की योग्यता मापें, तो बच्चे का आत्मसम्मान कुचलना निश्चित है। जरूरी है कि घर और स्कूल दोनों जगह एक भावनात्मक संवाद स्थापित हो-जहाँ बच्चा अपनी असफलता, डर और उलझन को बिना भय के साझा कर सके।

भारत में मानसिक स्वास्थ्य को अब भी गंभीरता से नहीं लिया जाता। अधिकांश स्कूलों में काउंसलिंग सिस्टम या तो है ही नहीं या नाममात्र का है। बच्चों को यह सिखाया ही नहीं जाता कि तनाव से कैसे निपटें, असफलता को कैसे स्वीकारें या भावनाओं को कैसे व्यक्त करें। जिन्हें हम टॉपर कहते हैं, वे अक्सर भीतर से टूटे हुए होते हैं। आत्महत्या करने वाले बच्चों के पीछे अक्सर यह मनोवैज्ञानिक सत्य होता है कि उन्होंने कभी किसी से अपनी व्यथा कही ही नहीं। शिक्षा को केवल सूचना-प्राप्ति का माध्यम नहीं, जीवन-समझ का साधन बनाना होगा। जब तक बच्चों को यह नहीं सिखाया जाएगा कि जीवन अंक-पत्र से बड़ा है, तब तक यह संकट बना रहेगा। विद्यालयों में ध्यान, योग, संवाद, कला, संगीत और नैतिक शिक्षा को अनिवार्य बनाना चाहिए। सिर्फ पाठ्यक्रम नहीं, संवेदना-केंद्रित संस्कृति गढ़नी होगी। देश में मोटी पगार वाली नौकरियों की गलाकाट स्पर्धा में शिक्षण संस्थाएं व शिक्षक उस दायित्व को भूल गए हैं, जो छात्रों को विषयगत शिक्षा के साथ विषम परिस्थितियों के बीच जीवन जीने की कला सिखा सके। उन्हें व्यावहारिक जीवन का कौशल सिखाने के साथ ही चुनौतियों से जूझने की मानसिक शक्ति विकसित करने के लिए तैयार कर सकें। आखिर किसी परिवार की उम्मीद को किस स्थिति में यह सोचना पड़ता है कि मौत को गले लगाना अंतिम विकल्प है? शिक्षा परिसरों में ऐसी स्थितियां क्यों विकसित हो रही हैं कि विद्यार्थी जीवन से हार मानने लगे हैं? निस्संदेह, शिक्षण संस्थानों का एक मात्र लक्ष्य किताबी ज्ञान देकर डिग्री बांटने तक ही नहीं हो सकता।यह प्रश्न अब टालने योग्य नहीं रहा कि क्या हम बच्चों को पढ़ा रहे हैं या उन्हें धीरे-धीरे तोड़ रहे हैं? शिक्षा यदि आत्महत्या का कारण बन जाए, तो उससे बड़ा विडंबनापूर्ण पराजय कोई नहीं। जरूरत है ऐसी शिक्षा की जो बच्चों को जीवन से प्रेम करना सिखाए, न कि जीवन से भागना। महर्षि अरविंद ने कहा था-सच्ची शिक्षा वह है जो भीतर की दिव्यता को प्रकट करे। समय आ गया है कि हम शिक्षा की दिशा को पुनर्परिभाषित करें, जहाँ परीक्षा नहीं, व्यक्तित्व महत्वपूर्ण हो; रैंक नहीं, रचनात्मकता का मूल्य हो; और सफलता नहीं, संतुलन एवं सुख शिक्षा का लक्ष्य बने। यदि हम यह नहीं कर पाए, तो आने वाले वर्षों में यह आंकड़ा-14,000 से बढ़कर, हमारी सामूहिक संवेदनहीनता की जीवित कब्र बन जाएगा। निस्संदेह, देश के स्कूली छात्रों में आत्मघात की प्रवृत्ति राष्ट्र की गंभीर क्षति है, जिसे संवेदनशील ढंग से दूर करने की तत्काल जरूरत है। **-ललित गर्ग**

# साबित कीजिए कि आप जिंदा हैं

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

हर साल नवंबर आते ही ठंड से ज्यादा ठिठुरन सरकारी आदेशों से लगती है। पेंशनर घरों से बाहर निकलते हैं, क्योंकि साबित करना होता कि वे जिंदा हैं! बैंक कह रहा होता है कि, अगर आप वास्तव में मर नहीं गए हैं, तो फिंगरप्रिंट देकर दिखाइए। आदमी को मरने के बाद शांति मिलती है या नहीं, पता नहीं , पर पेंशन लेना हो तो जिंदा होने का प्रमाण देना पड़ता है। बैंक के दरवाजे पर लंबी लाइनें हैं। एक ओर बुजुर्ग अपने झुके हुए शरीर को सीधा करने की कोशिश में हैं, तो दूसरी ओर मशीनें हैं जो कह रही हैं , फिंगरप्रिंट मैच नहीं हुआ। मशीन को क्या पता, इन हाथों ने कभी देश बनाया था ! अब वही हाथ तकनीक के आगे बार बार जिंदा होते हुए भी , जीवन प्रमाण पत्र के लिए अपात्र घोषित हो जाते हैं। सामने बैठा युवा क्लर्क कहता है – सर, मशीन आपको पहचान नहीं रही। बुजुर्ग मुस्कराकर कहते हैं , बेटा, मशीन तो क्या, अब तो अपने बच्चे भी नहीं पहचानते। नियम तो नियम है। सरकारी तंत्र में संवेदना की जगह 'सॉफ्टवेयर' है। फाइलें तो खैर अब डिजिटल हो गई हैं, पर सोच अब भी वही पाषाणयुगीन है। बैंक वाला, अधिकारी, कंप्यूटर सब एक स्वर में कहते हैं जीवन प्रमाण पत्र दो, तभी पेंशन जारी रह सकेगी । जीवन प्रमाण न हुआ वार्षिक टेंडर हो गया , जो हर साल रिन्यू होता है। पर सोचिए, क्या वाकई केवल पेंशनर ही जिंदा होने का प्रमाण दे रहे हैं? पूरा देश तो रोज साबित कर रहा है कि वह अब भी किसी न किसी तरह सांस ले रहा है। नौकरी वाला रोज बॉस के सामने रिपोर्ट देकर सिद्ध करता है कि वह 'कार्यशील' है। गृहिणी पूरे परिवार के लिए रसोई में खड़े होकर हर सुबह यह प्रमाण देती है कि वह 'कर्तव्यनिष्ठ' है। छात्र हर परीक्षा में यह साबित करता है कि वह 'भविष्य ' है। और सोशल मीडिया पर सक्रिय जन रोजाना एक नई फोटो डालकर लगातार यह सिद्ध करते रहते हैं कि वे 'जीवित' हैं। यानी अब जीवन की सबसे बड़ी कसौटी यही है , प्रूफ ऑफ एक्जिस्टेंस! वो जमाना गया जब आदमी अपनी आत्मा की आवाज पर जीता था। अब तो जीना भी पासवर्ड से लॉगिन होकर ही शुरू होता है। जो ऑनलाइन है, वही जिंदा है। जिसने दो दिन तक मैसेज का जवाब नहीं दिया, उसके लिए लोग शोकसभा जैसा भाव प्रकट करने लगते हैं भाई, कहाँ गायब हो? अब आदमी शरीर से नहीं, नेटवर्क से जिंदा माना जाता है। शहरों में जिंदा रहना भी एक कला बन गया है। कोई ईएमआई भरते-भरते आधा मर चुका है, कोई प्रमोशन की दौड़ में बाकी आधा। कोई रिश्तों को 'म्यूट' पर रखे हुए है, कोई भावनाओं को 'आर्काइव' कर चुका है। चेहरे मुस्कुराते हैं, दिल सोता है। और फिर हम सब कहते हैं हाँ, हम जिंदा हैं। पर असली सवाल यह है कि जिंदा कौन है? वह जो सरकारी फाइल में मौजूद है या वह जो अपने भीतर की आग को अब भी जलाए हुए है? कोई पेंशनर लाइन में खड़ा हो सकता है पर भीतर से मरा नहीं है। वहीं, कोई युवा पाँच सितारा दफ्तर में बैठा है पर अंदर से समझौते की जिंदगी जीते जीते सड़ चुका है। सरकार का जीवन प्रमाण पत्र मशीन से मिलता है, आत्मा का जीवन प्रमाण पत्र अंतरात्मा से। फर्क सिर्फ इतना है कि पहले वाले के लिए अंगूठा चाहिए, दूसरे के लिए साहस। यह सब देखकर कभी-कभी लगता है कि हमारा सिस्टम आत्माओं का मुर्दाघर बन गया है। यहाँ सिर्फ वही जिंदा माना जाता है जो नियमों से मेल खाता है। जो सवाल पूछे, जो सोचने की हिम्मत करे, उसे 'नॉन-कॉम्प्लायंट' घोषित कर दिया जाता है। आदमी की जीवंतता का अर्थ अब सिर्फ यह है कि वह विरोध न करे, बस लाइन में लगा रहे। वोट देता रहे , हां में हां मिलाए और भीड़ के साथ भागता रहे । कहने को सब जिंदा हैं, पर ज़िंदगी का स्वाद किसी के पास नहीं। किसी ने नौकरी के नाम पर नींद बेच दी, किसी ने आत्मसम्मान। हर कोई सांस ले रहा है, पर जी नहीं रहा। कोई जीने की कोशिश करता है तो समाज कहता है , इतना एक्टिव क्यों है? और अगर कोई चुप रहे तो पूछा जाता है इतना सुस्त क्यों है? यानी हर हालत में तुम्हें यह साबित करते रहना है कि तुम 'समाज की तरह से जिंदा' हो। इस सबके बीच पेंशनर का अंगूठा पहचानने में मशीन असफल होती है, आंखे ब्लिंक करवाई जाती हैं पर केटरेक्ट के आपरेशन के चलते मशीन पुतली को भी नहीं पहचानती और यही दृश्य हमारे पूरे समाज का पहचान प्रतीक बन जाता है। मशीनें अब इंसान को नहीं पहचानतीं, और इंसान खुद को पहचानने की स्थिति में बचा नहीं है। तो जब इस नवंबर में बैंक वाले आपसे कहें कि साबित कीजिए कि जिंदा हैं, तो जरा मुस्कराइए और सोचिए , सच में कौन जिंदा है? वो जो ठंड में कांपते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है, या वो जो आरामकुर्सी में बैठकर दूसरों की फाइलें रोक रहा है?

## सेहत मंत्र

# सलाद खाने से होते हैं जबरदस्त फायदे

जब भी व्यक्ति वजन कम करने का मन बनाता है तो सबसे पहले डाइट में सलाद ही शामिल किया जाता है। लेकिन वास्तव में सलाद का सेवन करने से सिर्फ वजन ही कम नहीं होता, बल्कि इससे आपके स्वास्थ्य को अन्य भी कई तरह के लाभ प्राप्त होते हैं। अगर आप अब तक सलाद से होने वाले लाभों से अनजान हैं तो चलिए आज हम आपको इस बारे में बताते हैं? जब आप अपनी डाइट में सलाद को शामिल करते हैं तो इससे आपको कई तरह के पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। ऐसे में अगर भोजन से आपके सभी पोषक तत्व प्राप्त नहीं होते तो डाइट उसकी कमी पूरी कर देते हैं। इसके अतिरिक्त सलाद में फाइबर भी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जिसके कारण आपका पेट लंबे समय तक भरा रहता है। साथ ही शरीर की कार्यप्रणाली जैसे पाचन तंत्र आदि को सुचारू रूप से कार्य करने में सहायक होती है। वहीं यह इम्युन सिस्टम को मजबूत बनाता है व कई तरह की बीमारियों जैसे हृदय रोग, कैंसर, स्किन प्रॉब्लम, पेट की समस्या को दूर करने व ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाने में मदद करता है। सलाद में शामिल कई सब्जियां जैसे खीरा आदि में पर्याप्त मात्रा में पानी पाया जाता है। ऐसे में जब आप सलाद को आहार में शामिल करते हैं तो शरीर में पानी की कमी पूरी होती है। जहां एक ओर सलाद व्यक्ति को निर्जलीकरण से बचाता है, वहीं दूसरी ओर यह आपके शरीर को ऊर्जावान बनाए रखता है। सलाद में केवल खीरा, प्याज व टमाटर ही शामिल न करें, बल्कि सलाद में अन्य कई तरह की सब्जियों जैसे गाजर, चुंकदर, ककड़ी, पालक, मूली व पत्तागोभी आदि को भी शामिल करें। इस तरह की सब्जियां स्किन के लिए काफी अच्छी होती हैं। यह स्किन समस्याओं को दूर करने के साथ?साथ एंटी?एंजिंग की तरह भी काम करते हैं। अक्सर किसी भी तरह के आहार को खाने से पहले व्यक्ति उसके कैलोरी काउंट को अवश्य देखता है लेकिन सलाद के साथ ऐसा नहीं होता। आप सलाद को बेफ्रिक होकर खा सकते हैं क्योंकि उसमें कैलोरी बेहद ही कम होती है। साथ ही थकावट को भी दूर करता है। इसके अतिरिक्त जो लोग वजन कम करने की फिराक में रहते हैं, उनके लिए सलाद का सेवन विशेष रूप से लाभदायी माना गया है।

## धर्म मंत्र

# भगवान शंकर भी प्रसन्न हो उठे थे देवी पार्वती के प्रेम व निष्ठा जानकर

सप्तऋषियों ने देवी पार्वती जी के विश्वास व निष्ठा की हर प्रकार से परीक्षा ली। परिणाम में यही प्राप्त हुआ, कि देवी पार्वती जी से बढ़कर, भगवान शिव की अनन्य उपासक इस संपूर्ण संसार में, दूसरा कोई नहीं था। किंतु हमारे मन में एक प्रश्न उठता है, कि भगवान शंकर ने सप्तऋषियों को ऐसा क्यों कहा, कि जाकर पार्वती जी के विश्वास की परीक्षा लो। कारण यह था, कि भगवान शंकर क्योंकि स्वयं विश्वास के अवतार हैं- 'भवानीशंकरौ वन्दे श्रद्धाविश्वासरुपिणौ।' अर्थात भवानी जी श्रद्धा हैं, एवं भोलेनाथ साक्षात विश्वास हैं। मैं उन्हें दोनों हाथ जोड़ कर प्रार्थना करता हूं। इस सलोक में अब आप ही समझिये, कि भगवान शंकर जब स्वयं ही विश्वास का रुप हैं, तो उनके साथ किसको बैठने की अनुमति होनी चाहिए? क्या उनके साथ श्रीसती जी, जो कि संदेह से सना मन रखती हैं, वे होनी चाहिए? अथवा भोलेनाथ पर अटूट श्रद्धा व विश्वास रखने वाली देवी पार्वती जी होनी चाहिए। निःसंदेह देवी पार्वती जी ही उनके साथ शौभा पाती हैं। इसीलिए भगवान शंकर ने पहले ही यह सुनिश्चित करना चाहा, कि जिसे मेरे लिए श्रीराम जी ने वधु रुप में चुना है, पहले मैं यह तो देख लूँ, कि मैं उसे पति रुप में पूर्ण रुप में स्वीकार हुँ भी, अथवा नहीं हुँ। क्या वे भी सती की भाँति मेरे ही वचनों पर तो संदेह तो नहीं करेगी? लेकिन देवी पार्वती जी ने अपने वचनों से यह कहकर, स्वयं प्रमाणित कर दिया, कि अब तो भले स्वयं शंकर भगवान भी मुझे अपनी हठ छोड़ने को कहें, तो भी मैं नारद जी के वचनों से पीछे नहीं हटुँगी।

## पर्यटन



# शोरगुल और भीड़ से दूर माशोबरा के जंगलों में घूमने का अलग ही है मजा

शिमला जिले में स्थित माशोबरा बहुत ही खूबसूरत ट्रैवल डेस्टिनेशन है। जहां आपको घूमने के कई सारे ऑप्शन मिलेंगे। समुद्र तल से 2500 मीटर की ऊंचाई पर स्थित माशोबरा चारों ओर से चीड़, पाइन और देवदार के जंगलों से घिरा हुआ है। मशोबरा एशिया के सबसे बड़े वाटरशेड के रूप में जाना जाता है। ऑफ-बीट डेस्टिनेशन में शामिल ये जगह एडवेंचर के साथ-साथ रिलैक्सिंग और एन्जॉयमेंट के लिए भी बेस्ट है। एडवेंचर के लिए ये हैं ऑप्शन्सः यहां आप ट्रैकिंग से लेकर पैराग्लाइडिंग, पोनी राइड्स, कैंपिंग और बारमेन-बसंतपुर रोड पर बाइकिंग जैसे कई सारे एडवेंचर का मजा ले सकते हैं। जाखू मंदिरः शिमला में 8500 फीट की ऊंचाई पर निर्मित हनुमान जी के इस मंदिर के बारे में मान्यता है कि ये रामायण के वक्त से है। इतनी ऊंचाई पर बने होने की वजह से शिमला के किसी भी कोने से आप हनुमान जी के दर्शन कर सकते हैं। जाखू पहाड़ी पर घने जंगलों के बीच बने हुए इस मंदिर तक पहुंचने के लिए आपको माशोबरा से लगभग 5 किमी का सफर तय करना पड़ता है। महासू देवता मंदिरः भगवान शिव को माशोबरा और आसपास के इलाके के लोग महासू देवता के नाम से पुकारते हैं। हर साल मई महीने के तीसरे मंगलवार को यहां 2 दिनों का महासू जत्रा उत्सव मनाया जाता है। जिसमें यहां के स्थानीय लोग अपने लोक गीत, नृत्य और तीरंदाजी का प्रदर्शन करते हैं। तो अगर आप यहां की असली संस्कृति से रूबरू होना चाहते हैं तो मई महीने में अपना ट्रिप प्लान करें। रिज़र्व फॉरेस्ट सेंचुरीः नेचर लवर्स के लिए मशोबरा का यात्रा इसलिए भी यादगार साबित हो सकती है क्योंकि यहां की इस फॉरेस्ट सेंचुरी में आपको अलग-अलग तरह के बहुत सारे पक्षी देखने को मिलते हैं। चीड़, देवदार के घने जंगलों में पक्षियों की चहचहाट के अलावा आपको किसी भी प्रकार का दूसरा शोर सुनाई नहीं देगा. ट्रैकिंग के अलावा कैंपिग और पिकनिक जैसी कई एक्टिविटीज़ यहां कर सकते हैं।

# एसआईआर अभियान के तहत मजिस्ट्रेट ने ली फार्म वितरण संकलन की जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली बाराबंकी। क्षेत्र में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत शनिवार को अतरिक्त मजिस्ट्रेट प्रथम मधुमिता सिंह ने मसौली क्षेत्र के कई बूथों का निरीक्षण किया। बीएलओ से फॉर्म वितरण और संकलन की स्थिति की जानकारी ली।

अतरिक्त मजिस्ट्रेट प्रथम मधुमिता सिंह ने ग्राम नयागाँव, करपिया, नेवला करसंडा, बड़ागांव, मसौली के बूथों पर जाकर चल रहे एसआईआर कार्य प्रगति की जानकारी ली तथा सभी बीएलओ से कहा कि सभी प्रपत्र समय से भरवाकर जमा कराएं। उन्होंने सभी मतदाताओं से इस अभियान में सहयोग करने की अपील की, ताकि वोटर लिस्ट को सही ढंग से तैयार किया जा सके। उन्होंने प्रक्रिया की पारदर्शिता और शुद्धता पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की कार्यवाही के दौरान अपने मतदेय स्थल के समस्त मतदाताओं से सम्पर्क करते हुए प्रत्येक मतदाता को गणना प्रपत्र दो प्रतियों में उपलब्ध कराए और उन्हें गणना प्रपत्र भरने में सहायता प्रदान की जायेगी। बीएलओ द्वारा इस बात का भी ध्यान रखा जायेगा कि वृद्ध, बीमार, दिव्यांग, निर्धन एवं अन्य अशक्त समूहों के मतदाताओं को गणना प्रपत्र प्राप्त करने एवं भर कर जमा करने में कोई असुविधा न हो और कोई भी पात्र व्यक्ति मतदान सूची से वंचित न रहे। इस दौरान अतरिक्त मजिस्ट्रेट मधुमिता सिंह ने पंचायत भवन बड़ागांव मे संचालित लाइब्रेरी का निरीक्षण किया और बच्चो से मन लगाकर पढ़ने की अपील की।

# मिशन शक्ति पेज 05 के तहत महिलाओं बालिकाओं को किया गया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, हेतु चलाये जा रहे ह्लमिशन शक्ति फ़ेज- 05ङ्क के दृष्टिगत पुलिस द्वारा जागरुकता कार्यक्रम प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे ह्लमिशन शक्ति फ़ेज- 05ङ्क के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में बाराबंकी पुलिस के समस्त थानों में संचालित मिशन शक्ति केन्द्र की महिला अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा अपने- अपने क्षेत्रों में महिला सुरक्षा के संबंध में जागरूक कर उ0प्र0 शासन व उ0प्र0 पुलिस के स्तर से संचालित समस्त योजनाओं एवं प्रबन्धों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वीमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।

# ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने लिया महादेवा महोत्सव तैयारी का जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। श्रीलोधेश्वर महादेवा धाम में महादेवा महोत्सव 2025 की तैयारियों का उपजिलाधिकारी गुंजिता अग्रवाल ने निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने महोत्सव स्थल पंडाल झूला स्टॉल बैरिकेडिंग तथा आने-जाने वाले मार्गो का गहनता से जायजा लिया।अगले क्रम में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि महोत्सव से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय सीमा में पूरी की जाएं।उन्होंने कहा कि महादेवा महोत्सव धार्मिक आस्था और जनभावनाओं से जुड़ा आयोजन है।इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं इसलिए प्रशासन की जिम्मेदारी है कि सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रहें और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।उन्होंने तहसीलदार विपुल सिंह और लेखपाल संतोष कुमार को विशेष रूप से निर्देशित किया कि महोत्सव स्थल की सफाई प्रकाश व्यवस्था पेयजल पार्किंग और सुरक्षा की तैयारी पर विशेष ध्यान दिया जाए।निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय सहित राजस्व व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# बिहार में चुनावी हवा देख कर भाजपा घबरा गयी है: अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि बिहार में इंडिया गठबंधन की सरकार बनते देख भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) घबरा गयी है। श्री यादव ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में चार विशाल चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित किया। उन्होने कहा कि इंडिया गठबंधन बिहार के नौजवानों को नौकरी, रोजगार, छात्रों को लैपटॉप देने, एक्सप्रेस-वे, और सड़कें बनाने की बात कर रही है। जबकि राजग के लोग कट्टे और जंगलराज की बात कर रहे हैं। भाजपा ने बिहार को बर्बाद कर दिया है। किसानों, नौजवानों, व्यापारियों सभी वर्गों को धोखा दिया है। उन्होने कहा कि दिल्ली से जो आते हैं वे प्रधानमंत्री नहीं उद्योगपति हैं। उन्हें गरीबों की चिंता नहीं है। उन्होंने महंगाई चरम पर पहुंचा दिया है। गैस सिलेण्डर के दाम बढ़ा दिए। डीजल-पेट्रोल के दाम बढ़ा दिये। उन्हें गरीबों नहीं सिर्फ उद्योगपतियों की चिंता है। वे उद्योगपतियों को बैंकों से पैसा दिलाते हैं। उद्योगपतियों को बढ़ाते हैं। पिछले दस साल में अपने करीबी उद्योगपतियों को बैंकों में जमा जनता का पैसा दिलाकर बहुत आगे बढ़ा दिया है। जनता भाजपा के धोखा और झूठ को समझ गयी है। बिहार में बदलाव हो रहा है।श्री यादव ने कहा कि बिहार में नौजवान तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बन रहे है। तेजस्वी हर घर नौकरी देंगे। माताओं-बहनों को हर महीने 2500 रुपये महीने देंगे। महंगाई कम करेंगे। गैस सिलेण्डर 500 रूपया में मिलेगा। हर घर को 200 यूनिट बिजली मुफ्त देंगे। छात्राओं को साइकिल देंगे। हमने उत्तर प्रदेश में समाजवादी सरकार के दौरान छात्र-छात्राओं को 20 लाख लैपटॉप बांटे थे। जब तेजस्वी यादव हर घर नौकरी देने की बात करते है तो दिल्ली से आ रहे भाजपा के नेता सवाल उठा रहे है। हमारा कहना है कि अगर प्रधानमंत्री उद्योगपतियों को बैंकों से पैसा दिलाकर उन्हें आगे बढ़ा सकते है। उनकी फैक्ट्रियां और उद्योग लगवा सकते हैं तो तेजस्वी यादव भी सरकारी पैसे से गरीबों को नौकरी देंगे।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की एसआईआर की प्रगति की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शनिवार को सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रगति की समीक्षा की।

श्री रिणवा ने निर्देश दिये कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी रखी जाये और अपात्र व्यक्ति सूची में न शामिल हों, सभी पात्र नागरिकों के नाम जोड़े जायें। सभी जिलों द्वारा राजनीतिक दलों से बैठक कर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्ति का अनुरोध किया गया।

अधिकांश जिलों में गणना प्रपत्र की छपाई पूर्ण, गणना प्रपत्र वितरण में धीमी प्रगति वाले कुछ जिलों (प्रयागराज, मेरठ, हरदोई, बहराइच, वाराणसी, बलरामपुर, सोनभद्र, गाजीपुर, देवरिया, अमरोहा, जौनपुर, फतेहपुर, गाजियाबाद, शाहजहांपुर, गोरखपुर, कासगंज, आगरा, उन्नाव, बदायूं, बांदा, हापुड़) को गति बढ़ाने के निर्देश दिये गये और 15 नवम्बर तक 100 प्रतिशत गणना प्रपत्र वितरण के निर्देश जारी किये गये। मतदाता पोर्टल पर रिक्वेस्ट डालकर बीएलओ से सीधे बात कर सकेंगे। बीएलओ को 48 घंटे में प्रत्युत्तर देना अनिवार्य, सुविधा को 1950 हेल्पलाइन की तरह सक्रिय रखने के निर्देश दिया गया है। सभी जिलों में जिला सम्पर्क केन्द्र संचालित किये जा रहे हैं, जहां कॉल दर्ज कर मतदाताओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों और मतदाताओं से सक्रिय सहयोग की अपील की।

# खेलकूद प्रतियोगिता, पूर्व प्रमुख ने किया प्रतिभागियों को सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। वीणा सुधाकर महाविद्यालय मसौली में चल रही दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता मे प्रतिभागी बच्चो को महाविद्यालय के प्रबंधक मयंक ओझा एव पूर्व ब्लाक प्रमुख रामनगर राजनसिंह ने बच्चो को मैडल देकर सम्मानित किया। दो दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में महाविद्यालय के बालक एवं बालिका वर्ग के विद्यार्थियों ने लांग जंप, कबड्डी, वॉलीबॉल, भाला फेंक, खो-खो, चक्का फेंक, गोला फेंक प्रतियोगिता मे शामिल हुए जिसमे बालक वर्ग की सौ मीटर दौड़ मे आकाश यादव प्रथम राज गुप्ता द्वितीय व आनंद कुमार तीसरे स्थान पर रहे बालिका वर्ग की दौड़ मे वीनू मौर्या प्रथम आकृति राजवंशी द्वितीय एव शिवानी तीसरे स्थान पर रही। चार सौ मीटर दौड़ मे आकाश यादव प्रथम शैलेन्द्र कुमार द्वितीय व आनंद कुमार तीसरे स्थान पर रहे बालिका वर्ग की दौड़ मे हिना प्रथम सपना द्वितीय व कशिश तीसरे स्थान पर रही। बालक वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता मे आकाश वर्मा की टीम विजेता व मोहम्मद कैफ की टीम उपविजेता रही। बालिका वर्ग कि कबड्डी प्रतियोगिता मे हिना की टीम विजेता व उजमा बानी की टीम उपविजेता रही। बालक वर्ग की लंबी कूद मे विवेक यादव प्रथम राज गुप्ता द्वितीय शिवम् कुमार तृतीय, भाला फेंक प्रतियोगिता बालिका वर्ग मे संजना प्रथम बबीता द्वितीय व छाया तृतीय, बालक वर्ग गोला फेंक प्रतियोगिता मे आशीष प्रथम शैलेंद्र द्वितीय नमन तृतीय गोला फेंक बालिका वर्ग मे संध्या पाल को प्रथम नंदनी राजपूत द्वितीय निशा तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता का समापन के बाद प्रबंधक मयंक ओझा एव शैक्षिक समन्वयक डॉ दिनेश कुमार सिंह द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को मेडल एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामनगर राजन सिंह ने बच्चो का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल हमारे देश के प्राचीनतम खेल है जिसकी देश में बड़ी पहचान है।

खेल प्रभारी एवं भूगोल विभागाध्यक्ष श्री कनौजिया, जितेंद्र यादव, जीशान अहमद, आराधना वर्मा, डॉ. अर्चना सिंह, सरिता सिंह, चंद्र मोहन तिवारी तथा तकनीकी टीम से सौरभ सिंह एवं प्रदीप उपस्थित रहे।

# खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देकर किसानों के उत्पादों का अधिक मूल्य दिलाना प्राथमिक लक्ष्य : केशव प्रसाद मौर्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को प्रोत्साहन देने, किसानों को उनके उत्पादों का अधिक से अधिक मूल्य दिलाने और विकसित भारत के निर्माण में इस सेक्टर के योगदान को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा भारतीय सेना के सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों को खाद्य प्रसंस्करण एवं गुणवत्ता प्रबंधन (पैकेजिंग और लेबलिंग सहित) में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, सप्रू मार्ग, लखनऊ स्थित ऑडिटोरियम में किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री बी.एल. मीना ने प्रशिक्षण पूरा करने वाले 40 जेसीओ स्तर के अधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

श्री मीना ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेना के प्रशिक्षार्थियों को इस प्रशिक्षण से जो ज्ञान एवं अनुभव प्राप्त हुआ है, उसे वे स्वयं के रोजगार से जोड़कर उद्यमी के रूप में अपनी पहचान स्थापित करें। उन्होंने प्रतिभागियों को उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीतिऽ2023 और पीएमएफएमई योजना से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आरफ्रेक (रीजनल फूड रिसर्च एंड एनालिसिस सेंटर), लखनऊ के निदेशक डॉ. हरीश कुमार ने संस्था के कार्यक्रमों और प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी दी। डॉ. कोमल सिंह, विभागाध्यक्ष, खाद्य प्रसंस्करण संकाय, बीबीएयू, अमेठी शाखा ने विभाग और आरफ्रेक को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सेना के अधिकारियों को स्टार्टअप के रूप में स्व-रोजगार सृजन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सेना के महानिदेशक, पुनर्वास विभाग, लखनऊ मुख्यालय से ऑनलाइन जुड़कर प्रतिभाग किया गया। उन्होंने सेना के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विभाग एवं संस्थान के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रशिक्षणार्थियों के प्रतिनिधि ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस कार्यक्रम ने उन्हें नवीनतम तकनीकों से अवगत कराया है और सेवानिवृत्ति के बाद स्वयं का रोजगार शुरू करने की दिशा में मार्ग प्रशस्त किया है। इस कार्यक्रम में श्री भानुप्रकाश राम, निदेशक (उद्यान) ने भी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। डॉ. अरविन्द कुमार सिंह, कंसल्टेंट द्वारा उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीतिऽ2023 और डॉ. सोम्या अविरल मिश्रा, फूड टेक्नोलॉजिस्ट द्वारा पीएमएफएमई योजना पर प्रस्तुतिकरण दिया गया। गौरतलब है कि इससे पहले भी आरफ्रेक, लखनऊ द्वारा रक्षा मंत्रालय के डायरेक्टर जनरल (री-सेटलमेंट) के प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सेना के अधिकारियों और कर्मचारियों को सर्टिफिकेट इन बेकरी एंड कन्फ़ेक्शनरी में 16 सप्ताह का प्रशिक्षण दिया गया था। उस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रशिक्षित प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए थे और खाद्य प्रसंस्करण में उद्यम स्थापित करने वाले चार उद्यमियों को 9 करोड़ से अधिक की धनराशि अनुदान स्वरूप प्रदान की थी।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र भारत को एक बड़ा निर्यातक देश बनाने की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाएगा।

## थाना समाधान दिवस, एसडीएम ने सुना फरियाद

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली में उपजिलाधिकारी गुंजिता अग्रवाल की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।इस दौरान क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत तहसीलदार विपुल सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे सहित राजस्व एवं पुलिस कर्मी मौजूद रहे।जन सुनवाई में राजस्व से संबंधित कुल पांच प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। अधिकारियों ने सभी शिकायतों की गंभीरता से सुनवाई करते हुए शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

## सड़क हादसे में एक की मौत दूसरा गंभीर रूप से घायल

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जैदपुर कोठी मार्ग पर शनिवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। शिवाला का पुरवा मंदिर के सामने सुपर स्प्लेंडर सवार दो युवक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक, मोहम्मद शोएब पुत्र गुल्ले निवासी पोटेदारन थाना जैदपुर और साकीर पुत्र नौशाद निवासी पछली थाना जैदपुर, बाइक से कोठी से जैदपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान शिवाला पुरवा के पास सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय लोगों ने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मोहम्मद शोएब को मृत घोषित कर दिया। वहीं साकीर की हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

थाना प्रभारी अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। वही अज्ञात वाहन चालक की तलाश की जा रही है

## बाइक मैकेनिक ने फांसी लगाकर दी जान

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में मौदहा कोतवाली क्षेत्र के कुम्हरौडा मुहल्ले में एक युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शनिवार को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली प्रभारी उमेश सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान अमित (22) पुत्र राम कुमार निवासी कुम्हरौडा मुहल्ला के रूप में हुई है। वह पेशे से बाइक मैकेनिक था और इंगोहटा गांव में अपनी बाइक रिपेयर की दुकान चलाता था। पूछताछ में पता चला है कि जब युवक ने फांसी लगाई तब घर में कोई मौजूद नहीं था। परिजनों के लौटने पर अमित को फांसी पर लटका देखा पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और आवश्यक जांच शुरू की।

थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक अमित तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और अविवाहित था। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है।

## अहरौरा बांध के मेन कैनाल में रिसाव पर किसानों का हल्लाबोल, दूसरे दिन भी धरना जारी

मीरजापुर। अहरौरा बांध के मेन कैनाल से लगातार हो रहे पानी के रिसाव ने किसानों की नींद उड़ा दी है। सिंचाई विभाग की लापरवाही के कारण नहर से 80 से 90 क्यूसेक पानी व्यर्थ बह रहा है। परिणामस्वरूप तैयार धान की फसलें तेजी से बर्बाद हो रही हैं। यही कारण है कि भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में किसानों का धरना शनिवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर पहुंचे एक्सियन हरिशंकर प्रसाद ने टेक्निकल टीम और गोताखोरों के साथ नहर की स्थिति का निरीक्षण किया। टीम ने बताया कि रिसाव को पूरी तरह बंद करने में तीन से चार दिन का समय लगेगा। गोताखोर पानी में उतरकर रिसाव की सटीक जगह का पता लगाएंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह ने चेतावनी दी कि यदि अगले 72 घंटे में रिसाव पर रोक नहीं लगी तो किसान स्टेट हाइवे वाराणसीऽशक्तिनगर मार्ग को जाम करने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि पानी की बर्बादी और सिंचाई विभाग की लापरवाही से मेहनतकश किसानों की तैयार फसलें बर्बाद हो रही हैं, मगर अधिकारी सिर्फ आश्वासन दे रहे हैं। धरना स्थल पर पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह, भाकियू प्रदेश महामंत्री प्रहलाद सिंह, जिलाध्यक्ष कंचन सिंह फौजी, गोपालदास गुप्ता सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे। किसानों ने साफ कहा कि जब तक रिसाव पूरी तरह बंद नहीं होगा, आंदोलन जारी रहेगा।

# योगी सरकार में खेल और खिलाड़ियों को मिला बढ़ावा : राकेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। डिस्ट्रिक्ट आर्चरी एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित 10वीं सब जूनियर प्रदेशीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के समापन प्चात प्रतिभा प्रतिभागी खिलाड़ियों को सम्मानित कियागया। ज्ञात हो कि नगर के के.डी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश वर्मा कर्रा ने विजयी खिलाड़ियों एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। तीरंदाजी प्रतियोगिता में बालक वर्ग से बागपत के अंश शेखावत ने प्रथम, सोनभद्र के प्रियांशु ने द्वितीय, बागपत के लव ने तृतीय स्थान मिला। मुख्य अतिथि राकेश वर्मा कर्रा ने कहा कि भाजपा सरकार खेल के क्षेत्र में नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के प्रयास लगातार कर रही हैं। धनुर्विद्या प्राचीन काल से हमारे बीच चली आ रही है, इसका गौरवशाली इतिहास रहा है। हमारे धर्मग्रन्थों व पुराणों आदि में भी इसका उल्लेख मिलता है। श्री वर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं भी दी। अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी राजेश सोनकर, जिला तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष हरपाल सिंह, कोषाध्यक्ष अश्वनी वर्मा, बलराम कृष्ण यादव, अभिषेक पटेल, कपिल वर्मा, योगेंद्र सिंह राणा आदि कई लोग उपस्थित रहे।

# तीर्थ यात्रियों के लिए वरदा साबित होंगी बंदे भारत ट्रेनें : 'दयालु'

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वाराणसी से खजुराहो के लिए नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने इस ट्रेन को तीर्थ यात्रियों के लिए वरदान बताया। बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचार कार्य में व्यस्त होने के कारण डॉ. मिश्र ने अपने जनसंपर्क अधिकारी गौरव राठी के माध्यम से एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज एक ऐतिहासिक पहल की है। यह ट्रेन भगवान शिव की नगरी वाराणसी को भगवान श्रीराम के वनवास स्थल चित्रकूट से जोड़ेगी।

डॉ. मिश्र ने कहा कि चित्रकूट वह पवित्र स्थल है जहां भगवान श्रीराम ने अपने 14 वर्षों के वनवास में से 12 वर्ष व्यतीत किए थे। अब तक वाराणसी से चित्रकूट धाम के लिए कोई सीधी रेल सेवा उपलब्ध नहीं थी, जिसके कारण श्रद्धालुओं को सड़क मार्ग से यात्रा करनी पड़ती थी, जो समयसाध्य और महंगी थी। प्रधानमंत्री द्वारा इस वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत से अब दोनों तीर्थ स्थलों के बीच यात्रा सुगम, सुविधाजनक और तीव्र हो जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक साथ तीन और वंदे भारत ट्रेनों का शुभारंभ कर देशवासियों को समय के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का प्रेरक संदेश दिया है। यह पहल न केवल तीर्थ यात्राओं को सुलभ बनाएगी, बल्कि प्रदेश और देश के आर्थिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक पर्यटन को भी नई दिशा देगी। आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने काशी वासियों सहित पूरे प्रदेशवासियों को इस नई वंदे भारत एक्सप्रेस के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश निरंतर विकास और आधुनिकता की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

# पांचवां टी-20 बारिश से रद्द भारत ने 2-1 से जीती सीरीज

एजेंसी





ब्रिसबेन। गाबा मैदान में खेले गए पांचवें और आखिरी टी 20 इंटरनेशनल मुकाबले में बारिश ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रोमांचक टक्कर को बीच में ही रोक दिया। मैच रद्द होने के साथ ही भारत ने पांच मैचों की सीरीज़ 2-1 से अपने नाम कर ली। ओपनर अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने तेज़ शुरुआत दी थी, लेकिन बिजली गिरने और उसके बाद आई भारी बारिश ने मुकाबले को पूरा नहीं होने दिया। इस परिणाम से भारत ने अपनी बेहतरीन फॉर्म और टीम संतुलन का शानदार प्रदर्शन जारी रखा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए भारत ने बेहद आक्रामक अंदाज़ में पारी की शुरुआत की। अभिषेक शर्मा (13 गेंदों पर 23 रन नॉट आउट) और शुभमन गिल (16 गेंदों पर 29 रन नॉट आउट) ने मात्र 4.5 ओवरों में 52 रन जोड़कर भारतीय पारी को मज़बूत स्थिति में पहुंचा दिया। दोनों बल्लेबाजों ने बेखौफ होकर शॉट खेले और ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज़ों पर शुरू से ही दबाव बना दिया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों ने शुरुआत में अभिषेक शर्मा को आउट करने के दो बड़े मौके गंवाए। पहले ओवर में जब उन्होंने ग्लेन मैक्सवेल की गेंद पर शॉट मिस किया, तो मैक्सवेल ने एक आसान कैच छोड़ दिया। इसके बाद, बेन ड्वारशुइस ने चौथे ओवर में एक रेगुलर कैच ड्रॉप कर दिया, जब अभिषेक सिर्फ 11 रन पर खेल रहे थे। तीन गेंद बाद, अभिषेक ने जवाब में मिड-विकेट के ऊपर शानदार छक्का लगाकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। दूसरी ओर, शुभमन गिल ने अपने पारंपरिक शॉट्स और टाइमिंग से ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज़ों को परेशान किया। उन्होंने खास तौर पर ड्वारशुइस को निशाना बनाया, और उनके तीसरे ओवर में लगातार तीन चौके जड़ दिए। गिल और अभिषेक की जोड़ी ने पावरप्ले में टीम को मजबूत आधार दिया और स्कोरबोर्ड को लगातार बढ़ाया। जब भारत का स्कोर 4.5 ओवर में बिना किसी नुकसान के 52 रन था, तभी मैदान पर बिजली गिरने की चेतावनी के कारण खेल रोकना पड़ा। कुछ ही देर में गाबा स्टेडियम में तेज़ बारिश शुरू हो गई, जिससे हालात खेलने लायक नहीं रहे। अंततः अंपायर्स को मैच रद्द घोषित करना पड़ा, जिससे भारतीय फैंस को भले निराशा हुई, लेकिन सीरीज़ जीत की खुशी सब पर भारी पड़ी। इससे पहले भी सीरीज़ का पहला मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था।

ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा मुकाबला चार विकेट से जीत कर बढ़त ली थी, लेकिन भारत ने तीसरे और चौथे मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमशः पांच विकेट और 48 रनों से जीत हासिल की। इन जीतों की बदौलत भारत ने सीरीज़ को 2-1 से अपने नाम किया, और यह साबित किया कि टीम में गहराई, आत्मविश्वास और निरंतरता तीनों मौजूद हैं।

# महिला वनडे विश्व कप 2029 को 10 टीमों तक विस्तृत करने पर आईसीसी सहमत

एजेंसी

दुबई। हाल ही में समाप्त हुए महिला विश्व कप की सफलता को देखते हुए आईसीसी बोर्ड ने महिला विश्व कप के अगले संस्करण (2029) को 10 टीमों तक विस्तृत करने पर सहमति जताई है। आईसीसी ने 2021 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला खेल के विस्तार की घोषणा की थी और हाल ही में जारी विज्ञप्ति में 2025 के संस्करण की सफलता के बाद आईसीसी की ''महिला क्रिकेट के विकास के प्रति प्रतिबद्धता'' की पुष्टि की गई है।

2000 से ही महिला वनडे विश्व कप के मुख्य टूर्नामेंट में आठ टीमों ने ही हिस्सा लिया है। हालिया विश्व कप में जहां 31 मैच खेले गए थे तो वहीं 2029 के संस्करण में 10 टीमों वाले टूर्नामेंट में कुल 48 मैच खेले जाएंगे। महिला टी20 विश्व कप में भी अब 12 टीमें हिस्सा लेंगी जबकि पिछले साल यूएई में खेले गए विश्व कप में कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया था। आईसीसी की विज्ञप्ति में कहा गया है, ''लगभग 3 लाख प्रशंसकों ने मैदान में इस आयोजन को देखा जिसने महिला क्रिकेट में दर्शकों की संख्या का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस टूर्नामेंट में ऑनलाइन दर्शकों में भी बढ़ोतरी हुई और दुनिया भर में ऑन स्क्रीन दर्शकों के रिकॉर्ड बने, भारत में लगभग 50 करोड़ दर्शक थे। आईसीसी बोर्ड ने आईसीसी महिला क्रिकेट समिति के सदस्यों की नियुक्ति को भी मंज़ूरी दी, जिनमें ऐश्ली डी सिल्वा, मिताली राज, अमोल मजूमदार, चार्लोट एड्वर्ड्स और सला स्टेला सियाले-वेया शामिल हैं। एलए 2028 और ब्रिस्बेन 2032 ओलंपिक में क्रिकेट बोर्ड ने यह भी बताया कि लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में कुल 28 मैच खेले जाएंगे। प्रत्येक वर्ग में छह टीमें होंगी,इनमें अफ़्रीका, अमेरिका, एशिया, यूरोप और ओशिनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली टीमें शामिल होंगी, साथ ही मेजबान अमेरिका भी खेलेगा। छठी टीम क्वालिफायर के जरिए तय होगी, जिसके बारे में अभी विवरण जारी नहीं किया गया है। यह आयोजन 12 जुलाई से शुरू होगा और लॉस एंजेलिस से लगभग 50 किमी दूर बनाए गए विशेष फ़ेयरग्राउंड्स स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके अलावा 2026 के जापान के आइची-नागोया के एशियाई खेलों, 2027 के मिस्र के काहिरा में अफ़्रीकी खेलों और 2027 में पेरू के लीमा के पैन अमेरिकन खेलों में भी क्रिकेट शामिल रहेगा। 2032 के ब्रिस्बेन ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल करने को लेकर भी बातचीत शुरू हो गई है। आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता ने बैठक में सदस्यों को बताया कि उन्होंने ''ब्रिस्बेन 2032 के आयोजकों के साथ क्रिकेट को शामिल करने को लेकर सार्थक बातचीत'' की है। आईसीसी चेयरमैन जय शाह के साथ, गुप्ता ने हाल ही में स्विट्ज़रलैंड के लॉज़ान में आईओसी (इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी) एलए28 और ब्रिस्बेन 2032 की टीमों से मुलाकात की, जहां उन्होंने इवेंट की तैयारी, फॉर्मेट और क्वालिफ़िकेशन प्रक्रियाओं पर चर्चा की।

# विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ताई जु यिंग ने बैडमिंटन से संन्यास लिया, सिंधू ने दी मार्मिक विदाई

नयी दिल्ली, आठ नवंबर (भाषा) तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता और चीनी ताइपे की महिला बैडमिंटन की दिग्गज खिलाड़ी ताई जु यिंग ने खेल से संन्यास ले लिया है जिसके साथ उनके शानदार करियर का अंत हो गया है, जिसमें उन्होंने 17 बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीते और 12 टूर्नामेंट में उपविजेता रहीं। अपनी कलात्मकता और कलाई के जादू के लिए मशहूर 31 वर्षीय शटलर ने कहा कि लगातार चोटिल होने के कारण उन्हें संन्यास का फैसला करना पड़ा। उन्होंने अपना आखिरी बीडब्ल्यूएफ खिताब 2024 में इंडिया ओपन में जीता था। ताई जु ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, ''एक खूबसूरत अध्याय समाप्त हो गया है। बैडमिंटन, आपने मुझे जो कुछ भी दिया है, उसके लिए आभार। उन्होंने कहा,''आखिरकार मेरी चोटों ने मुझे कोर्ट छोड़ने पर मजबूर कर दिया। मैं अपने करियर का अंत उस तरह नहीं कर पाई जैसा मैंने सोचा था और मुझे यह बात स्वीकार करने में थोड़ा समय लगा। दक्षिणी ताइवान के शहर काऊशुंग में जन्मी ताई जु पिछले साल से चोटों से जूझ रही थी और अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर वापसी नहीं कर पाई। विश्व चैंपियनशिप दो बार की पदक विजेता ने कहा कि फिलहाल उनका ध्यान कुछ समय शांति के साथ बिताने पर है। उन्होंने लिखा, ''मैंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि मैं आगे क्या करूंगी, लेकिन फिलहाल मैं अलार्म घड़ियों के बिना जीवन का आनंद लेने जा रही हूं। भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने ताई जु को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए एक्स पर एक मार्मिक संदेश लिखा। सिंधू ने कहा, '' पंद्रह वर्षों से अधिक समय तक आप मेरी ऐसी प्रतिद्वंद्वी रही जिन्होंने मुझे हर बार मेरी सीमा तक धकेला। मेरे जीवन के दो सबसे महत्वपूर्ण पदक रियो 2016 ओलंपिक में रजत और 2019 विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण मैंने आपके साथ उन मैराथन और सांस थाम देने वाले मुकाबलों के बाद हासिल किए। उन्होंने कहा, ''रियो में हमारे बीच प्री-क्वार्टर फाइनल में मुकाबला हुआ था और बासेल में क्वार्टर फाइनल में। इन दोनों अवसरों पर मुझे हमेशा की तरह कड़ी मेहनत करनी पड़ी। और हां, आपने 2021 में मुझे सेमीफाइनल में हरा दिया था और यही नहीं मुझे एशियाई खेलों में मुझे स्वर्ण पदक जीतने से रोक दिया था। इन पलों को याद करके मैं आज भी मुस्कुरा जाती हूं।

# फिर घायल हुए ऋषभ पंत... 3 गेंद में 3 बार लगी चोट, हुए रिटायर

**अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से पहले बढ़ी टीम इंडिया की चिंता**

एजेंसी



बेंगलुरू। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को दक्षिण अफ्रीका ए दूसरे अनाधिकृत टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को चोट लगने के बाद रिटायर हर्ट होकर वापस लौटना पड़ा। आज यहां बेंगलुरू के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जा रहे मैच के तीसरे दिन के पहले सत्र में पंत को तेज गेंदबाज शेपो मोरेकी की गेंदों पर तीन बार चोट लगी। यह चोट उनके शरीर और हेलमेट पर लगी, जिसके बाद उन्हें 34वें ओवर में रिटायर हर्ट होना पड़ा। पंत तीसरे ओवर में नंबर पांच पर बल्लेबाजी के लिए आए थे, जब ओवरनाइट बल्लेबाज केएल राहुल को ओकुहले सेले ने 27 रन पर बोल्ड कर दिया। पंत ने शुरुआत में तेजी से रन बनाए और उनके पहले तीन शॉट्स 4, 4 और 6 रन थे, लेकिन शॉर्ट गेंदों पर उनके शरीर पर लगे प्रहारों से उन्हें दर्द महसूस होने लगा। पंत आगे बल्लेबाजी जारी रखना चाहते थे, लेकिन भारत ए के कोच हृषिकेश कानितकर और फिजियो ने एहतियातन उन्हें रिटायर हर्ट होने को कहा। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में होने वाले पहले टेस्ट में भारतीय टीम का हिस्सा हैं। इसे देखते हुए उन्हें एहतियातन मैदान से वापस बुलाया गया है। पहली चोट उन्हें तब लगी, जब उन्होंने मोरेकी की शॉर्ट गेंद पर रिवर्स पिकअप शॉट खेलने का प्रयास किया और गेंद सीधे हेलमेट पर लगी। वह संतुलन खो बैठे और जमीन पर गिर गए। फिजियो ने तुरंत कन्कशन टेस्ट किया और क्लियरेंस मिलने के बाद उन्होंने फिर बल्लेबाजी शुरू की। दूसरी चोट उनके दाहिने कोहनी पर लगी। फिजियो ने इसके बाद उन्हें स्प्रे किया और कोहनी पर टेप भी बांधा। तीसरी चोट उनके पेट पर लगी। इससे उन्हें बेहद तकलीफ हुई, जिसके बाद टीम प्रबंधन ने उन्हें मैदान से बाहर बुला लिया। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 14 नवंबर से कोलकाता और 22 नवंबर से गुवाहाटी में दो टेस्ट खेले जायेंगे। भारत फिलहाल विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में 61.90 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है, जबकि गत चैंपियन दक्षिण अफ्रीका 50 प्रतिशत अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है।

## संक्षिप्त समाचार

### हेजलवुड ने ऑस्ट्रेलिया की उम्रदराज गेंदबाजी इकाई का समर्थन किया

**सिडनी।** तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने आस्ट्रेलिया के उम्रदराज गेंदबाजी आक्रमण को लेकर चिंताओं को खारिज करते हुए शनिवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला से पहले सामूहिक अनुभव उनकी टीम का मजबूत पक्ष है। पहले एशेज टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में 30 वर्ष से अधिक आयु के 14 खिलाड़ी शामिल हैं। उनके स्पिन आक्रमण की अगुवाई नाथन लियोन करेंगे, जो 21 नवंबर को पर्थ में शुरू होने वाले पहले टेस्ट से एक दिन पहले 38 वर्ष के हो जाएंगे। तेज गेंदबाजी में मिशेल स्टार्क (35), हेजलवुड (34) और स्कॉट बोलैंड (36) शामिल हैं, जबकि कप्तान पैट कमिंस 32 वर्ष के हैं। कमिंस चोटिल होने के कारण पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। हेजलवुड ने ऑस्ट्रेलिया एसोसिएटेड प्रेस से कहा, ''मुझे लगता है कि केवल टेस्ट मैच ही नहीं बल्कि खेल के सभी प्रारूपों में खेलने का हमारा सामूहिक अनुभव हमारा मजबूत पक्ष है। हमने मैदान पर विभिन्न परिस्थितियों का सामना किया है तथा एक खिलाड़ी ही नहीं बल्कि एक टीम के रूप में भी काफी कुछ सीखा है।

### ईसीबी ने कूकाबुरा गेंद प्रयोग को किया समाप्त, 2026 से काउंटी चैम्पियनशिप में फिर लौटेगी ड्यूक बॉल

**लंदन।** इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने काउंटी चैम्पियनशिप में कूकाबुरा गेंद के उपयोग को 2026 सीजन से समाप्त करने का फैसला किया है। यह निर्णय काउंटी क्रिकेट निदेशकों और प्रोफ़ेशनल गेम कमेटी से प्राप्त प्रतिक्रियाओं के बाद लिया गया है। कूकाबुरा गेंद का प्रयोग तीन साल पहले शुरू किया गया था ताकि काउंटी क्रिकेटरों को अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के अनुरूप अपने कौशल विकसित करने का अवसर मिल सके। हालांकि, इस प्रयोग को असफल माना गया क्योंकि इससे मैचों में रोमांच की कमी देखी गई। इस साल ओवल में सरे और डरहम के बीच हुए मुकाबले में मेज़बान टीम ने 820 रन बनाकर पारी घोषित की, जो इस प्रयोग की विफलता का प्रमुख उदाहरण माना गया। ईसीबी के अनुसार, कूकाबुरा गेंद पहली बार 2023 सीजन में दो राउंड के लिए इस्तेमाल की गई थी, जिसके बाद 2024 और 2025 में इसे चार-चार राउंड तक बढ़ाया गया। लेकिन अक्टूबर में हुई बैठक में 18 प्रथम श्रेणी काउंटियों के क्रिकेट निदेशकों ने इस प्रयोग को बंद करने की सिफारिश की। इसके बाद ईसीबी की प्रोफ़ेशनल गेम कमेटी ने इस सप्ताह औपचारिक रूप से इस निर्णय को मंजूरी दे दी। अब 2026 सीजन से काउंटी चैम्पियनशिप के सभी 14 राउंड पारंपरिक हैंड-स्टिच्ड ड्यूक बॉल से खेले जाएंगे, जिससे कूकाबुरा की मशीन से बनी गेंद का प्रयोग समाप्त हो जाएगा।

### भारतीय शतरंज खिलाड़ी राहुल वी.एस. बने देश के 91वें ग्रैंडमास्टर

**नई दिल्ली।** भारतीय शतरंज खिलाड़ी राहुल वी.एस. ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छठी एशियाई इंडिविजुअल चैम्पियनशिप एक राउंड शेष रहते ही जीत ली है। इस जीत के साथ ही उन्होंने देश के 91वें ग्रैंडमास्टर बनने का गौरव हासिल किया। 21 वर्षीय राहुल, जो पहले एशियाई जूनियर चैम्पियन भी रह चुके हैं, ने वर्ष 2021 में अपना इंटरनेशनल मास्टर खिताब हासिल किया था, जब उन्होंने चौथा और पांचवां आईएम नॉर्म पूरा किया था और 2400 की लाइव रेटिंग को पार किया था। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के अध्यक्ष नितिन नारंग ने राहुल को बधाई देते हुए 'एक्स' पर लिखा, ल्रराहुल वी. एस. को हार्दिक बधाई, जिन्होंने एशियाई इंडिविजुअल चैम्पियनशिप एक राउंड शेष रहते जीत ली और इसी के साथ भारत के 91वें ग्रैंडमास्टर बने! भारत का गौरव बढ़ाने के लिए शुभकामनाएं और आगे भी अनेक सफलताओं की कामना। फिलीपींस में आयोजित इस चैम्पियनशिप में राहुल के इस नवीनतम खिताबी प्रदर्शन ने उनके अंतिम जीएम (ग्रैंडमास्टर) नॉर्म की पुष्टि कर दी, जिससे उन्होंने ग्रैंडमास्टर बनने की सभी आवश्यकताएं पूरी कर लीं।

### गौर्स ग्रुप को यमुना एक्सप्रेसवे की अपनी नई आवास परियोजना से 2,000 करोड़ रुपये की आय की उम्मीद

**नयी दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी गौर्स ग्रुप को यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में अपनी नई प्रीमियम आवास परियोजना से करीब 2,000 करोड़ रुपये की आय होने की उम्मीद है। कंपनी के निदेशक सार्थक गौर ने यह जानकारी दी। दिल्ली-एनसीआर बाजार की प्रमुख रियल एस्टेट कंपनियों में शामिल गौर्स ग्रुप ने पहले ही यमुना एक्सप्रेसवे पर 150 एकड़ में एक टाउनशिप विकसित की है। गौर्स ग्रुप ने शुक्रवार को गौतम बुद्ध नगर जिले के यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में अपनी नई आवासीय परियोजना के पहले चरण की शुरुआत की।

# सुल्तान अजलान शाह कप में भारत की कप्तानी करेंगे संजय, सीनियर खिलाड़ियों को आराम

एजेंसी



नयी दिल्ली। डिफेंडर संजय 31वें सुल्तान अजलान शाह कप में भारतीय पुरुष हॉकी टीम की कप्तानी करेंगे क्योंकि नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह सहित कई सीनियर खिलाड़ियों को 23 से 30 नवंबर तक मलेशिया के इपोह में होने वाले प्रतिष्ठित आमंत्रण टूर्नामेंट के लिए आराम दिया गया है। भारत की पहली पसंद के दोनों गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक और सूरज करकेरा को आराम दिया गया है। उनकी जगह पवन और मोहित होनेनहल्ली शशिकुमार को टीम में चुना गया है। नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह, अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह और स्ट्राइकर मनदीप सिंह भी टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे। संजय, जुगराज सिंह और अमित रोहिदास तीन सीनियर खिलाड़ी हैं जिन्हें रक्षात्मक पंक्ति में रखा गया है। उनके अलावा पूवन्ना चंदूरा बॉबी, नीलम संजीप ज़ेस और यशदीप सिवाच भी रक्षापंक्ति में शामिल हैं। मध्य पंक्ति की जिम्मेदारी राजेंद्र सिंह, राजकुमार पाल, नीलकांत शर्मा, रविचंद्रन सिंह, विवेक सागर और मोहम्मद रहीम मोसीन के कंधों पर होगी। सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, सेल्वम कार्थी, आदित्य अर्जुन लालगे, दिलप्रीत सिंह और अभिषेक अग्रिम पंक्ति की जिम्मेदारी संभालेंगे। टूर्नामेंट के लिए स्टैंडबाय में वरुण कुमार, विष्णु कांत सिंह, हार्दिक सिंह और अंगद बीर सिंह शामिल हैं। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, ''सुल्तान अजलान शाह कप हमेशा से ही अंतरराष्ट्रीय हॉकी कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट रहा है और हम एक संतुलित टीम के साथ इसमें भाग लेने के लिए उत्साहित हैं। हमें इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 23 नवंबर को कोरिया के खिलाफ करेगा। इसके बाद वह बेल्जियम (24 नवंबर), मेजबान मलेशिया (26 नवंबर), न्यूजीलैंड (27 नवंबर) और कनाडा (29 नवंबर) के खिलाफ मैच खेलेगा। यह टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला जाएगा, जिसमें शीर्ष दो टीमें 30 नवंबर को होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत ने आखिरी बार 2010 में सुल्तान अजलान शाह कप का खिताब जीता था और 2019 में उपविजेता रहा था।

# ऑस्ट्रेलिया एशेज का प्रबल दावेदार, लेकिन इंग्लैंड की टीम भी आत्मविश्वास से भरी है: वुड

एजेंसी

पर्थ। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया आगामी एशेज श्रृंखला में प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी टीम भी इस महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए आत्मविश्वास से भरी है। इंग्लैंड की टीम 2010-11 से ऑस्ट्रेलिया में श्रृंखला नहीं जीत पाई है और उसका लक्ष्य इस बार यह इंतजार खत्म करने का होगा। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार वुड ने कहा, ''ऑस्ट्रेलिया निश्चित रूप से श्रृंखला में प्रबल दावेदार है, लेकिन मुझे लगता है कि हमारी टीम में भी इस बात का आत्मविश्वास है कि हम यहां अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। इस तेज़ गेंदबाज़ ने 15 महीनों से कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है और वह फरवरी में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में भी नहीं खेले हैं। इस टूर्नामेंट के दौरान उन्हें घुटने में चोट लग गई थी। वह इंग्लैंड की गेंदबाजी योजनाओं का एक अहम हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, ''मैं यह नहीं कहूंगा कि मैं शत प्रतिशत फिट हूं। मुझे लगता है कि अभ्यास के दौरान हमेशा अपना शत प्रतिशत देना बहुत मुश्किल है। मैं लंबे समय तक दौड़ नहीं लगा पाया था लेकिन धीरे-धीरे मैं अपनी क्षमता बढ़ाने पर ध्यान दे रहा हूं। मुझे विश्वास है कि मैं पहले टेस्ट मैच तक में खेलने के लिए पूरी तरह फिट हो जाऊंगा। पहला टेस्ट यहां 21 नवंबर से शुरू होगा और वुड पर्थ स्टेडियम में खेलने के लिए उत्सुक हैं, जहां उन्होंने 2022 टी 20 विश्व कप के दौरान केवल एक बार गेंदबाजी की है। उन्होंने कहा, ''यहां का विकेट तेज है और मैं इस पर गेंदबाजी करने के लिए उत्सुक हूं। इंग्लैंड को इस श्रृंखला से पहले बहुत अधिक अभ्यास मैच खेलने का मौका नहीं मिला लेकिन वुड कार्यक्रम से खुश हैं। उन्होंने कहा, ''हमारा जैसा कार्यक्रम रहा है उससे मैं खुश हूं। भारत के खिलाफ श्रृंखला से भी पहले हमने बहुत अधिक अभ्यास मैच नहीं खेले थे।

# भारत-यूरोपीय संघ ने व्यापार, संतुलति व्यापार समझौते के प्रति प्रतिबद्धता जतायी

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार (एफटीए) समझौता वार्ताओं का दिल्ली में पांच दिन चला दौर शुक्रवार को पूरा हुआ जिसमें दोनों पक्षों ने एक ''व्यापक और संतुलित व्यापार समझौते के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। ईयू के वार्ताकार भारत में अपने समकक्ष आधिकारियों के साथ वार्ता के लिए तीन से सात नवंबर तक राजधानी में थे। वाणिज्य मंत्रालय की शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस दौरान दोनों पक्षों ने एक व्यापक, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते की दिशा में वार्ता को आगे बढ़ाने के प्रयासों को आगे बढ़ाया। इस दौरान विचार-विमर्श में परस्पर वस्तुओं और सेवाओं , निवेश के नियमों, व्यापार प्रक्रिया, स्वस्थ विकास की मान्यताओं, वस्तु के उद्गमके नियम और व्यापार में तकनीकी बाधाओं सहित कई विषयों पर चर्चा की गयी। इस दौर के एक खंड में वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने यूरोपीय आयोग की व्यापार महानिदेशक सबाइन वेयंड के साथ विस्तृत बैठकें कीं, ताकि वार्ता के विभिन्न चरणों में हुई प्रगति का जायजा लिया जा सके। विज्ञप्ति के अनुसार इसी दौरान पांच-छह नवंबर समीक्षा बैठकों में व्यापार समझौते के प्रमुख लंबित मुद्दों की समीक्षा की गई। दोनों पक्षों ने एक संतुलित व्यापार समझौता प्राप्त करने की दिशा में प्रयासों को और तेज़ करने पर सहमति व्यक्त की। वाणिज्य सचिव ने लाभों के निष्पक्ष और संतुलित वितरण को सुनिश्चित करते हुए आर्थिक वृद्धि और विकास को बढ़ावा देने वाले परिणाम प्राप्त करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने यूरोपीय संघ के कार्बन कर (कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (सीबीएएम) और यूरोप में इस्पात बाजार के बारे में प्रस्तावित नये नियमों सहित सहित वहां उभरते नये नियामक और उपायों के कार्यान्वयन में स्पष्टता और निश्चितता की आवश्यकता पर भी बल दिया।

# आईजीएआई पर सामान्य हो रहा उड़ान परिचालन: डायल

एजेंसी



नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली स्थित देश के सबसे व्यस्ततम एयरपोर्ट इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीएआई) पर विमानों का परिचालन शनिवार सुबह से धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है। इससे एक दिन पहले हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली में गड़बड़ी के कारण इस एयरपोर्ट पर 800 से अधिक उड़ानों में देरी हुई थी। आईजीएआई एयरपोर्ट की संचालक कंपनी दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने 'एक्स' पर पोस?ट में लिखा है कि एएमएसएस को प्रभावित करने वाली तकनीकी समस्या में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। डायल के मुताबिक ''दिल्ली हवाई अड्डे पर विमानों का संचालन अब सामान्य हो रहा है। इससे संबंधित सभी अधिकारी हर प्रकार की असुविधा को कम करने के लिए पूरी लगन से काम कर रहे हैं। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने बताया कि शुक्रवार को 800 से अधिक उड़ानों में देरी के अलावा कुछ सेवाएं रद्द भी कर दी गई हैं जिससे सैकड़ों यात्री प्रभावित हुए। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की तरफ से 11:55 बजे जारी यात्री एडवाइजरी के अनुसार दिल्ली हवाई अड्डे पर सभी उड़ान परिचालन सामान्य है। जानकारी के मुताबिक हवाई यातायात नियंत्रण की उड़ान योजना प्रक्रिया में सहयोग करने वाले 'ऑटोमैटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम' (एएमएसएस) में तकनीकी समस्या शुक्रवार सुबह लगभग पौने 6 बजे से 15 घंटे से अधिक समय तक जारी रही। वहीं, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने शुक्रवार रात लगभग नौ बजे जारी बयान में कहा कि समस्या का समाधान कर लिया गया है। इस बीच देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी 'इंडिगो' ने शनिवार सुबह जारी बयान में कहा कि हवाई अड्डा संचालक और वायु यातायात नियंत्रण (एटीसी) के दल प्रणाली को पूरी तरह से बहाल करने और संचालन को स्थिर करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर काम कर रही हैं। उसने 'एक्स' पोस?ट पर लिखा, ''अगले कुछ घंटों में स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है। इस दौरान प्रस्थान और आगमन समय में कुछ समायोजन जारी रह सकता है। एयरलाइनों की उड़ानों पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ्लाइटरडारडॉटकॉम पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह हवाई अड्डे पर आगमन और प्रस्थान

# ‘वोट का अधिकार खतरे में, मतदाताओं को दी जा रही है घूस : प्रियंका गांधी वाड्रा

कटिहार। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को कटिहार में चुनावी जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला और कहा कि आज देश में वही अधिकार खतरे में है, जिसके लिये महात्मा गांधी ने आज़ादी से पहले लड़ाई लड़ी थी, यानी जनता के वोट का अधिकार।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी जनता से उनका वोट का अधिकार छीनना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि, ‘पहले भारतीय जनता पार्टी ने संविधान की चोरी करने की कोशिश की और अब वे आपके वोट के अधिकार को समाप्त करने की कोशिश कर रहे हैं। इस साजिश में प्रधानमंत्री मोदी, चुनाव आयोग और गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हैं। कांग्रेस महासचिव ने जनता से अपील की कि वे इस विश्वासघात का जवाब लोकतांत्रिक तरीके से दें। उन्होंने कहा कि देश को इस साजिश का जवाब भविष्य में देना होगा और जनता को अपने अधिकार की रक्षा करनी होगी। बिहार में सत्तारुढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर हमला बोलते हुये प्रियंका गांधी ने कहा कि महिलाओं को 10,000 रुपये देने की योजना केवल चुनाव के समय मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि, ’10- 20 साल गुजर गये, लेकिन आपके लिये कुछ नहीं किया गया है। अब चुनाव के समय ये 10 हजार रुपये दे रहे हैं। यह भी एक तरह की घूस है, जो आपके वोट के बदले दी जा रही है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे यह पैसे ले लें, लेकिन वोट सोच- समझकर डालें। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि, ‘आपका वोट आपकी बेटियों और आपके भविष्य के लिये है। इसे व्यर्थ मत कीजिये। यह वोट ही आपकी अमानत है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की राजनीति अब जनता को मुद्दों से भटकाने और धर्म के नाम पर बांटने तक सीमित रह गई है। उन्होंने कहा कि, ‘प्रधानमंत्री की भाषा शैली देखिये, कट्टा, हत्या, अपहरण जैसे शब्द उनके भाषणों में सुनाई देते हैं। यह एक प्रधानमंत्री को शोभा नहीं देता। वह रोजगार, शिक्षा, स्कूल, कॉलेज या विश्वविद्यालय की बात नहीं करते।‘ उन्होंने कहा कि बिहार में 20 साल से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार है, लेकिन विकास की स्थिति जनता खुद बेहतर जानती है। कांग्रेस नेता ने राज्य में शिक्षा और रोजगार की स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि बिहार में हर साल करीब 25 लाख युवा प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होते हैं, लेकिन पेपर लीक होने से उनका भविष्य अंधकारमय हो जाता है। किसानों की हालत पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही के कारण न तो न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलता है और न ही उपज का सही दाम। प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुये कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि, ‘मोदी जी अपने दो मित्रों अडानी- अंबानी को देश की संपत्ति सौंप रहे हैं। वे उनके साथ दावत में शामिल होते हैं, लेकिन जनता के दुःख- दर्द में कभी उनके साथ नहीं दिखते हैं। गरीबों के कर्ज नहीं माफ़ किये जाते हैं, जबकि अडानी- अंबानी के 16 लाख करोड़ रुपये माफ़ कर दिये जाते हैं। उन्होंने बिहार में बढ़ते अपराध को लेकर भी चिंता जताई और कहा कि राज्य में अपराध तीन गुना बढ़ गया है और सबसे ज़्यादा अत्याचार दलितों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं और पिछड़े वर्गों पर हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में ‘माफियाओं का राज’ चल रहा है और बाहरी ठेकेदारों को ही तरजीह दी जा रही है। आर्थिक नीतियों पर हमला करते हुये कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि नोटबंदी और जीएसटी जैसे फैसलों ने छोटे उद्योगों को तबाह कर दिया, जिससे लाखों लोगों की नौकरियां चली गईं। उन्होंने कहा कि मजबूर होकर बिहार के लोग रोज़गार की तलाश में पलायन कर रहे हैं, पति बाहर जाकर अपमान झेलता है और घर पर महिलायें अकेले सारी मुश्किलें उठाती हैं। यह बिहार की उपजाऊ धरती के साथ अन्याय है। सभा के अंत में उन्होंने जनता से आह्वान किया कि बिहार में अब बदलाव लाना ज़रूरी है।

# बिहार में घुसपैठिए नहीं, प्रदेश वासी बनायेंगे सरकार : शाह

पूर्णिया। केन्द्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने शनिवार को कहा कि बिहार में घुसपैठिए नहीं, प्रदेश वासी सरकार बनायेंगे और ‘विकसित बिहार’ के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को ही लायेंगे।

श्री शाह ने पूर्णिया जिले में राजग प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित रैली को संबोधित करते हुये कहा कि बिहार में घुसपैठियों के लिये कोई जगह नहीं है।उन्होंने कहा कि अभी अभी कांग्रेस नेता राहुल गांधी और लालू यादव के बेटे तेजस्वी यादव ‘घुसपैठिया बचाओ‘ यात्रा लेकर निकले थे। उन्होने कहा कि राहुल- तेजस्वी चाहते हैं कि सीमांचल घुसपैठियों का गढ़ बने,लेकिन वह आज सीमांचल की भूमि से कहकर जाते हैं कि राजग सरकार बिहार से एक-एक घुसपैठिए को निकालेगी।उन्होंन कहा राजग सरकार न केवल घुसपैठियों को निकालेगी बल्कि उन्होंने जो अतिक्रमण किया है, उसे भी जमींदोज कर सीमांचल की भूमि को मुक्त करेंगे। यहां पर जितने भी अवैध धंधे लालू राज में शुरू हुए और घुसपैठियों ने बढ़ाए, हर एक अवैध गतिविधि को राजग सरकार उखाड़ फेंकेगी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा, ये घुसपैठिए हमारे युवाओं की नौकरी छीन लेते हैं, गरीबों के राशन में हिस्सेदारी लेते हैं और देश को भी असुरक्षित करते हैं। उन्होंने कहा, लालू यादव और राहुल गांधी कान खोलकर सुन लें। राजग सरकार घुसपैठियों की पहचान करेगी, मतदाता सूची से उसका नाम मिटायेगी और वे जहां से आए हैं, उस देश में उन्हें भेजा जायेगा। उन्होंने पूछा,सीमांचल वालों बताओ कि यहां से घुसपैठियों को निकालना चाहिए या नहीं निकालना चाहिए। उन्होंने कहा, बिहार में घुसपैठिए नहीं, प्रदेश वासी सरकार बनायेंगे और ‘विकसित बिहार’ के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को ही लायेंगे। श्री शाह ने कहा कि लालू-राबड़ी के राज में यहां दिनदहाड़े विधायक की हत्या होती थी।

# आर्थिक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के बिना सच्चा विकास संभव नहीं : वीके सिंह

नई दिल्ली। मिजोरम के राज्यपाल जनरल (रि.) डॉ. वीके सिंह ने शनिवार को कहा कि जब तक हम आर्थिक क्षेत्र में आत्मनिर्भर नहीं होंगे, तब तक सच्चा विकास संभव नहीं है।राज्यपाल डॉ. सिंह अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा डॉ. अम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में ''विकसित भारत 2047'' विषय पर आयोजित सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य पूर्व सैनिकों के कल्याण को बढ़ावा देना तथा राष्ट्रीय विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर विचार-विमर्श करना था। सेमिनार में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष राम बहादुर राय और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य राम माधव भी उपस्थित रहे। सेमिनार में वक्ताओं ने आर्थिक आत्मनिर्भरता, समाजवादी सोच से मुक्ति, महिला सशक्तिकरण और हरित विकास जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा की। डॉ. सिंह ने कहा कि चीन के दौर को देखें, उन्होंने आर्थिक रूप से क्रांतिकारी बदलाव किया। उन्होंने कहा कि अलग-अलग चीजों पर बात करने के बजाय उद्योग और मैन्युफैक्चरिंग पर फोकस करें। जब तक हम अपनी जरूरतों को समझकर काम नहीं करेंगे, तब तक कुछ हासिल नहीं होगा। उन्होंने एमएसएमई सेक्टर का उल्लेख कर कहा कि गाजियाबाद जैसे क्षेत्रों में दो प्रमुख उद्योग स्थापित हो चुके हैं। कृषि क्षेत्र में भी बदलाव पर जोर देते हुए सिंह ने कहा कि पूरी दुनिया में अपनी प्राकृतिक उपज को बेचें। प्राकृतिक खेती पर धीरे-धीरे जोर दिया जा रहा है, लेकिन लोगों में विश्वास जगाना जरूरी है कि इससे नुकसान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि लक्ष्य बड़ा होना चाहिए, तभी कुछ बड़ा किया जा सकता है। उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के हवाले से कहा कि आज के समय में पैसे की कमी नहीं है। ई-गवर्नेंस से देश को भारी लाभ मिल रहा है। पारदर्शिता आने पर भ्रष्टाचार समाप्त हो जाता है।डॉ. सिंह ने कहा कि कोई भी देश तब तक विकसित नहीं हो सकता जब तक वह आर्थिक रूप से सशक्त न बन जाए। समाज समावेशी और न्यायपूर्ण न होने पर प्रगति असंभव है। उन्होंने 1947 की समाजवादी सोच का जिक्र करते हुए कहा कि समाजवाद ने सबको काम देने का वादा किया, लेकिन अब लोगों को समझने का समय आ गया है। समाजवादी सोच से बाहर आना होगा। पिछले 11 वर्षों में गरीबी की दर में उल्लेखनीय कमी आई है।महिला सशक्तिकरण पर सिंह ने कहा कि आज 14 प्रतिशत कार्यबल महिलाओं का है, लेकिन 2047 तक इसे 35-40 प्रतिशत तक पहुंचाना होगा।

## संसद के शीतकालीन सत्र में असामान्य रूप से देरी और कटौती की गई है : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि एक दिसंबर से शुरू होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में ‘असामान्य रूप से देरी और कटौती’ की गई है, क्योंकि सरकार के पास कोई विधायी कामकाज नहीं है तथा चर्चा भी नहीं होने दी जाएगी।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ‘एक्स’ पर एक पोस्ट में कहा कि इस साल शीतकालीन सत्र में महज 15 कार्य दिवस होंगे। उन्होंने कहा, ‘अभी घोषणा की गई है कि संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर से 19 दिसंबर तक होगा। इसमें असामान्य रूप से देरी और कटौती की गई है। यह केवल 15 कार्य दिवस होंगे। रमेश ने सवाल किया कि क्या संदेश दिया जा रहा है? उन्होंने दावा किया, ‘ स्पष्ट रूप से सरकार के पास कोई विधायी कामकाज नहीं है, पारित करने के लिए कोई विधेयक नहीं है और चर्चा की अनुमति नहीं है। इससे पहले, दिन में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने घोषणा की कि संसद का शीतकालीन सत्र एक से 19 दिसंबर तक

# दुनिया जैन शाकाहार की जीवनशैली को मान्यता दे रही : उपराष्ट्रपति

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने शनिवार को कहा कि जैन जीवनशैली में शाकाहार को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का आदर्श माना जाता है और वह दो दशकों से अधिक समय पहले शाकाहारी हो गये थे।

जैन आचार्य हंसरत्न सुरीश्वर के 8वें 180 ‘उपवास पारणा’ समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति ने कहा कि जैन धार्मिक गुरुओं द्वारा प्रचारित अहिंसा ही विश्व शांति का मार्ग है।

राधाकृष्णन ने कहा, ‘जैन जीवनशैली में शाकाहार, पशुओं के प्रति करुणा और सतत जीवन जीने की आदत को पूरी दुनिया में पर्यावरणीय जिम्मेदारी का आदर्श माना जाता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें मांसाहारी भोजन पसंद था लेकिन 2000



में काशी की यात्रा के बाद उन्होंने इसे छोड़ दिया। उन्होंने बताया कि गंगा में पवित्र स्नान करने से पहले किसी प्रिय चीज का त्याग करने की परंपरा के अनुसार उन्होंने मांसाहारी भोजन छोड़ दिया। उन्होंने कहा, ‘जब आप मांसाहारी भोजन करते हैं, तो अनुभव अलग होता है। जब आप शाकाहारी भोजन करते हैं, तो आपका मानसिक दृष्टिकोण पूरी तरह बदल जाता है। यही मेरा अनुभव है। उन्होंने बताया, ‘आक्रामकता चली गई, धैर्य आया और घमंड खत्म हो गया। उपवास के लिए आंतरिक शक्ति की आवश्यकता पर बात करते हुए राधाकृष्णन ने कहा कि उन्हें यह जानकर आश्चर्य हुआ कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नवरात्र के नौ दिन उपवास रखते हैं। उन्होंने कहा कि नवरात्र के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री से पूछा कि क्या वह कुछ खाना चाहेंगे, लेकिन मोदी ने बताया कि वह नवरात्र के नौ दिन उपवास रखते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा, ‘मैं आश्चर्यचकित था कि वह इतने सक्रिय और ऊर्जावान कैसे हैं’ और उन्होंने यह भी बताया कि वह सरस्वती पूजा पर आधा दिन उपवास रखते हैं। राधाकृष्णन ने यह भी बताया कि जैन आचार्य सुरीश्वर ने 180 दिन के उपवास को 80 बार निभाया है।

## चुनाव आयोग ने तरनतारन की एसएसपी को किया निलंबित

**चंडीगढ़।** भारतीय चुनाव आयोग ने एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए तरनतारन की एसएसपी डॉ. रवजोत कौर ग्रेवाल को निलंबित कर दिया है। तरतारन में इस समय उपचुनाव का प्रचार जोरों पर है। यहां 11 नवंबर को मतदान होगा। शनिवार को आयोग की इस कार्रवाई को लेकर हर तरफ चर्चा है। करीब दो सप्ताह पहले शिरोमणि अकाली दल ने प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी सिबिन सी को एसएसपी डॉ. रवजोत कौर ग्रेवाल के खिलाफ शिकायत दी थी। इसमें डॉ. रवजोत कौर ग्रेवाल पर अकाली दल के कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज करने का आरोप लगाया गया था। अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर बादल ने डॉ. रवजोत कौर ग्रेवाल के अलावा 2 डीएसपी का तबादला करने की मांग की थी। माना जा रहा है कि इन्हीं शिकायतों को ध्यान में रखते हुए यह कार्रवाई की गई है। शनिवार को जारी हुए आदेशों के अनुसार रवजोत कौर के स्थान पर अमृतसर के सीपी गुरप्रीत सिंह भुल्लर (आईपीएस) को एसएसपी तरनतारन का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

## नोटबंदी की चोट से अर्थव्यवस्था उबर नहीं पाई : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को दावा किया नोटबंदी जैसे ‘तुगलकी फैसले’ से भारतीय अर्थव्यवस्था को जो चोट लगी थी, उससे वह आज तक उबर नहीं पाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठ नवंबर, 2016 को देश में नोटबंदी का एलान किया, जिसके बाद से 500 और 1000 रुपये के नोट चलन से बाहर कर दिए गए और 500 एवं 2000 के नए नोट जारी किए गए। अब 2000 का नोट भी चलन से बाहर किया जा चुका है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ‘एक्स’ पर पोस्ट किया, ‘आज नोटबंदी जैसे विनाशकारी और तुगलक़ी फ़ैसले की नौवीं वर्षगांठ है। करोड़ों भारतीयों की आजीविका बर्बाद हो गई। व्यापार, असंगठित क्षेत्र, और लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) चौपट हो गए। काले धन और जाली नोटों में कोई कमी नहीं आई। कैशलेस का नारा बेमानी साबित हुआ। 2000 रुपये का जो नोट जारी किया गया था, उसे वापस ले लिया गया। उन्होंने दावा किया, ‘नोटबंदी के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था की गति धीमी पड़ गई।

# पेज एक का शेष

## विकसित काशी से ...

के सैकड़ों नौजवान ट्रांसपोर्ट से लेकर बनारसी साड़ियों तक हर जगह नए-नए व्यापार शुरू कर रहे हैं। इन सबकी वजह से यूपी में, काशी में समृद्धि के द्वार खुल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर हर महादेव से अपने उद्बोधन की शुरुआत की। उन्होने कहा कि टेक्नॉलाजी के क्षेत्र में जो उत्तम कार्य हो रहा है, उसकी कमान संभालने वाले अश्विनी वैष्णव समेत सभी अधिकारी एवं कर्मी बधाई के पात्र हैं। उन्होने कहा , बाबा विश्वनाथ की इस पावन नगरी में काशी के परिवारजनों को सभी के प्रणाम। देव दीपावली पर अद्भुत आयोजन हुआ। आज के विकास पर्व की शुभकामनाएं देता हूं। जिस देश में बड़ी प्रगति और विकास होता है, उसके आगे बढ़ने में वहां के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की भूमिका होती है। जिस जगह ट्रेन नहीं, पटरी नहीं, वहां ट्रेन चलने लगे, रोड बन जाए। यानी व्यवस्थाएं विकसित होती हैं तो अपने आप विकास शुरू हो जाता है। कितने एयरपोर्ट बने, कितनी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें चलीं। आज देश में नई वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत हुई। चार ट्रेनों के साथ ही देश में 160 से ज्यादा ट्रेनों का संचालन होने लगा। उन्होने कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों के लिए वंदे भारत की शुरुआत हुई है। आज वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत जैसी ट्रेनें भारतीय रेलवे की अगली पीढ़ी की नींव तैयार कर रही हैं। यह भारतीय रेलवे को ट्रांसफॉर्म करने का अभियान है। वंदे भारत भारतीयों की, भारतीयों द्वारा, भारतीयों के लिए बनाई गई ट्रेन है, जिस पर हर भारतीय को गर्व है। श्री मोदी ने कहा कि जिन भी देशों में प्रगति और विकास हुआ है, उनके आगे बढ़ने के पीछे बहुत बड़ी शक्ति वहां के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की है। मान लीजिए कोई इलाका है, लंबे समय से वहां कोई रेल नहीं जा रही है। रेल की पटरी नहीं है, स्टेशन नहीं है। लेकिन जैसे ही वहां पटरी लग जाएगी, स्टेशन बन जाएगा, उस नगर का अपने आप विकास शुरू हो जाता है। किसी गांव के अंदर रोड ही नहीं है, सालों से लोग कच्चे मिट्टी के रास्तों से आते-जाते हैं। जैसे ही वहां रोड बन जाता है, किसानों का माल आने-जाने लगता है। विकास शुरू हो जाता है। कितने एयरपोर्ट बने, कितने स्टेशन बने। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन में कुछ विद्यार्थियों से बात की और बच्चों ने उन्हे कविताएं भी सुनाईं। उनका मन कर रहा था कि इन बच्चों का कवि सम्मेलन हो और उनमें से आठ-दस बच्चों को देश भर में ले जाया जाए। उनसे कविताएं करवाई जाएं। श्री मोदी ने कहा जहां वंदे भारत की शुरुआत होती है, वहां बच्चों के बीच अलग-अलग प्रतियोगिताएं होती हैं। विकास के संदर्भ में वंदे भारत, अलग-अलग मुद्दों के साथ विकसित भारत की परिकल्पना के संदर्भ में कविताओं को लेकर होता है। बच्चों से मिला, उनकी जो परिकल्पना थी, उन्होंने जो विकसित भारत के चित्र बनाए थे, जो कविताएं सुनने को मिलीं। काशी के सांसद के नाते मुझे गर्व हुआ। मेरी काशी में होनहार बच्चों से मिला। जो चित्र उन्होंने बनाए, अद्भुत हैं। स्कूलों के शिक्षकों को भी हृदय से आभार करता हूं। उनके माता-पिता को भी बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा काशी में गंजारी और सिगरा स्पोर्ट्स स्टेडियम भी हमारे पास हैं। प्रयास है कि बनारस आना, बनारस रहना और बनारस को जीना सभी के लिए खास बने। हमारी सरकार काशी में स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार सुधार का प्रयास कर रही है। 11 साल पहले स्थिति यह थी कि गंभीर बीमारी का इलाज कराना हो तो लोगों को सिर्फ बीएचयू का विकल्प होता था। मरीजों की संख्या इतनी ज्यादा होती थी कि पूरी रात खड़े रहने के बाद भी इलाज नहीं मिल पाता था। उन्होने कहा कैंसर जैसी गंभीर बीमारी होने पर इलाज के लिए लोग जमीन और खेत बेचकर मुंबई जाते थे। आज काशी के लोगों की सारी चिंताओं को हमारी सरकार ने कम करने का प्रयास किया है। कैंसर के लिए महामना कैंसर अस्पताल, आंख के इलाज के लिए शंकरा नेत्रालय, बीएचयू में बना अत्याधुनिक ट्रामा सेंटर, शताब्दी चिकित्सालय, मंडलीय चिकित्सालय–ये सारे अस्पताल पूर्वांचल समेत आसपास के राज्यों के लिए वरदान बने हैं। इन अस्पतालों में आयुष्मान भारत और जन औषधि की वजह से आज लाखों गरीबों की करोड़ों रुपये की बचत हो पा रही है। एक तरफ लोगों की चिंता खत्म हुई, दूसरी तरफ काशी पूरे इस क्षेत्र की हेल्थ कैपिटल के रूप में जानी जाने लगी है। हमें काशी की विकास गति और ऊर्जा बनाए रखनी है ताकि भव्य काशी तेजी से समृद्ध काशी भी बने। पूरी दुनिया से जो भी काशी आए, उसे बाबा विश्वनाथ की नगरी में अलग ऊर्जा, अलग उत्साह और अलग आनंद मिल सके।

## ‘प्रचंड जीत...

खरीद पर हजारों रुपए की बचत हो रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले साल की तुलना में इस साल अक्टूबर में बिहार में पहले से तीन गुना ज्यादा मोटरसाइकिल की बिक्री हुई है। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन भी है पिछले साल के मुकाबले करीब दो गुना ज्यादा बिके हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल 06 लाख के मुकाबले इस साल 11 लाख मोबाइल फोन बिके हैं। उन्होंने कहा कि पहले जंगल राज वाले जनता की बचत लूटने में लगे रहते थे और अपनी तिजोरी भरते थे, लेकिन एनडीए की सरकार ही ऐसे कार्यक्रमों की रचना करती है, जिससे लोगों में खुशहाली बढ़े। उन्होंने कहा कि केवल मोबाइल फोन सस्ता नहीं हुआ है, उन पर बात करना भी सस्ता हो गया है। डेटा का प्रयोग भी पहले से काफी सस्ता हो गया है। श्री मोदी ने कहा कि पहले गरीबों की कमाई कर ज्यादा हिस्सा अनाज और इलाज में चला जाता था, लेकिन उनकी सरकार ने मुफ्त अनाज का प्रबंध किया है, साथ में इलाज भी फ्री है। उन्होंने कहा कि इस योजना से देशी गरीब परिवारों को सवा लाख करोड़ की बचत हुई है। उन्होंने कहा कि पीएम योजना के तहत गरीबों को 80 प्रतिशत कम मूल्य पर दवाई मिलती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार व्यापार करने वालों और कर दाताओं को भी फायदा देती है। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार ने 12 लाख तक की आय पर आयकर शून्य कर दिया है। उन्होंने कहा कि इससे देश के लोगों को करीब ढाई लाख रुपए की छूट मिली है। श्री मोदी ने चंपारण क्षेत्र में हो रहे विकास की भी चर्चा की और कहा कि मणिकापुर से दीघा तक सड़क का निर्माण हो रहा है और इसके पूरे होने के बाद पटना से बेतिया की दूरी सिर्फ डेढ़ घंटे की हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यहां के रेलवे स्टेशन को आधुनिक बनाया गया है और रक्सौल में एयरपोर्ट का निर्माण हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार किसानों के फायदे के लिए भी योजनाएं बना रही है और चंपारण के औद्योगिक विकास की भी योजनाएं बनी हैं। उन्होंने कहा कि दूसरी तरफ कांग्रेस के नेताओं को भ्रष्टाचार के अलावा और कुछ भी नहीं आता है। ऐसे लोग राजनीति में इसलिए आते हैं कि जनता को लूट सकें और अपना घर भर सके। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का सबसे बड़ा परिवार देश का सबसे भ्रष्ट परिवार है और बिहार का नामदार हजारों रुपए के घोटाले में जमानत पर है। उन्होंने कहा कि ऐसे भ्रष्टाचारी बिहार को सिर्फ बर्बादी के रास्ते पर ले जा सकते हैं। श्री मोदी ने कहा कि राज्य में जब सुशासन होता है तो उसका सबसे ज्यादा फायदा महिलाओं और बेटियों को होता है। उन्होंने कहा कि बिहार में पहले महिलाएं घर से नहीं निकलती थी, धुएं में खाना बनाती थी, शौचालय नहीं होने के चलते उनकी जिंदगी दूभर हो गई थी, लेकिन सुविधाएं बदलने से उनकी जिंदगी बदली है और सरकार ने उनके लिए रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए हैं। लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की जा रही है।बिहार की सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया जाता है। उन्होने कहा कि अभी तक बिहार की एक करोड़ 40 लाख बहनों के खाते में दस हजार रूपया भेजा जा चुके हैं और भविष्य में भी सहायता की राशि दी जाएगी। श्री मोदी ने आखिर में लोगों को उनके मोबाइल की बत्ती जलाने का अनुरोध किया और कहा कि यह रोशनी विकसित बिहार का प्रतीक है। उन्होंने जनता से अनुरोध किया कि 11 नवंबर को दूसरे चरण के मतदान में वोटिंग के सारे कीर्तिमान तोड़ दें और एनडीए की प्रचंड जीत में भागीदार बनें।

## संसद का शीतकालीन...

सिंदूर पर चर्चा कराने की मांग को लेकर विपक्ष के हंगामे के कारण दोनों सदनों का अधिकांश समय बेकार चला गया था।

## कुपवाड़ा में सेना ने घुसपैठ...

आधार पर कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया। सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधि देखी और उन्हें चुनौती दी, जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी जिससे मुठभेड़ शुरु हो गयी और आतंकवादियों को घेर लिया गया। एक महीने के भीतर कुपवाड़ा जिले में नाकाम की गई घुसपैठ की यह दूसरी कोशिश है। 14 अक्टूबर को जिले के माछिल सेक्टर में दो घुसपैठिए मारे गए थे।

## अमेरिका में ‘शटडाउन‘ ...

अड्डा सुरक्षा अधिकारियों को बिना वेतन के काम करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। श्री डफी ने हाल ही में बताया कि कुछ हवाई यातायात नियंत्रक सप्ताह में छह दिन और 10 घंटे काम कर रहे हैं। कर्मचारियों की बड़ी संख्या में अवकाश पर जाने से विमानन उद्योग में कर्मचारियों की भारी कमी हो गई है, कई क्षेत्रों में उड़ानों में देरी की समस्या बढ़ गई है तथा विमानन सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। ‘फ्लाइटअवेयर‘ के आंकड़ों से पता चलता है कि देश में हर दिन हज़ारों उड़ानें देरी से चल रही हैं। गुरुवार को अमेरिका में आने वाली या अमेरिका से जाने वाली 7,000 से ज़्यादा उड़ानों में देरी हुई थी।

## राम–कृष्ण के बाद अब...

सिट्टी-पिट्टी गुल हो गई थी। पाकिस्तान गिड़गिड़ा रहा था कि भारत तबाह कर देगा। आज का भारत किसी की धमकी नहीं सुनता। नालंदा विश्वविद्यालय, चाणक्य और आर्यभट्ट की धरती को राजद-कांग्रेस ने अंधकार में धकेल दिया। उन्होंने कहा कि एनडीए नौजवानों को नौकरी देने के साथ ही अपराधियों को जेल भेज सकता है और गरीब को सम्मान दे सकता है। अब बिहार का भी नौजवान मस्त और अपराधी पस्त होगा। उन्होने कहा कि यह वही धरती है जिसने माँ जानकी को शरण दी, जिसने मोहनदास करमचंद गांधी को महात्मा बनाया और जिसने भारत को स्वतंत्रता की दिशा दिखाई। सत्याग्रह की यह भूमि राष्ट्र रक्षा के लिए शस्त्र के आग्रह से भी कभी पीछे नहीं हटती। उन्होंने कहा कि यह धरती नालंदा की ज्ञानगंगा की धारा रही है, आचार्य चाणक्य, आर्यभट्ट, भगवान बुद्ध और भगवान महावीर जैसी विभूतियों की भूमि रही है। उन्होंने कहा कि फिर भी बिहार साक्षरता में पिछड़ गया, यह पाप कांग्रेस और आरजेडी की सरकारों का है। उन्होंने बिहार की मेधा और प्रतिभा का शोषण किया, अपने स्वार्थ के लिए बिहार को पिछड़ा बनाए रखा। योगी ने कहा कि पिछले 20 वर्षों में एनडीए की सरकार ने नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार को स्थिरता, सुरक्षा और सुशासन दिया। उन्होंने कहा कि आज बिहार में सड़कों का जाल है, रेल, एयरपोर्ट, इनलैंड वाटरवे और मेट्रो जैसी सुविधाएं हैं। अब यहां आईआईटी, एनआईटी, आईआईएम, एम्स और मेडिकल कॉलेजों की श्रृंखला खुल रही है। उन्होंने कहा कि निवेश वहीं आता है जहां सुरक्षा होती है। अगर अपराधी जीतेगा तो निवेश भाग जाएगा, सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी और नौजवान फिर पलायन करेगा। बिहार में अपराधी नहीं, विकास की सरकार चाहिए। उन्होने अपने तीखे अंदाज में कहा हमने उत्तर प्रदेश में बुलडोजर से माफियाओं की छाती रौंदी है। जब बुलडोजर चलता है तो माफिया की हड्डी और पसली एक हो जाती है। यूपी में अब अपराधी पस्त है और नौजवान मस्त है। उन्होंने कहा कि बिहार को भी अपराधियों से मुक्त रखकर सुशासन की राह पर आगे बढ़ाना है। योगी ने कहा कि कांग्रेस और आरजेडी ने भगवान राम के अस्तित्व पर ही प्रश्न उठाया था। समाजवादी पार्टी ने रामभक्तों पर गोली चलवाई। इन सब के बावजूद रामभक्तों ने कहा था, ‘रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे’ और आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में भव्य राममंदिर बनकर तैयार है। सीएम योगी ने बताया कि अयोध्या में अब महर्षि वाल्मीकि के नाम पर एयरपोर्ट, निषादराज के नाम पर यात्री विश्रामालय और माता शबरी रसोई स्थापित की गई है। वहीं, राम मंदिर परिसर में जटायु और गिलहरी की प्रतिमाएं भारत की कृतज्ञता का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि जब अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बना, तो सीतामढ़ी में माँ जानकी का मंदिर भी एनडीए सरकार बना रही है। अयोध्या से सीतामढ़ी को जोड़ने वाला राम जानकी मार्ग 6155 करोड़ रुपए से स्वीकृत हो चुका है और काम शुरू हो गया है। अब गोरखपुर से सिलीगुड़ी को जोड़ने वाला एक्सप्रेसवे भी मोतिहारी होते हुए जाएगा, जो आर्थिक कॉरिडोर का काम करेगा। योगी ने कहा कि आज भारत मजबूर नहीं, मजबूत है। जो भारत की सुरक्षा में सेंध लगाएगा, वह अब यमराज की टिकट लेकर जाएगा। मार्च 2026 तक नक्सलवाद और माओवाद की कमर तोड़ने का संकल्प लिया गया है और उनका जहन्नुम जाने का टिकट अब पक्का हो चुका है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों को सम्मान, सुरक्षा और अवसर दिए हैं। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, 50 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य बीमा, 12 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, 10 करोड़ परिवारों को उज्ज्वला योजना से रसोई गैस और 4 करोड़ गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय में गैस सिलेंडर के कनेक्शन लिए 50,000 रुपए देने पड़ते थे और लाइन में लाठी मिलती थी। पीएम मोदी ने गरीब मां-बहनों को रसोई गैस से सम्मान दिया है। महागठबंधन प्रत्याशी पर निशाना साधते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनके खिलाफ हत्या, लूट, डकैती, अपहरण जैसी सभी धाराओं में 28 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। अगर ऐसे अपराधी उत्तर प्रदेश में होते, तो जेल से बाहर नहीं निकल पाते। उन्होंने कहा कि अपराधियों और माफियाओं का कोई धर्म, जाति या बिरादरी नहीं होती। ये किसी के सगे नहीं होते। अपराध ही इनका पेशा है। समाज को ऐसे लोगों से बचना होगा। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि भाजपा और एनडीए प्रत्याशी प्रमोद कुमार को भारी बहुमत से जिताकर बिहार में सुशासन की सरकार बनाएं।

# बिहार विधानसभा चुनाव : पहले चरण में बंपर वोटिंग से राजग में उत्साह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार में गुरुवार को पहले चरण का मतदान संपन्न हो चुका है और अब दूसरे दौर के प्रचार के लिए सिर्फ दो दिन ही बचे हैं। हालांकि, पहले चरण के मतदान ने बिहार का राजनीतिक पारा चढ़ा दिया है। प्रदेश के 18 जिलों की 121 सीटों पर हुए मतदान में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

चुनाव आयोग की ओर से जारी मतदान के अंतिम आंकड़ों के अनुसार, पहले चरण में कुल 65.08 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। इस ऐतिहासिक मतदान ने सभी समीकरण बदल दिए हैं। पहले चरण के मतदान ने बिहार की राजनीति में सस्पेंस, रोमांच और नए समीकरणों का दौर शुरू भी कर दिया है। इस बार के चुनाव में सिर्फ उम्मीदवारों का भाग्य नहीं, बल्कि पिछले दो

## ■ महागठबंधन की उखड़ी सांसें

दशकों से मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाले नीतीश कुमार की साख, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता, तेजस्वी यादव का युवा कार्ड और प्रशांत किशोर की नई राजनीति पर जनता ने मुहर लगाई है। अब सवाल यही है कि इस पहली जंग में बढ़त किसके पाले में गई है? पहले चरण के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) खेमे में आत्मविश्वास झलक रहा है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेताओं का मानना है कि महिलाओं और अति-पिछड़ा वर्ग के बीच सरकार की योजनाओं का असर वोट में दिखा है। जदयू को उम्मीद है कि नीतीश कुमार की 'सात निश्चय' योजनाओं और



महिला सशक्तिकरण के नारे ने ग्रामीण सीटों पर उन्हें मजबूती दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता अब भी भाजपा समेत पूरे राजग के लिए मुख्य इंजन बनी हुई है। भाजपा ने पहले ही चरण में 'केंद्र-राज्य की डबल इंजन' अपील पर मतदाताओं को जोड़ने की कोशिश की थी। इस चुनाव में जंगलराज के मुद्दे का भी व्यापक असर देखने को? मिल रहा है। युवा मतदाता, जिन्होंने जंगलराज नहीं देखा, बस उसके किस्से और कहानियां ही सुनी हैं, वह भी खुलकर जंगलराज पर चर्चा कर रहे हैं और उन्होंने एक तरह से जंगलराज की जिम्मेदार दलों से दूरी बनाने का मन बना लिया लगता है। महागठबंधन के लिए पहले चरण में कोई उत्साहजनक रिपोर्ट सामने नहीं आई है। महागठबंधन के नेताओं के बदले सुर से इस बात का अहसास हो रहा है कि उनकी जमीन खिसक चुकी है। तेजस्वी यादव ने बेरोजगारी, शिक्षा और भ्रष्टाचार पर तीखे हमले किए, लेकिन राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के पारंपरिक यादवऽमुस्लिम समीकरण पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सेंधबाजी की चर्चा हो रही है। इस बीच कांग्रेस और वाम दलों ने कुछ इलाकों में मजबूत पकड़ दिखाई, मगर राज्यव्यापी रुझान अभी राजग की ओर झुकते नजर आ रहे हैं। सीमांचल और भोजपुर बेल्ट में राजद का प्रभाव कायम माना जा रहा है। जहां महागठबंधन अब दूसरे चरण में जोर लगाएगा।

# इंडिगो एयरलाइंस के नाम पर फर्जी नौकरी का झांसा, 9 गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की दक्षिण जिले की साइबर पुलिस ने फर्जी नौकरी दिलाने वाले एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश करते हुए नौ आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपितों में गिरोह का मास्टरमाइंड, एक टेलीकॉम कंपनी का कर्मचारी और सात महिला टेलीकॉलर शामिल हैं, जो इंडिगो एयरलाइंस के नाम पर बेरोजगार युवाओं को नौकरी का झांसा देकर ठग रहे थे। आरोपितों के कब्जे से 23 इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, 19 सिम कार्ड, 8 यूपीआई आईडी, बैंक खातों के क्यूआर कोड और एक वाई-फाई राउटर बरामद किया गया है।

दक्षिण जिले के पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने शनिवार को बताया कि साइबर थाने में अमरजीत यादव नामक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्होंने ओएलएक्स पर नौकरी खोजते समय इंडिगो एयरलाइंस के नाम से कॉल प्राप्त की। कॉल करने वालों ने इंटरव्यू और यूनिफॉर्म के नाम पर उनसे 11,000 की ठगी कर ली। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस उपायुक्त के अनुसार तकनीकी विश्लेषण से आरोपितों की लोकेशन सुभाष नगर, तिलक नगर क्षेत्र में मिली। पुलिस ने छापा मारकर मुख्य आरोपित विकास कुमार उर्फ विक्की (38) को गिरफ्तार किया। उसके पास से पांच मोबाइल फोन बरामद हुए। जिनका इस्तेमाल ठगी में किया गया था। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह अपने सहयोगी बलजीत सिंह (टेलीकॉम कंपनी का कर्मचारी) और अन्य साथियों के साथ गणेश नगर, तिलक नगर में एक फर्जी कॉल सेंटर चला रहा था। वहां सात महिला टेलीकॉलर काम करती थीं जिन्हें जॉब हाई और वर्क इंडिया जैसे ऑनलाइन पोर्टल्स के जरिए रखा गया था। उन्हें 15,000 प्रतिमाह नकद वेतन दिया जाता था। ये महिलाएं बेरोजगार युवाओं को कॉल कर इंडिगो एयरलाइंस, एयर इंडिया आदि कंपनियों के नाम पर नौकरी का झांसा देतीं और उनसे पैसे ऐंठतीं। पकड़े गए आरोपितों की पहचान विकास कुमार उर्फ विक्की, बलजीत सिंह, चरणजीत उर्फ चारू, शालिनी भारद्वाज, आरती कौर, पलवीन कौर, नंदिनी, पूजा गुप्ता और श्वेता उर्फ शिवानी सिंह के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि गिरोह के सदस्य ओएलएक्स व अन्य प्लेटफॉर्म पर फर्जी नौकरी विज्ञापन डालते थे। इच्छुक उम्मीदवार जब कॉल करते तो टेलीकॉलर खुद को एयरलाइन कंपनी का प्रतिनिधि बतातीं और उन्हें विभिन्न चरणों में पैसे देने के लिए प्रेरित करतीं थी। आरोपित गिरोह पहले 2,500 हजार सिक्योरिटी डिपॉजिट के रूप में लेता फिर 5,000 से 8,000 तक यूनिफॉर्म व जूते के खर्च के नाम पर लेते। अंत में 10,000 से 15,000 हजार तक सैलरी अकाउंट खोलने या जॉइनिंग फीस के नाम पर रुपये वसूलते। इन छोटी-छोटी रकमों के कारण अधिकांश पीड़ित शिकायत दर्ज नहीं कराते थे, जिसका लाभ उठाकर गिरोह एक वर्ष से अधिक समय तक सक्रिय रहा। जांच में पता चला कि बलजीत सिंह, जो एक टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर के विकासपुरी स्थित स्टोर में सेकंड इंचार्ज था, ग्राहकों के बायोमेट्रिक डेटा का दुरुपयोग कर फर्जी सिम कार्ड जारी करता था। वह असली ग्राहकों को यह कहकर गुमराह करता कि उनकी सिम वेरिफिकेशन पूरी नहीं हुई है और इस बहाने उनके बायोमैट्रिक का इस्तेमाल कर नई सिम जारी कर देता था। ये सिम बाद में ठगों को दे दी जाती थीं।

# संक्षिप्त समाचार

## ऑनलाइन छेड़छाड़ व साइबर उत्पीड़न के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम जिले की साइबर पुलिस ने महिलाओं की ऑनलाइन सुरक्षा को लेकर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है, जो अपनी पूर्व महिला कर्मचारी की फोटो लगाकर फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट से उसकी बदनामी कर रहा था। दक्षिण-पश्चिम जिले के पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने शनिवार को बताया कि आरोपित की पहचान मधुबनी बिहार निवासी मोहम्मद साहिद (37) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से अपराध में इस्तेमाल मोबाइल फोन बरामद किया है। गोयल ने बताया कि 23 सितंबर को साइबर थाना पुलिस को पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी तस्वीर का इस्तेमाल कर एक फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाया है। उस अकाउंट से अपमानजनक पोस्ट की जा रही थी और उसके दोस्तों व फॉलोअर्स को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी जा रही थी। इससे उसकी छवि खराब करने और मानसिक उत्पीड़न करने का प्रयास किया जा रहा था। पुलिस पीड़िता के बयान पर मुकदमा दर्ज किया। पुलिस उपायुक्त के अनुसार जांच टीम ने फर्जी अकाउंट के डिजिटल फुटप्रिंट का विश्लेषण किया और इंस्टाग्राम/मेटा प्लेटफॉर्म से तकनीकी जानकारी प्राप्त की। सर्विलांस में पता चला कि यह अकाउंट आईएमटी मानेसर (हरियाणा) क्षेत्र से संचालित किया जा रहा है। इसके बाद इंस्पेक्टर प्रवेश कौशिक की देखरेख में कई स्थानों पर छापेमारी की। लगातार तकनीकी निगरानी और प्रयासों के बाद पुलिस ने आरोपित मोहम्मद साहिद को मानेसर से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपित ने अपना अपराध स्वीकार किया। उसने बताया कि पीड़िता पहले उसके यहां काम करती थी और वेतन को लेकर उसका विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते उसने बदला लेने की नीयत से फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाया और उसमें महिला की पुरानी तस्वीर लगाकर अशोभनीय व आपत्तिजनक पोस्ट डालनी शुरू कीं। उसने स्वीकार किया कि उसका उद्देश्य महिला की सामाजिक छवि धूमिल करना था। पुलिस ने आरोपित के मोबाइल फोन को जब्त कर लिया है। जिसमें वह फर्जी अकाउंट अब भी सक्रिय पाया गया। जांच में पता चला है कि आरोपित मूलतः बिहार के मधुबनी जिले का निवासी है। वह इंटरमीडिएट तक शिक्षित है और हरियाणा के मानेसर में एक फैक्टरी में काम करता है। वहीं पर पीड़िता भी कुछ समय के लिए कार्यरत रही थी। आर्थिक विवाद के बाद आरोपित ने उसे मानसिक रूप से परेशान करने के लिए यह कदम उठाया। पुलिस अब उसके डिजिटल उपकरणों की जांच कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसने किसी अन्य महिला या व्यक्ति के खिलाफ भी इसी तरह की हरकत तो नहीं की।

## पंजाब की सरहदों पर गूंजा वंदे मातरम्, बीएसएफ ने दिया राष्ट्रभक्ति का अद्भुत संदेश

**जालंधर।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देश भर में हुए आयोजनों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के सभी सीमावर्ती क्षेत्रों में भरपूर जोश के साथ सामूहिक गान कार्यक्रम आयोजित किए। पंजाब फ्रंटियर के अंतर्गत आने वाले सभी मुख्यालयों एवं यूनिटों के साथ साथ सीमा चौकियों पर भी जवानों ने उत्साहपूर्वक वंदे मातरम् गाकर गर्व और राष्ट्रप्रेम का अभूतपूर्व संदेश दिया। फ्रंटियर मुख्यालय जालंधर में महानिरीक्षक डॉ. अतुल फुलझेले ने स्वयं इस महत्वपूर्ण आयोजन का नेतृत्व किया। बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर के जन संपर्क अधिकारी ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार शाम को विश्वप्रसिद्ध अटारी दर्शक दीर्घा में तथा जॉइंट चेक पोस्ट सादकी में एकत्रित हुए हजारों दर्शकों के साथ बीएसएफ जवानों ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम् गाकर जबरदस्त समां बांध दिया। राष्ट्रप्रेम के इस अद्भुत उत्सव ने प्रत्येक भारतीय के दिल में जोश, गर्व और देशभक्ति का अद्वितीय संचार किया।

## एनएसयूआई नेता आनंद और अन्य छात्रों को रिहा किए जाने की मांग

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने एनएसयूआई की बीएचयू इकाई के अध्यक्ष सुमन आनंद की गिरफ्तारी पर चिंता जताई है। उन्होंने सुमन और अन्य छात्रों को तत्काल रिहा किए जाने की मांग की है। चौधरी ने एक बयान में कहा कि सुमन आनंद को सोमवार दोपहर 2 बजे हॉस्टल कक्ष से हिरासत में लिया गया, जो वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्वाचन क्षेत्र में वोट चोरी के खिलाफ निर्धारित शांतिपूर्ण प्रदर्शन से कुछ घंटे पहले था। सुमन आनंद वाराणसी के लंका पुलिस स्टेशन में हैं। कैंपस से प्राप्त रिपोर्ट्स के अनुसार, पुलिस टीमें हॉस्टल और बीएचयू पुस्तकालय में तलाशी ले रही हैं ताकि प्रदर्शन की योजना बनाने वाले छात्रों की पहचान की जा सके। चौधरी ने कहा कि बीएचयू के अंदर शांतिपूर्ण प्रदर्शन की योजना बनाने वाले छात्रों की गिरफ्तारी लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति की रक्षा की आवश्यकता को रेखांकित करती है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी से जुड़ी चिंताओं को राष्ट्र के समक्ष रखा है, जिससे निर्वाचन पारदर्शिता पर चर्चा शुरू हुई।

## बिहपुर विधानसभा, भाजपा प्रत्याशी ईं शैलेंद्र का पलड़ा भारी

**भागलपुर।** जिले का बिहपुर विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी ने कुमार शैलेंद्र को एक बार फिर अपना उम्मीदवार बनाया है। साल 2020 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के कुमार शैलेंद्र ने आरजेडी के शैलेश कुमार को 6,129 वोटों से हराकर जीत हासिल की थी। शैलेश कुमार वर्तमान में राजद छोड़कर जदयू पार्टी में चले गए हैं। शैलेश कुमार अबकी बार भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मुस्तैदी से खड़े हैं, जबकि महागठबंधन की ओर से मुकेश सहनी की पार्टी वीआइपी ने जदयू से टिकट की आस लगाए बागी अर्पणा कुमारी को टिकट दिया है। इस बार राजद ने अपना उम्मीदवार बिहपुर से खड़ा नहीं किया है। जन सुराज पार्टी से पवन चौधरी चुनाव मैदान में हैं। बिहपुर सीट पर मुख्य मुकाबला भाजपा और वीआइपी के प्रत्याशियों के बीच है। भाजपा जहां सवर्ण, गंगोता और दलित वोटरों के भरोसे जीत का दम भर रही है। वहीं वीआइपी एम-वाई, मल्लाह और गंगोता वोटरों के भरोसे चुनाव जीतने की जुगत में हैं। वीआइपी उम्मीदवार को जदयू के सांसद अजय मंडल की ओर से भी मदद मिल रही है। वहीं जन सुराज के प्रत्याशी मुकाबले को रोचक बना रहे हैं। बिहपुर विधानसभा क्षेत्र से 10 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। कृष्ण कुमार मंडल बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार हैं। बिहपुर विधानसभा भागलपुर का सबसे छोटा विधानसभा क्षेत्र है और खगड़िया की सीमा से सटा है। गंगा और कोसी नदी के बीच में बसे इस विधानसभा में किसानों की संख्या अधिक है। केला, मक्का, लिची की खेती यहां पर्याप्त होती है। इस विधानसभा में भूमिहार वोटरों की संख्या अधिक है लेकिन यादव और मुस्लिम मतदाता भी निर्णायक भूमिका निभाते हैं।

# बिहार विधानसभा चुनाव : निर्णायक शक्ति बनकर उभरी आधी आबादी, गेम चेंजर बनेंगे 'सीक्रेट वोटर'

## ■ पहले चरण में मचाई हलचल, अब दूसरे चरण में तय करेंगी बिहार का भविष्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 में अब महिलाओं का वोट ही भविष्य तय करेगा। राज्य की आधी आबादी यानी महिलाएं पहली बार बड़े पैमाने पर चुनावी परिदृश्य में निर्णायक शक्ति बनकर उभरी हैं। राजनीतिक विश्लेषक इसे 'सीक्रेट वोटर' का नया दौर बता रहे हैं, जो सीधे चुनावी समीकरण बदल रहा है और राजनीतिक दलों की रणनीतियों पर बड़ा असर डाल रहा है। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में दिखी सक्रियता के बाद अब महिला मतदाता राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और महागठबंधन दोनों के लिए कुंजी बन गई हैं। चुनाव आयोग की जागरूकता और सरकार की योजनाओं से महिलाएं अब मतदान में पूरी तरह सजग और सक्रिय हैं। छोटे शहर और गांवों में मतदान के दौरान स्पष्ट देखा गया कि महिलाएं सिर्फ वोट नहीं डाल रहीं,बल्कि सरकार, विकास और रोजगार पर अपना संदेश भी भेज रही हैं। राजनीति के जानकारों का कहना है कि बिहार में महिला वोटर अब किसी पार्टी के प्रचार नारे या जातीय समीकरणों से नहीं, बल्कि विकास और स्थिर शासन के मुद्दे पर फैसला ले रही हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय नेतृत्व ने महिलाओं के लिए 10 हजार रुपये की राशि सीधे खातों में उपलब्ध कराई है, ताकि वे स्वरोजगार शुरू कर सकें। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने 'कर्पूरी ठाकुर किसान सम्मान निधि' के जरिए किसानों को साल में 9,000 (6000 हजार रुपये 'पीएम किसान सम्मान निधि' के और 3000 रुपये 'कर्पूरी ठाकुर किसान सम्मान निधि' के ) रुपये देने का ऐलान किया है। अभी तक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 6000 रुपये सलाना मिलते हैं। उज्जवला, आयुष्मान भारत, लाडली बहना, जनधन और पीएम आवास जैसी योजनाओं ने महिलाओं और ग्रामीण परिवारों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को मजबूत किया। इसका असर मतदान में साफ दिखा। महिलाएं अब सिर्फ वोट नहीं, बल्कि आवाज भी उठा रही हैं। राजनीतिक विश्लेषक चन्द्रमा तिवारी एवं लव कुमार मिश्र का मानना है कि बिहार में महिला मतदाता का उदय राजनीतिक दलों के लिए बड़ा झटका और चुनौती दोनों है। राजग और विपक्षी महागछबंधन, दोनों अब समझ चुके हैं कि यह आधी आबादी केवल वोट नहीं, बल्कि चुनाव की दिशा भी तय कर रही है। बिहार में अब महिलाओं का वोट भरोसा, विकास और स्वरोजगार पर तय होगा। यह चुनाव सिर्फ सत्ता की नहीं, बल्कि जनता और विकास के प्रति जागरूक महिला मतदाता की जीत का प्रतीक बन चुका है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि यह बदलाव 'सीक्रेट वोटर' के रूप में उभरने वाली महिलाओं के कारण आया है। 'सीक्रेट वोट' का मतलब सिर्फ गुप्त मतदान से नहीं है, बल्कि यह महिलाओं की निर्णय लेने की स्वतंत्रता और राजनीतिक समझदारी का प्रतीक बन गया है।

## मलकीत सिंह की नृशंस हत्या में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार चार पिस्तौल बरामद

अमृतसर। पंजाब में अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए, राजा सांसी, अमृतसर में इटली निवासी मलकीत सिंह की नृशंस हत्या में शामिल दो आरोपियों बिक्रमजीत सिंह उर्फ बिक्रम और करण को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी बिक्रमजीत सिंह आतंकवादी संगठन खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ) से जुड़ा है और उसका आपराधिक इतिहास रहा है, जिस पर विस्फोटक अधिनियम, हत्या के प्रयास और शस्त्र अधिनियम के तहत मामले दर्ज हैं। वह 2018 में राजा सांसी स्थित एक धार्मिक स्थल पर हुए ग्रेनेड हमले में भी शामिल था। डीजीपी यादव ने कहा कि प्रारंभिक जाँच से पता चलता है कि अपने विदेशी आकाओं के निर्देश पर बिक्रमजीत ने पंजाब में सनसनीखेज अपराधों को अंजाम देने के लिए सीमा पार से अवैध हथियार मँगवाए थे। बरामद किए गए हथियारों में चार पिस्तौल और एक रिवॉल्वर और कारतूस शामिल हैं।

# वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान: चंडीगढ़ कांग्रेस ने 50 हजार हस्ताक्षर हाईकमान को भेजे

चंडीगढ़। कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी 'वोट चोर, गद्दी छोड़' अभियान के तहत चंडीगढ़ कांग्रेस ने शुक्रवार को शहर के नागरिकों से एकत्र किये गये 50,000 हस्ताक्षरों को पार्टी हाईकमान को भेजा। यह पहल कांग्रेस के उस राष्ट्रीय अभियान का हिस्सा है, जिसके तहत देशभर से पांच करोड़ हस्ताक्षर एकत्र कर राष्ट्रपति को सौंपे जाने हैं। यह हस्ताक्षर अभियान भाजपा और केंद्र सरकार पर लोकतंत्र पर लगातार हमले, संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग और चुनावी प्रक्रिया में हेराफ़ेरी जैसे आरोपों के विरोध में शुरू किया गया है। चंडीगढ़ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। शहरभर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर हस्ताक्षर एकत्र किये, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि भाजपा शासन में लोकतांत्रिक मूल्यों और संस्थाओं के क्षरण को लेकर जनता में व्यापक असंतोष है। इस अवसर पर चंडीगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष एच एस लकी ने कहा कि भाजपा सरकार ने राजनीतिक लाभ के लिए चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा किये गये हालिया खुलासे के बाद चुनाव आयोग की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्न उठे हैं। श्री लकी ने कहा कि कांग्रेस देशभर में इस आंदोलन को जारी रखेगी, ताकि लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता का विश्वास बहाल किया जा सके। उन्होंने कहा, यह हस्ताक्षर अभियान जनता की आवाज़ को सशक्त बना रहा है। जब तक जवाबदेही और न्याय बहाल नहीं होता, कांग्रेस चैन से नहीं बैठेगी।

# रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास झुग्गियों में लगी आग पर काबू, राहत कार्य जारी: रेखा गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास जेजे क्लस्टर की झुग्गियों में शुक्रवार देर रात लगी आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया और प्रभावित क्षेत्र में राहत एवं पुनर्वास कार्य तेजी से जारी है।



मुख्यमंत्री शनिवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि प्रशासन ने तत्परता से सभी आवश्यक कदम उठाए और आग पर नियंत्रण के लिए अतिरिक्त टीमें लगाई गईं। प्रभावित लोगों के लिए भोजन-पेयजल की व्यवस्था की गई है। अस्थायी आश्रय स्थल स्थापित किए जा रहे हैं, जबकि स्थायी राहत केंद्र, रिठाला कम्युनिटी सेंटर में संचालित है। उन्होंने कहा कि 247 कैट्स एंबुलेंस और मेडिकल टीमें तैनात हैं। दिल्ली नगर निगम द्वारा मलबा हटाने का कार्य और राजस्व विभाग द्वारा प्रभावित परिवारों का सत्यापन कार्य जारी है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के रोहिणी इलाके में रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास झुग्गी बस्ती में शुक्रवार रात आग लग गई। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य झुलस गया। दमकल अधिकारी एसके दुआ ने बताया कि दमकल विभाग को रिठाला मेट्रो स्टेशन और दिल्ली जल बोर्ड के बीच स्थित झुग्गियों में आग लगने सूचना पर गाड़िया मौके पर भेजी गईं। कुल 29 दमकल गाड़ियां मौके पर हैं। दमकल कर्मियों के प्रयासों से आग पर तड़के तक काबू पा लिया गया। हादसे में राजेश (30) झुलस गया, जिसे सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, मुन्ना (30) का शव मिला है।

# राज्य आंदोलनकारियों को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित, हेलीकॉप्टर से की गई फूलों की बारिश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशभर के आंदोलनकारियों को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर हेलीकॉप्टर से फूलों की बारिश भी की गई। मुख्यमंत्री ने राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन बढ़ाने और राज्य के विश्राम गृहों में प्रवास करने पर छूट देने की भी घोषणा की। आज पुलिस लाइन में राज्य आंदोलकारी सम्मान समारोह आयोजित किया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों से आंदोलनकारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की शुरूआत वंदे मातरम गीत से हुई। कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री ने आंदोलनकारियों के पास पहुंचकर कई लोगों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन में एक



हजार रुपये की बढ़ोतरी करने की घोषणा की। इसके तहत जो व्यक्ति आंदोलन के दौरान सात उससे या उससे अधिक दिन के साथ ही अस्पतालों में भर्ती रहे थे, उन्हें अब 6 हजार की जगह 7 हजार रुपये पेंशन दी जाएगी। अन्य आंदोलनकारी जिनकी पेंशन पूर्व में 4 हजार 5 सौ रुपये थी, उन्हें अब 5 हजार 5 सौ रुपये पेंशन दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने राज्य के विश्राम गृहों में इनके प्रवास करने पर छूट देने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री की इन घोषणाओं पर पूरा पुलिस लाइन का मैदान जय उत्तराखंड के नारों से गूंज उठा। इसी बीच हेलीकाप्टर से राज्यआंदोलनकारियों के ऊपर फूलों की बारिश भी की गई। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने राज्य निर्माण के लिए बलिदान देने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी राज्य आंदोलनकारी स्मारकों का नवीनीकरण व सौंदर्यीकरण किया जाएगा। राज्य आंदोलनकारियों के संघर्ष का ही परिणाम है। इस अवसर पर धर्मपुर विधायक विनोद चमोली ने कहा कि उत्तराखंड राज्य बनने 25 साल हो गए हैं और इन 25 सालों में हमने बहुत कुछ हासिल किया है। उन्होंने मांग की कि उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों को राज्य सेनानी का दर्ज़ा दिया जाए और उनकी सुविधाओं में भी बढ़ोतरी की जाए। विनोद चमोली शहीदों को याद कर रोने लगे और बोले की 43 लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय   कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान   स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे।   फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 **e-mail** : info@kanwhizztimes.com   RNI NO - UPHIN/2012/42063